सूर्योदय 5:26 सूर्यास्त 7:10

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 28 अधि |
| धर्मशाला | 18 न्यू | 33 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81330 |
| निफ्टी | 24666 |
| सोना 93,859 | चांदी 96400 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर बल : शिक्षा मंत्री

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 15 मई 2025 | 2 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 136, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पाक ने 20 दिन बाद छोड़ा बीएसएफ जवान



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारत के बीएसएफ के जवान पूर्णम कुमार शॉ को छोड़ दिया है। कांस्टेबल पूर्णम बुधवार सुबह 10:30 बजे अटारी-वाघा बॉर्डर से भारत लौट आए हैं। डीजीएमओ लेवल पर बातचीत के बाद उन्हें 20 दिनों के बाद छोड़ा गया है। उन्हें मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया है। पूछताछ के बाद उन्हें घर जाने दिया जाएगा। पूर्णम शॉ 23 अप्रैल को फिरोजपुर सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान गलती से पाकिस्तान चले गए थे। इसके बाद उन्हें पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था। (अनंत ज्ञान)

### शोपियां में हथियारों का जखीरा बरामद



**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के केलर के शुकरू वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। 13 मई को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के केलर के शुकरू वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई की थी। सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन आतंकवादी मारे गए थे। ऑपरेशन में बुधवार को भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। इसमें एके 47 राइफलें, मैगजीन, ग्रेनेड और अन्य सामान शामिल है। (अनंत ज्ञान)

### ग्रीस के क्रीट द्वीप पर लगे भूकंप के झटके




**क्रीट।** ग्रीस के क्रीट द्वीप पर बुधवार सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इसके झटके मिस्र से लेकर इसराइल तक महसूस हुए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.3 तीव्रता मापी गई। भूकंप इतना जोरदार था कि लोग सहम उठे। घरों से निकलकर भागने लगे। अभी तक भूकंप से किसी बड़े नुकसान या किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। स्थानीय प्रशासन और बचाव दल हालात पर नजर बनाए हुए हैं। साथ ही, लोगों से सावधानी बरतने की अपील कर रहे हैं। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 1:51 बजे आया। भूकंप के झटके मिस्र के काहिरा के साथ-साथ इसराइल, लेबनान, तुर्की और जॉर्डन में भी महसूस किए गए। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- साई गांव में शीघ्र बनकर तैयार होगा मोक्षधाम — पेज 2
- सकोह डिस्पेंसरी शिफ्ट, लोगों में आक्रोश — -पेज 4
- नशा निवारण अभियान सिर्फ दिखावा जमीनी स्तर पर हो प्रयास — -पेज 6
- अंब कॉलेज का पांच स्कूलों के साथ एमओयू — -पेज 10
- ओल्ड बस स्टैंड में पार्किंग निर्माण की उम्मीद जगी — -पेज 12

# छत्तीसगढ़ में बड़ा ऑपरेशन करेंगुट्टा में 31 नक्सली ढेर

## गृह मंत्री अमित शाह बोले- भारत का नक्सल मुक्त होना तय

**एजेंसी, बीजापुर ( छत्तीसगढ़ )**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। करेंगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र में चलाए गए संयुक्त अभियान में सुरक्षा बलों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया है। इसके साथ ही भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं।

सीआरपीएफ के डीजी ने जानकारी दी कि नक्सल विरोधी अभियान की शुरुआत 2014 में हुई थी, लेकिन 2019 के बाद से इस अभियान ने अधिक गति पकड़ी है। जवानों के लिए देशभर में संयुक्त प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है, जिससे उनकी रणनीतिक और सामरिक क्षमताओं में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि जहां 2014 में 35 जिले नक्सली गतिविधियों के केंद्र हुआ करते थे, वहीं



फाइल फोटो

2025 तक यह संख्या घटकर मात्र 6 जिलों तक सीमित रह गई है। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों के समन्वित प्रयासों के चलते नक्सली हिंसा में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है।

इस ऑपरेशन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नक्सल मुक्त भारत के संकल्प में एक ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के खिलाफ अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के करेंगुट्टा पहाड़ (केजीएच) पर 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया। (अनंत ज्ञान)

### जहां लाल आतंक का था राज वहां लहरा रहा तिरंगा



**गृह** मंत्री ने कहा कि जिस पहाड़ पर कभी लाल आतंक का राज था, वहां आज शान से तिरंगा लहरा रहा है। करेंगुट्टा पहाड़ पीएलजीए बटालियन-1, डीकेएसजेडसी, टीएससी और सीआरसी जैसी बड़ी नक्सल संस्थाओं का यूनिफाइड हेडक्वार्टर था, जहां नक्सल ट्रेनिंग के साथ-साथ रणनीति और हथियार भी बनाए जाते थे। उन्होंने बताया कि नक्सल विरोधी इस सबसे बड़े अभियान को हमारे सुरक्षा बलों ने मात्र 21 दिनों में पूरा किया और मुझे अत्यंत हर्ष है कि इस ऑपरेशन में सुरक्षा बलों में एक भी जानहानि नहीं हुई। खराब मौसम और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में भी अपनी बहादुरी और शौर्य से नक्सलियों का सामना करने वाले हमारे सीआरपीएफ, एसटीएफ और डीआरजी के जवानों को बधाई देता हूं। पूरे देश को आप पर गर्व है।

# बद्दी में उद्योग में लगी आग करोड़ों रुपए का नुकसान

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के काठा स्थित एलायंस बॉयोटेक उद्योग में बुधवार को अचानक आग लग गई। जब आग लगी, उस समय उद्योग में 100 से अधिक स्टाफ और कामगार मौजूद थे, जो तुरंत भाग निकले। उद्योग में लगी आग ने कुछ ही समय में भयंकर रूप धारण कर लिया। वहीं, सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद नालागढ़ समेत कुछ उद्योगों से भी गाड़ियों को बुलाया, लेकिन उद्योग के चारों ओर से बंद होने के कारण आग पर काबू पाने में उन्हें भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। आग इतनी तेजी से फैली कि वेयरहाउस में रखा तैयार और कच्चा माल पूरी तरह जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार इस उद्योग में इंजेक्शन व कैप्सूल का निर्माण होता था। उद्योग की आग से वेयरहाउस को भारी नुकसान पहुंचा है। बुधवार देर शाम तक आग पर काबू पाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है, लेकिन गत्ते और अन्य ज्वलनशील सामग्री के कारण हल्की हवा से भी आग फिर भड़क रही है। देर शाम तक भी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका था।

### उद्योग का 25 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र राख



**कंपनी** प्रबंधन के अनुसार उद्योग को लगभग 15 से 16 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। कुल 60 हजार वर्ग मीटर में फैले उद्योग परिसर का लगभग 25 हजार वर्ग मीटर हिस्सा आग की चपेट में आकर नष्ट हो गया है। वहीं, फायर विभाग के प्रभारी हेमराज ने कहा कि उनकी टीम को सुबह 11 बजे सूचना मिली थी और शाम छह बजे तक आग बुझाने का कार्य जारी था। नुकसान का आकलन किया जा रहा है और सुरक्षा नियमों की अनदेखी को लेकर जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## अमित एसपी ऊना, राकेश एसपी शिमला हेडक्वार्टर में

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल सरकार ने बुधवार को 3 आईपीएस एवं 2 एचपीएस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं। 2017 बैच के आईपीएस एवं एसपी ऊना राकेश सिंह को एसपी (लीव रिजर्व) पुलिस मुख्यालय शिमला ट्रांसफर किया है। इनके स्थान पर 2019 बैच के आईपीएस एवं कमांडेंट 5 IRBN बटालियन बस्सी अमित यादव को एसपी ऊना लगाया है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आदेश जारी कर दिए हैं। राजेश वर्मा को एसपी CWO पुलिस मुख्यालय एसपी कम्युनिकेशन एंड टेक्निकल सर्विस शिमला राजेश वर्मा को एसपी पुलिस मुख्यालय लगाया है। रश्मि शर्मा को डीएसपी लाहौल-स्पीति लगाया 2020 के एचपीएस एवं डीएसपी लाहौल-स्पीति राज कुमार को एसडीपीओ डाडासीबा कांगड़ा के लिए ट्रांसफर किया है। 2022 बैच की पोस्टिंग का इंतजार कर रही एचपीएस रश्मि शर्मा को डीएसपी लाहौल-स्पीति मुख्यालय लगाया है।



अमित यादव



राकेश सिंह

## राष्ट्रपति को दी ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बुधवार को सीडीएस और तीनों सेना प्रमुखों ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में राष्ट्रपति भवन जाकर जानकारी दी। सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने राष्ट्रपति को इस ऑपरेशन की पूरी जानकारी दी। ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में मौजूद आतंकी ठिकानों पर हमला था। इसका मकसद सीमा पार आतंकवाद को खत्म करना था। राष्ट्रपति ने भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी और तेजी से कार्रवाई की सराहना की। (अनंत ज्ञान)

### उत्तर प्रदेश के जेवर में बनेंगे सेमीकंडक्टर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के जेवर में भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई को मंजूरी दे दी है। भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक 5 सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी गई है और वहां तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

## वन विभाग का वाइल्ड लाइफ मुख्यालय धर्मशाला शिफ्ट

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल सरकार ने राजधानी शिमला से वन विभाग के वाइल्ड लाइफ विंग के मुख्य दफ्तर को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित कर दिया है। मंत्रिमंडल ने इस बाबत पहले ही अपने मंजूरी दे दी थी। बुधवार को इस संदर्भ में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। अभी यह प्रमुख दफ्तर शिमला स्थित टालैंड में चल रहा था। यह दफ्तर धर्मशाला के सीपीडी केएफडब्ल्यू परियोजना भवन में चलेगा। राज्य की सुक्खू सरकार ने शिमला में बढ़ते आबादी के बोझ और भवनों के अंधाधुंध निर्माण के बाद जो विपरीत परिस्थितियां देखी हैं, उन तमाम पहलुओं का हवाला देते हुए इस तरह के कदम उठाने शुरू किए हैं। इससे पहले पर्यटन निदेशालय का राज्य दफ्तर भी धर्मशाला शिफ्ट कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

**पर्यटन निदेशालय पहले हो चुका है स्थानांतरित**

### कुछ और दफ्तर भी होंगे धर्मशाला स्थानांतरित

**वर्तमान** सरकार द्वारा कुछ और दफ्तरों का ब्यौरा भी मांगा गया है। उन पर आवश्यक विचार-विमर्श के बाद ही फैसला लिया जाएगा। गौरतलब है कि धर्मशाला में पर्यटन की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। सीएम ने धर्मशाला को पर्यटन की राजधानी घोषित किया है। यहां पर पर्यटन को लेकर कई योजनाओं और परियोजनाओं पर काम हो रहा है।

## जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या 23 पहुंची

**चंडीगढ़।** अमृतसर जिले के मजीठा में जहरीली शराब पीने से मरने वाले लोगों की संख्या 23 हो गई है। बीती रात इलाज के दौरान दो और

अनंत ज्ञान फॉलोअप

लोगों ने दम तोड़ दिया है। आठ लोगों की अभी भी हालत गंभीर बनी हुई है। इनका अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों में भंगाली कलां, मराडी कलां, पातालपुरी, थ्रिएवाल, तलवंडी खुम्मन और करनाला के लोग शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार प्रभावित गांवों का दौरा करके लोगों की जांच कर रही हैं। किसी को भी उल्टी या चक्कर आने की सूरत में पास के अस्पताल में डिस्पेंसरी में भेजा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## जस्टिस बीआर गवई ने ली 52वें सीजेआई की शपथ

**एजेंसी, नई दिल्ली**



न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने बुधवार को भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) का पद संभाल लिया। उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ ग्रहण कराई। सीजेआई बीआर गवई ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और अन्य लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। जस्टिस गवई ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की जगह ली, जो बीते दिन ही सेवानिवृत्त हुए थे। इससे पहले बीते माह की 30 तारीख को कानून मंत्रालय ने जस्टिस गवई की भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जारी की थी। 16 अप्रैल को सीजेआई खन्ना ने केंद्र सरकार से उनके नाम की सिफारिश की थी। परंपरा के अनुसार, वर्तमान सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के रूप में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश की सिफारिश करते हैं।

जस्टिस गवई वरिष्ठता में सबसे आगे थे, जिसके चलते उनके नाम की सिफारिश की गई। कानून मंत्रालय ने सीजेआई जस्टिस खन्ना से उनके उत्तराधिकारी का नाम देने की अपील की थी। (अनंत ज्ञान)

## भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी रेल प्रोजेक्ट की 2.3 किमी. लंबी सुरंग बनकर तैयार

### अफकॉन और आरवीएनएल की तकनीकी दक्षता से पूरा हुआ चुनौतीपूर्ण काम

**शुभम राही, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश में निर्माणाधीन भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी रेल कॉरिडोर के अंतर्गत एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। इस परियोजना के तहत 2.312 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह सुरंग निर्माण एडिट-2 और सुरंग 11 पोर्टल 2 के मिलन से संपन्न हुआ, जिसका कार्य मेसर्स अफकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा रेल विकास निगम लिमिटेड के लिए किया गया।

जानकारी के अनुसार इस सुरंग का निर्माण कार्य दो चरणों में शुरू हुआ था, जिसमें 11Pw से 26 जून 2022 और एडिट-2 से 17 जनवरी 2023 शामिल है। निर्माण में अत्याधुनिक न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड का उपयोग किया गया, जो विशेष रूप से जटिल भूगर्भीय संरचनाओं में उपयोगी तकनीक मानी जाती है।

उधर, RVNL के परियोजना निदेशक अनमोल नागपाल ने कहा, 'यह उपलब्धि हमारी टीम की प्रतिबद्धता, मेहनत और तकनीकी कुशलता का प्रतिफल है। सभी ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी उत्कृष्ट कार्य किया है, जिसके लिए मैं आभार प्रकट करता हूं।'

वहीं, अफकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर के परियोजना प्रबंधक संदीप शर्मा ने कहा, 'यह सुरंग निर्माण हमारे लिए एक चुनौतीपूर्ण, लेकिन गर्व का कार्य रहा। हमने हर कदम पर गुणवत्ता और सुरक्षा का ध्यान रखते हुए काम किया। यह हमारी टीम की सामूहिक ताकत का प्रमाण है।' (अनंत ज्ञान)

## एक हफ्ते बाद कांगड़ा-भुंतर के लिए हवाई सेवाएं बहाल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा/ कुल्लू**

भारत-पाकिस्तान तनाव को लेकर कांगड़ा व कुल्लू के भुंतर हवाई पर करीब एक सप्ताह तक अस्थायी तौर से बंद रही हवाई सेवाएं बुधवार से बहाल हो गईं। बुधवार को दिल्ली से भुंतर और अमृतसर-भुंतर के बीच हवाई सेवाएं आरंभ हो गई हैं। बता दें कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के कारण सुरक्षा की दृष्टि से हवाई उड़ानों को बंद कर दिया था। करीब एक सप्ताह तक भुंतर हवाई को होने वाली सभी तरह की उड़ानें बंद हो गई थीं। इससे कुल्लू के पर्यटन कारोबार को बड़ा झटका लगा था। हाल यह है कि सीजफायर के बाद भी कुल्लू-मनाली का पर्यटन गति नहीं पकड़ पाया है। सबकी नजरें अब आने वीकेंड पर टिकी हैं। भुंतर एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक सिद्धार्थ कदम्ब ने कहा कि भुंतर के लिए हवाई उड़ानें शुरू हो गई हैं। बुधवार को दो उड़ानें हुई हैं।

वहीं, कांगड़ा के लिए 5 उड़ानें रद्द भी हुई हैं। इन उड़ानों में चार दिल्ली से आने-जाने वाली और एक चंडीगढ़ से जुड़ी उड़ान शामिल थी। एयरपोर्ट निदेशक धीरेंद्र सिंह का कहना है कि हवाई यातायात को धीरे-धीरे सामान्य किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटा जा सके।

## शिमला पुलिस ने नौ चिट्टा तस्करों को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला की स्मार्ट पुलिस ने बीते 24 घंटे में अलग-अलग जगहों से एक युवती और एक पंजाबी युवक समेत कुल 9 तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। बाकायदा उनसे कड़ी पूछताछ कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

जानकारी मिली है कि रामपुर सब डिवीजन की पुलिस टीम ने कुंडीधार गांव से चिट्टा तस्करों से 30.88 ग्राम चिट्टा और 50 हजार रुपए नकदी बरामद की है। यहां से पांच नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से मंडी जिले के पंडोह से अजय कुमार व रोहन, मंडी के बनोल से विजय कुमार, पंडोह से पीयूष और पंजाब के होशियारपुर का रोहित शामिल है। बताया गया है कि पुलिस ने चिट्टा की सुनियोजित ढंग से सप्लाई करने वाले एक अन्य गिरोह के 4 तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। इनसे 11.52 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पकड़े गए तस्करों में मंडी के रजत शर्मा, शिमला की स्मृति ठाकुर, जुब्बल के विनय चौहान और कसुम्पटी के अभिषेक वर्मा शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नशा तस्करों के खिलाफ अभियान जारी : एसपी

**शिमला** जिले के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने कहा कि नशे के खिलाफ जिला में पुलिस का अभियान जारी है, इसके तहत नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई अमल में ला रही है।

## मंत्री विजय शाह पर एफआईआर के निर्देश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान पर अब मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि मंत्री पहले ही मामले को लेकर माफी मांग चुके हैं। दरअसल, मोहन सरकार के मंत्री विजय शाह ने मानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दे डाला था। कार्यक्रम में मंत्री शाह ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा, जिन आतंकियों ने पहलगाम में लोगों को मारा, उनके कपड़े उतरवाए, उन आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा। बयान को लेकर जब राजनीति गरमा गई तो उन्होंने कहा कि हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ने वाले वालों को हमने उन्हीं की भाषा में जवाब दिया है। उनके भाषण को अलग संदर्भ में नहीं देखना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

**सख्ती** भारत विरोधी प्रोपेगैंडा और सेना के बारे में गलत खबरें फैलाने का आरोप

# तुर्किये-चीन के सरकारी चैनलों के 'एक्स' अकाउंट ब्लॉक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत सरकार ने बुधवार को तुर्किये के सरकारी चैनल 'वर्ल्ड' और चीन के सरकारी मीडिया 'ग्लोबल टाइम्स' और 'शिन्हुआ' के एक्स अकाउंट ब्लॉक कर दिए हैं। इन पर भारत विरोधी प्रोपेगैंडा चलाने और सेना के बारे में गलत खबरें फैलाने का आरोप है। वहीं, भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच भारतीय व्यापारियों में तुर्किये के रुख को लेकर नाराजगी है। दिल्ली, यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक व्यापारियों ने तुर्किये के सामान का विरोध किया है। इसकी वजह तुर्किये का पाकिस्तान को समर्थन देना है। भारत के व्यापारी तुर्किये से बड़ी मात्रा में सेब मंगाते हैं। भारतीय व्यापारियों ने तुर्किये से सेब के आयात से इनकार कर दिया है।




व्यापारियों का कहना है कि तुर्किये पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। अब हम तुर्किये के सेब नहीं बेचेंगे।

बता दें कि भारत तुर्किये से सालाना 1200 करोड़ रुपए का सामान आयात करता है। इसमें सेब की बड़ी मात्रा शामिल है। गाजियाबाद के एक व्यापारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि तुर्किये, पाकिस्तान को ड्रोन्स भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। इसी वजह से हमने फैसला लिया है कि तुर्किये के सेब नहीं बेचेंगे। (अनंत ज्ञान)

### तुर्किये और अजरबैजान के लिए टिकट बुकिंग में आई 60 प्रतिशत की कमी

**भारत** ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को खुला समर्थन देने वाले तुर्किये और अजरबैजान का हुक्का-पानी बंद करना शुरू कर दिया है। जिन भारतीयों ने इन देशों की यात्रा के लिए बुक किए थे, उन्होंने अपने टिकट रद्द करने शुरू कर दिए हैं। मेक माय ट्रिप के प्रवक्ता ने बताया कि बीते एक हफ्ते में भारतीय यात्रियों ने इन देशों के लिए काफी कम उत्साह दिखाया है। अजरबैजान और तुर्किये के लिए बुकिंग में 60 फीसदी की कमी आई है, जबकि इसी अवधि के दौरान टिकट के रद्द होने में 250 फीसदी उछाल आया है। प्रवक्ता ने कहा, अपने देश के साथ एकजुटता और अपने सशस्त्र बलों के प्रति गहरे सम्मान के कारण हम इस भावना का मजबूती से समर्थन करते हैं और सभी को अजरबैजान और तुर्किये की सभी गैर-जरूरी यात्रा न करने सलाह देते हैं। हमने अपने प्लेटफॉर्म पर इन दोनों गंतव्यों पर पर्यटकों को जाने के लिए प्रोत्साहित करने वाले सभी विज्ञापन और ऑफर पहले ही बंद कर दिए हैं।

### सेना ने ओडिशा में की 'भार्गवास्त्र' की टेस्टिंग



**भुवनेश्वर।** भारत ने माइक्रो रॉकेट 'भार्गवास्त्र' की ओडिशा के गोपालपुर में सफल टेस्टिंग की। यह टेस्टिंग 13 मई को की गई थी। वीडियो 14 मई को सामने आए हैं। भार्गवास्त्र एक एंटी ड्रोन सिस्टम है। भारतीय सेना के सीनियर अधिकारियों की मौजूदगी में तीन टेस्ट किए गए थे। इस दौरान चार रॉकेट दागे गए और सभी ने टारगेट को हिट किया।

## न्यूज ब्रीफ

### खोखाधारकों ने सीएम का जताया आभार



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर बस स्टैंड के खोखाधारकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिमला में मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री सुक्खू से भेंट करके उनका हार्दिक आभार प्रकट किया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि खोखाधारकों की दुकानों पर मनमाने तरीके से बुलडोजर चलाकर उनका रोजगार खत्म कर दिया गया था और उन्हें बेघर कर दिया गया था। रोजगार एवं न्याय की इस लड़ाई में खोखाधारकों की हर पुकार को अनसुना कर दिया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री ने इन गरीब परिवारों को बहुत बड़ा सहारा प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने खोखाधारकों के साथ न्याय किया है और इनकी रोजी-रोटी का पूरा ख्याल रखा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सुनील शर्मा बिट्टू ने बताया कि मुख्यमंत्री ने खोखाधारकों के पुनर्वास के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर एपीएमसी हमीरपुर के अध्यक्ष अजय शर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश आनंद, मनोज शर्मा, राकेश वर्मा, सुनील कुमार, हर्ष कालिया, धनेंद्र के प्रधान नीलम शर्मा, कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी और कई खोखाधारक भी उपस्थित थे।

### शांति के लिए बिल्वक्लेश्वर महादेव में किया महायज्ञ

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन की पंचायत फस्टे के प्रसिद्ध धार्मिक एवम प्राचीनतम स्थल बिल्व कलेश्वर मंदिर बटाहली में बिल्वक्लेश्वर महादेव सुधार सभा द्वारा विश्व शांति के लिए महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें सभा के सदस्यों के अतिरिक्त क्षेत्र वासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर सभा के प्रधान कृष्ण प्रसाद कौंडल की अध्यक्षता में सभा की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभा के सदस्यों ने आतंकियों के खिलाफ चलाए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर भारतीय सेना के जज्बे को सलाम किया एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी इसके लिए आभार प्रकट किया। इस दौरान सभा ने नेपाल से लाए गए रुद्राक्ष के पौधे का भी बैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ पौधरोपण भी किया। (अनंत ज्ञान)

### प्रो. लखनपाल की आत्मकथा का भव्य विमोचन




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन प्रो. आरसी लखनपाल की आत्मकथा काधूमधाम और गरिमामय वातावरण में विमोचन किया गया। इस खास अवसर पर शिक्षा, साहित्य और समाजसेवा से जुड़े कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। विमोचन समारोह में वक्ताओं डा. एचआर शर्मा और टीआर शर्मा ने प्रो. आरसी लखनपाल के जीवन संघर्षो, उनके शैक्षिक योगदान तथा सामाजिक सेवाओं को सराहा और कहा कि उनकी आत्मकथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी। साहित्यिक जगत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण उस समय साक्षी बना। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्तित्व, साहित्य प्रेमी, शिक्षाविद् उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों आयोजन किया गया, जिसने इस अवसर को और भी यादगार बना दिया। इस आत्मकथा में प्रो. आरसी लखनपाल ने अपने जीवन के अनुभवों, संघर्षों और उपलब्धियों को बेहद सहज और प्रेरक ढंग से साझा किया है, जो न सिर्फ शिक्षकों और छात्रों बल्कि हर पाठक के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। समारोह के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य नैना लखनपाल ने परस्थित गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद किया।

### प्राकृतिक खेती से तैयार गेहूं-हल्दी की खरीद आज से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्राकृतिक खेती से तैयार विभिन्न फसलों के लिए प्रदेश सरकार ने अलग से न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किए हैं, जिससे किसानों की आय में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। इसी क्रम में हमीरपुर जिले में भी 15 मई से गेहूं और हल्दी की खरीद शुरू की जा रही है। गेहूं की खरीद हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा कृषि विभाग की आतमा परियोजना के सहयोग से की जा रही है। आतमा परियोजना हमीरपुर के परियोजना निदेशक डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं का खरीद मूल्य 60 रुपए प्रति किलोग्राम और भाड़ा उपदान 2 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से निर्धारित किया है। किसान अधिकतम 20 क्विंटल तक उत्पाद बेच सकता है। इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित हल्दी का खरीद मूल्य 90 रुपए प्रति किलोग्राम निर्धारित किया है। डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने बताया कि इच्छुक किसान गेहूं को सही ढंग से सुखाकर और साफ करके 15 से 25 मई तक प्रतिदिन प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक पक्काभरो में स्थित हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम में बेच सकते हैं। उन्होंने जिला के किसानों से इस खरीद कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है।

### युवा स्वयंसेवक के रूप में करें पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** माय भारत, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की एक प्रमुख पहल के तहत देशभर के युवाओं को माय भारत नागरिक होने के लिए आमंत्रित कर रही है। जिला युवा अधिकारी दीपमाला ने बताया कि यह अभियान युवाओं को राष्ट्रीय हित के लिए सशक्त बनाने और अपातकालीन परिस्थितियों मे सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का उद्देश्य एक प्रशिक्षित उतरदायी एवं लचीला नागरिक स्वयंसेवी बल का निर्माण करना है, जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों तथा अन्य संकट के समय प्रशासन और समुदाय की सहायता कर सके। वर्तमान में देश में सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में समुदाय आधारित उतरदायि तंत्र की आवश्यकता और अधिक बढ़ गई है। नागरिक सुरक्षा स्वयसेवक बचाव एवं निकासी कार्य, प्राथमिक चिकित्सा, यातायात प्रबधन, भीड़, नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा और पुनर्वास प्रयासों में स्थानीय प्रशासन को सहयोग प्रदान करते हैं। माय भारत अपने मौजूदा स्वयंसेवकों एवं अन्य इच्छुक युवाओं से आग्रह करता है कि वे इस राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बनें और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण करें।

# चिट्टा तस्करों पर हो प्रभावी कारवाई

## पुलिस अधीक्षक ने नशा तस्करी, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिए निर्देश

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारी

जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा मासिक संयुक्त सलाहकार कल्याण समिति की बैठक का आयोजन ऑनलाइन वर्चुअल मोड में किया गया। इसके बाद मासिक अपराध बैठक पुलिस लाइन दोसड़का में पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मासिक अपराध बैठक में पुलिस अधीक्षक ने चिट्टे के तस्करों पर प्रभावी ढंग से कार्रवाई करने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि वार अरेंस्ट ड्रग के तहत नशे के तस्करों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने चिट्टे के सप्लायर से बैकवर्ड और फारवर्ड लिंक के आधार पर कार्रवाई कर मुख्य सप्लायरों को पकड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में चिट्टे के कई मामले पकड़े गए हैं, लेकिन जो पुलिस की पहुंच से दूर हैं उन्हें लोगों के सहयोग से पकड़ने का प्रयास करें, जिससे नशे के कारोबार पर रोक लगाई जा सके। बैठक में इसके अलावा सभी लंबित मामलों की वर्तमान जांच की स्थिति व प्रगति, नशा तस्करी, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, यातायात नियंत्रण तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा संयुक्त कल्याण समिति की बैठक में पुलिस कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न मांगों, सुझावों एवं समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श किया गया तथा प्राथमिकता के आधार पर उनका निपटारा किया गया।

इस दौरान पुलिस कर्मचारियों के कार्यस्थल पर हर सुविधा उपलब्ध करवाने, स्वास्थ्य की देखभाल अन्य सभी प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी थाना व चौकी प्रभारियों तथा पर्यवेक्षक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, उपमंडलीय पुलिस अधिकारी नादौन प्रताप सिंह ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक (मु.) हमीरपुर नितिन चैहान, उपपुलिस अधीक्षक हमीरपुर हरीश गुलेरिया तथा विधि अधिकारी पंकज दिवान जिला हमीरपुर भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## टैक्सी चालकों के लिए लगाया निशुल्क नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर

**सड़क** सुरक्षा जागरुकता अभियान के अंतर्गत पुलिस लाइन दोसड़का में बुधवार को टैक्सी चालकों के लिए निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक ने किया।

इस शिविर में विशेष रूप से कमर्शियल वाहन चालकों व टैक्सी चालकों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें 40 चालकों ने भाग लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर ने सभी चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा नियमित जांच करवाने का संदेश भी दिया। पुलिस अधीक्षक, ने बताया कि ऐसे शिविरों का आयोजन आगे भी समय-समय पर जारी रहेगा ताकि वाहन चालकों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समय रहते समाधान हो सके और सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।




सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत दोसड़का में शिविर आयोजित।

## ईएलसी व चुनावी पाठशालाओं में आयोजित हों जागरूकता गतिविधियां : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने शिक्षण संस्थानों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को उनके नाम मतदाता सूचियों में दर्ज करने एवं मतदाताओं की चुनावों में सक्रिय भागीदारी तथा लोकतंत्र की मजबूती हेतु जागरूक करने के लिए शिक्षण संस्थानों में गठित निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) तथा मतदान केंद्रों में चुनावी पाठशाला गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार इन गतिविधियों के आयोजन के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में माह के प्रथम शनिवार के दिन शिक्षण संस्थानों में कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के साथ ईएलसी गतिविधियां तथा माह के तृतीय शनिवार को सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों की सहायता से चुनावी पाठशालाएं आयोजित की जाएंगी।

इसके लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्तियां की गई हैं। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने शिक्षण संस्थानों में ईएलसी गतिविधियां तथा मतदान केंद्रों पर चुनावी पाठशालाओं से संबंधित गतिविधियां तुरंत आरंभ करवाएं।

### भोरंज के कई क्षेत्रों में आज बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज विद्युत उपमंडल के अधीन 11 के0 वी0 लुद्दर महादेव फीडर की मुरम्मत के चलते 15 मई को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिसमे लुदर, टिक्करी, लदेरा, लग मनवी, झंडवीं, टिक्करी मिन्हासा, खतरवाड़, बस्सी हाजमा, टोहलवीं में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए सहायक अभियन्त अनुराग ने बताया की 15 मई को मौसम खराब होने की संभावना होगी, तो 16 मई को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

## पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 सितंबर तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों लोगों से इस वर्ष भी सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि ये आवेदन वेब पोर्टल अवार्ड्स.जीओवी.इन पर 30 सितंबर तक किए जा सकते हैं। उपायुक्त ने जिला में आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यों को अंजाम देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों और अन्य पात्र लोगों से सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन की अपील की है।

## कला संकाय में प्रभात, विज्ञान संकाय में वैश्वी 12वीं के परीक्षा परिणाम में टॉपर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



सीबीएसई बोर्ड के सत्र 2024-25 में कक्षा बारहवीं तथा दसवीं की वार्षिक परीक्षा के परिणाम में नवोदय विद्यालय समिति चंडीगढ़ संभाग में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी का सराहनीय प्रदर्शन रहा। पूरे विद्यालय में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परिणाम को लेकर हर्ष का वातावरण है। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कला संकाय में प्रभात शर्मा ने 98.40 प्रतिशत के साथ प्रथम, प्रियांजल ठाकुर ने 97.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा मास्टर अजय 97 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विज्ञान संकाय में वैश्वी शर्मा 95.4 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, मास्टर अक्षित 95.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा मास्टर आदित्य कुमार 94.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कक्षा में 29 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत के ऊपर अंक प्राप्त किए। कक्षा दसवीं में श्रेया 96.40 प्रतिशत के साथ प्रथम, आस्था 94.80 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा अर्चित आनंद 94.40 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इस कक्षा में 19 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत के ऊपर अंक प्राप्त किए तथा 71 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

विद्यालय के प्राचार्य विक्रम चौधरी ने सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को उनके मार्गदर्शन तथा अभिभावकों को उनके सहयोग के लिए भी धन्यवाद किया।

## परीक्षाओं में सैनिक स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा के छात्रों ने सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और समर्पण का स्पष्ट प्रमाण है। सैनिक स्कूल प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं में कैडेट क्षितिज चौधरी ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा, कैडेट पराग ने 98 प्रतिशत और कैडेट वैभव कुमार सिंह तथा कैडेट अरमान ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस कक्षा में 38 कैडेट्स ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसी तरह, कक्षा 12वीं में भी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। कैडेट हिमांशु ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि कैडेट प्रणव शर्मा और कैडेट भार्गव सोनी ने 89 प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय की प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन रचना जोशी ने इन उत्कृष्ट परिणामों के लिए सभी छात्रों शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी।



रक्षा राज्य मंत्री से पुरस्कार प्राप्त करतीं प्रधानाचार्य।

उन्होंने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में भी सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परिणामों में सभी सैनिक स्कूलों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया था। इस उपलब्धि के लिए ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रिंसिपल मीट के अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया था। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्कूल के होनहार कैडेट्स भविष्य में भी राष्ट्रीय सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गौरवान्वित करेंगे।

## मोदी सरकार की विदेश नीति पूरी तरह हुई फेल साबित : डॉ. चंदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद हमारी वीर सेना ने जिस प्रकार साहस और संकल्प के साथ दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया, यह पूरे राष्ट्र के लिए गर्व का पल है।



सारा देश जब युद्ध जैसी स्थिति में सेना और सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर एकजुट खड़ा था, उसी समय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मोदी सरकार की कूटनीतिक नाकामी देश के सामने आई। प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व मीडिया चेयरमेन डॉ. चंदन राणा ने कहा कि दस वर्षों में 75 देशों की यात्रा और मजबूत अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मुकाम हासिल करने का दावा करने वाले प्रधानमंत्री मोदी की सब बातें फेल साबित हुईं। युद्ध जैसी स्थिति में भारत के साथ केवल कुछ देश ही साथ खड़े दिखे, जबकि जिन देशों की भारत ने मुश्किल के समय मदद भी की थी, वे भी दुश्मन देश पाकिस्तान के साथ खड़े हुए दिखे। 9 मई को आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान को 2.1 बिलियन डॉलर लोन दिए जाने पर अमरीका समेत आईएमएफ के भागीदार 191 देशों में कोई एक देश भी विरोध में भारत के साथ खड़ा नहीं हुआ।

## हिम अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करने वाले मेधावी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर के छात्रों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि अनुशासन, कड़ी मेहनत और श्रेष्ठ शिक्षण पद्धति के दम पर कोई भी मंजिल दूर नहीं। वर्ष 2025 की सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं और विद्यालय ने शत-प्रतिशत के साथ सफलता का परचम लहराया है।

इस वर्ष कुल 143 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया और सभी ने सफलता प्राप्त की। यह विद्यालय की शिक्षण गुणवत्ता और छात्रों की समर्पित मेहनत का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विद्यालय से अर्शिया डोगरा ने 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, आनंदित शर्मा ने 96.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान, अक्षर दीवान ने 96.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान, स्वास्तिका गुलेरिया ने 95.8 प्रतिशत अंक लेकर चौथे पायदान पर, तमय उप्रेती 95.6 प्रतिशत अंक लेकर पांचवें स्थान पर तथा साई कृति 95.2 प्रतिशत अंक लेकर छठे, अयान शर्मा और दक्ष शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक लेकर सातवें पायदान को हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।



10वीं की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया गया।

इन सभी मेधावी छात्रों को प्रार्थना सभा में विद्यालय की प्रधानाचार्य नैना लखनपाल ने सम्मानित किया। इन छात्रों ने न केवल अपने माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया है, बल्कि विद्यालय को भी गौरवान्वित किया है।

विद्यालय प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि ये परिणाम टीम वर्क, मेहनत और अनुशासन का सजीव उदाहरण हैं। विद्यालय में खुशी और गर्व का माहौल है। सभी शिक्षकगण एवं अभिभावक छात्रों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अत्यंत प्रसन्न हैं और विद्यालय प्रबंधन ने यह विश्वास जताया है कि आने वाले वर्षों में भी हिम अकादमी पब्लिक स्कूल इस प्रकार की श्रेष्ठता की मिसाल कायम करता रहेगा।

## सीनियर सिटीजन काउंसिल ने छात्रों को दी शैक्षणिक सामग्री



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल नादौन की राजकीय उच्च पाठशाला बूणी के प्राइमरी से दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले 62 छात्रों को सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर ने शैक्षणिक सामग्री वितरित की, साथ ही सभी छात्रों को फल भी वितरित किए गए। इस अवसर पर पाठशाला की मुख्याध्यापक पवना शर्मा ने सीनियर सिटीजन काउंसिल संस्था के पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान विजय कुमार पुरी ने बताया कि डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल अस्पताल में संस्था मरीजों और तीमारदारों को तीन समय का भोजन उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने बताया कि संस्था आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की आर्थिक मदद करती आ रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भी संस्था गरीब बच्चों को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करवा रही है ताकि पढ़ने वाले बच्चों को किसी प्रकार की कोई कमी न हो। उन्होंने बताया कि स्कूल के बच्चों को एक समय के भोजन के लिए 5100 रुपए की राशि मुख्याध्यापक पवना शर्मा को प्रदान की है। इस अवसर पर सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के प्रधान विजय कुमार पुरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओपी शर्मा, उपाध्यक्ष हेम राज शर्मा, सचिव कुलदीप कमल और वरिष्ठ सलाहकार भगवान दास शास्त्री व दीप कुमार उपस्थित रहे।

## साई गांव में शीघ्र बनकर तैयार होगा मोक्षधाम

**शशि सोनल, नादौन**

### मुख्यमंत्री ने जन सहयोग विकास योजना के तहत स्वीकृत किए 10 लाख

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हथोल पंचायत के साई गांव के लिए जन सहयोग विकास योजना के तहत 10 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व प्रधान कै. पृथ्वी चंद ने बताया कि इस राशि से गांव में मोक्षधाम का निर्माण किया जाएगा, जो कि एक बड़ी राहत होगी।

गांव में पहले मोक्षधाम नहीं था जिसके कारण लोगों को मान खड्ड के पास की मृतक का अंतिम संस्कार करना पड़ता था। बरसात के मौसम में कई बार गांव वासियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। गांव के शहीद अरविंद के अंतिम संस्कार के समय भी लोगों ने काफी असहजता महसूस की थी।

इस समस्या को देखते हुए स्थानीय निवासी रिटायर्ड कै. दलजीत ने एक कनाल और रिटायर्ड डीएसपी प्रलाद ने 10 मरले भूमि सरकार को दान करने का निर्णय लिया है, साथ ही उन्होंने अपनी ओर से राशि एकत्रित करके मोक्षधाम का निर्माण करने का निर्णय भी लिया। हालांकि एकत्रित राशि से बढ़िया मोक्षधाम बनाना संभव नहीं था इसलिए स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि उन्हें इस मोक्षधाम के लिए राशि स्वीकृत की जाए। मुख्यमंत्री ने हमीरपुर के डीसी को तुरंत निर्देश दिया कि इस मोक्षधाम के लिए राशि स्वीकृत की जाए। पूर्व प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद के अलावा गांव वासियों ने इस मोक्षधाम के लिए राशि स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया है। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस नेताओं को पता नहीं, मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भाजपा की जिला इकाई के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं पर प्रधानमंत्री के मामले को लेकर जोरदार पलटवार किया है। ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस के नेता जब समाचार पत्रों में बयान देते हैं तो ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें इतिहास का अल्प ज्ञान हो।



उन्होंने कहा कि जब भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया था, तब देश के प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए आतंकियों को चुन-चुनकर समाप्त करने का संकल्प लिया था। यह ऑपरेशन दर्शाता है कि भारत ने आतंकियों के ठिकानों को सटीक निशाना बनाते हुए, अनेक खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया देने की कोशिश की, तो भारतीय वायुसेना ने उनकी एयर डिफेंस प्रणाली को नेस्तनाबूद कर दिया। यहां तक की पाकिस्तान के परमाणु ठिकाने भी भारतीय टारगेट पर थे। यह सब सक्षम नेतृत्व और हमारी सेना को दी गई खुली छूट का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि इन हमलों के प्रभाव से पाकिस्तान महीनों तक असहज रहेगा। ठाकुर ने कहा कि अतीत में भारत सरकार ने जिन युद्धबंदियों को बिना शर्त रिहा किया और लाहौर तक विजय के बाद भी पाकिस्तान को क्षेत्र लौटा दिया, वह दूरदर्शिता की कमी का प्रतीक था।

## अनदेखी भरेड़ी बाजार का सार्वजनिक शौचालय बना बदहाली का प्रतीक

# शराब की बोतलों और गंदगी के लगे अंबार

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

कुछ वर्ष पूर्व लाखों रुपए की लागत से निर्मित भरेड़ी बाजार का सार्वजनिक शौचालय अब अपनी दुर्दशा के लिए चर्चा में है। जहां इसे आम लोगों की सुविधा के लिए बनाया गया था, वहीं आज यह गंदगी, दुर्गंध और लापरवाही का अड्डा बन चुका है। शौचालय की हालत इतनी खराब हो गई है कि वहां शराब की खाली बोतलों के अंबार लगे हुए हैं, दीवारें गंदगी से सनी हैं और फर्श पर कीचड़ जमा है।



शौचालय की दुर्दशा का चित्र।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस शौचालय का नियमित रूप से उपयोग करना तो दूर, उसके पास से गुजरना भी दूभर हो गया है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को खास तौर पर भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शौचालय की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप है और जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने आंखें मूंद रखी हैं। जनधन की बर्बादी और सुविधाओं की अनदेखी को लेकर नागरिकों में नाराजगी स्पष्ट नजर आती है। एक स्थानीय व्यापारी ने व्यंग्य करते हुए कहा कि शौचालय की सफाई इतनी शानदार है कि शीशे में उतारने लायक शराब की खाली बोतलें जमा हैं। शब्द भी इस व्यवस्था की तारीफ करने से शरमा जाएं, पर जिम्मेदारों को कोई शर्म नहीं है।

इस विषय पर भरेड़ी व्यापार मंडल के उपप्रधान दीप चंद ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आ गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले एक-दो दिन में शौचालय की साफ-सफाई और जरूरी मरम्मत कार्य कराया जाएगा। जहां एक ओर व्यापारी और आम नागरिक इस समस्या को लेकर मुखर हैं, वहीं जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है।

लोगों का कहना है कि चुनावों के दौरान जनप्रतिनिधि सुविधाएं दिलाने का वादा करते हैं, लेकिन बाद में ऐसे बुनियादी मुद्दों से मुंह मोड़ लेते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, निगरानी तंत्र सक्रिय किया जाए और असामाजिक गतिविधियों पर लगाम लगाई जाए।

## पंचायतीराज संस्थाओं के परिसीमन के लिए नियुक्त किए प्राधिकृत अधिकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

नगर निगम हमीरपुर और जिला की अन्य शहरी निकायों में कई ग्राम पंचायतों के विलय के बाद विभिन्न पंचायतीराज संस्थाओं की परिसीमन प्रक्रिया को पूर्ण करवाने के लिए संबंधित एसडीएम को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि पंचायत समिति क्षेत्र नादौन की परिसीमन प्रक्रिया के लिए नादौन के एसडीएम को प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया है।

इसी प्रकार पंचायत समिति क्षेत्र बिझड़ी के प्राधिकृत अधिकारी एसडीएम बड़सर, पंचायत समिति क्षेत्र भोरंज के प्राधिकृत अधिकारी एसडीएम भोरंज, पंचायत समिति क्षेत्र बमसन और हमीरपुर के प्राधिकृत अधिकारी एसडीएम हमीरपुर तथा पंचायत समिति क्षेत्र सुजानपुर के प्राधिकृत अधिकारी एसडीएम सुजानपुर होंगे। उपायुक्त ने बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का अंतिम प्रकाशन 31 मई किसर जाएगा। जिला परिषद के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिए पंचायत समिति क्षेत्र एक इकाई होगी और जिला परिषद के वार्ड पंचायत समिति की सीमाओं का अतिक्रमण नहीं करेंगे। हमीरपुर की पूर्ववर्ती नप को अब नगर निगम और नगर पंचायत नादौन को अब नगर परिषद का दर्जा दिया गया है तथा इनमें कई नए क्षेत्रों को शामिल किया गया है। उधर, भोरंज और बड़सर को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद इनमें कई पंचायतों को शामिल किया गया है। इसके मद्देनजर पंचायतीराज संस्थाओं का परिसीमन किया जाएगा।

## सोलन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की भेंट



प्रतिनिधिमंडल से मिलते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सोलन विधानसभा क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर उन्हें क्षेत्र की विभिन्न विकासात्मक मांगों से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, विधायक सुदर्शन बबलू, हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

# जरूरतमंदों को राहत व सहायता प्रदान करने के प्रयास रहेंगे जारी : मुख्यमंत्री

### हमीरपुर स्ट्रीट वेंडर्स यूनियन में बोले सुक्खू- अन्यायपूर्ण तरीके से किसी की नहीं जाएगी जीविका

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश के लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर उनका समावेशी विकास सुनिश्चित कर रही है। सरकार समाज के वंचित और हाशिए पर खड़े वर्गों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि अन्यायपूर्ण तरीके से किसी भी व्यक्ति की आजीविका नहीं जानी चाहिए तथा प्रदेश सरकार जरूरतमंद लोगों को राहत, सहायता और अवसर प्रदान करने का क्रम जारी रखेगी।

**हाशिए पर खड़े वर्गों को दी जाएगी हरसंभव सहायता**

मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक आवास 'ओक ओवर' में हमीरपुर स्ट्रीट वेंडर्स यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल से संवाद करते हुए यह बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने अपने लंबे समय से चले आ रहे मामलों के समाधान में सहयोग और हस्तक्षेप के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और बताया कि उनके खोखे पहले मनमाने ढंग से तोड़ दिए गए थे, जिससे वे आजीविका और आश्रय के स्रोत से वंचित हो गए। बार-बार आग्रह के बावजूद, उनके पक्ष में कोई कार्रवाई नहीं की गई। (अनंत ज्ञान)



हमीरपुर से आए प्रतिनिधिमंडल से मिलते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

#### आजीविका की समस्या का हुआ समाधान

**उन्होंने** कहा कि सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू ने इन परिवारों को न्याय और आजीविका के साधन उपलब्ध करवाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की। मुख्यमंत्री ने सहानुभूतिपूर्वक उनके पुनर्वास की दिशा में कार्य किया, जिससे उनकी आजीविका की समस्या का समाधान हुआ है।

#### कल्याणकारी योजनाओं का हर वर्ग को मिल रहा लाभ : सुनील शर्मा

**मुख्यमंत्री** के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के सतत प्रयासों के फलस्वरूप राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के वंचित वर्गों तक पहंच रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए जन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। इस अवसर पर एपीएमसी हमीरपुर के अध्यक्ष अजय शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश आनंद, मनोज शर्मा, राकेश वर्मा, सुनील कुमार, हर्ष कालिया, नीलम शर्मा और स्ट्रीट वेंडर्स यूनियन के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## एचपीटीयू की अब 17 मई को होगी प्रवेश परीक्षा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर का कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एचपीसीईटी-2025) अब 17 मई को होगा। तकनीकी विश्वविद्यालय ने प्रवेश परीक्षा की नई तिथि जारी की है। अब प्रदेश में प्रवेश परीक्षा के लिए 16 केंद्र स्थापित किए गए हैं।

चंडीगढ़ में प्रस्तावित परीक्षा केंद्र अब नालागढ़ में स्थापित करने का फैसला लिया है, जहां 376 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसके अलावा बिलासपुर में 889, चंबा में 200, गौतम कॉलेज हमीरपुर में 1900, तकनीकी विवि परिसर में 620, कुल्लू में 180, मंडी में 1341, डीएवी कांगड़ा में 1000, नगरोटा बगवां में 653, पालमपुर में 778, आरकेएमवी शिमला में 634, सिरमौर में 107, सोलन में 223, उना में 818 अभ्यर्थी सुबह के सत्र में परीक्षा देंगे। वहीं, सांय के सत्र के लिए चार स्थानों पर परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं, जिसमें डीएवी कांगड़ा में 260, मंडी में 62, सोलन में 56 और तकनीकी विवि परिसर हमीरपुर में 397 परीक्षा देंगे।

बता दें कि इस वर्ष 10517 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं, जिसमें स्नातक विषयों में 9782 और स्नातकोत्तर में 735 आवेदन हैं। बीटेक में 5387, बी फार्मेसी में 3408, एमसीए में 322 एमबीए में 346, बीएचएमसीटी में 38, बीएससी एचएम में 50, एमएससी फिजिक्स में 25, एमएससी पर्यावरण विज्ञान में 23 और एमबीए पर्यटन में 11 आवेदन हैं।

तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि एचपीसीईटी-2025 की परीक्षा के लिए प्रदेश में परीक्षा केंद्र स्थापित करने की तैयारियां पूरी कर ली है। अभ्यर्थियों को अब नए एडमिट कार्ड जारी किए हैं, जिसमें प्रवेश परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश भी अभ्यर्थियों को दिए गए हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर अपने एडमिट कार्ड को अपलोड कर सकते हैं। 17 मई को सुबह बीटेक डायरेक्ट एंट्री, बी फार्मेसी डायरेक्ट एंट्री व एमएससी भौतिक व पर्यावरण विज्ञान और सायं के सत्र में एमबीए, एमबीए पर्यटन, एमसीए, बीएससी एचएम एंड सीटी व बीएचएमसीटी की प्रवेश परीक्षा होगी।

#### नियमित सेमेस्टर की परीक्षा में बदलाव

**हिमाचल** प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय ने 17 मई को प्रस्तावित बीटेक, बी फार्मेसी सहित अन्य विषयों के नियमित सेमेस्टर व रि-अपीयर परीक्षा स्थगित की है। कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के चलते यह निर्णय लिया गया है। 17 मई को होने वाली परीक्षाओं की नई तिथि जल्द जारी की जाएगी।

### न्यूज ब्रीफ

#### चरस रखने के आरोपी को 2 वर्ष कैद व 20 हजार रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला एवं सत्र न्यायालय के एलडी सत्र न्यायाधीश हमीरपुर भुवनेश अवस्थी ने आरोपी राकेश कुमार उर्फ मोडा पुत्र देवराज, निवासी गांव जाहू खुर्द तहसील भोरंज को दोषी करार देते हुए धारा 20 एनडीपीएस अधिनियम के तहत अपराध के लिए 2 वर्ष का कठोर कारावास और 20,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई और जुर्माना अदा न करने पर एक माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई। मामले के अनुसार पुलिस ने 25 दिसंबर 2021 को कड़ोहता में आरोपी की जेन कार नंबर डीएल 3 सीएजेड-2607 से 139.737 ग्राम चरस बरामद की थी। मामले को साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष ने 15 गवाहों की जांच की। मुकदमे का संचालन जिला न्यायवादी हमीरपुर संदीप अग्निहोत्री द्वारा किया गया।

#### केंद्रीय विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के जैविक विज्ञान स्कूल व हिमालयन लाइफ साइंस सोसायटी द्वारा आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय सम्मेलन 'नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन नर्चरिंग यंग माइंड्स फॉर साइंटिफिक इनोवेशन' का वीरवार को शुभारंभ होने जा रहा है। इसका उद्घाटन हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतप्रकाश बंसल द्वारा किया जाएगा। साथ ही विशिष्ट अतिथि के तौर पर चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति प्रो. नवीन कुमार उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में विशिष्ट वक्ताओं को आमंत्रित किया गया है, जिनके विचार और अनुभव प्रतिभागियों के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक सिद्ध होंगे। इस सम्मेलन में भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों के वैज्ञानिक अपने विचार सांझा करेंगे। इस सम्मेलन में लगभग 140 प्रतिभागी पोस्टर एवं मौखिक माध्यम से भाग लेंगे।

## सुंदरनगर डकैती कांड के दो आरोपी मुजफ्फरनगर में दबोचे

**उमेश, सुंदरनगर**

पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी थाना क्षेत्र के नया बाजार में डकैती मामले में दो आरोपियों की शिनाख्त उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से हो गई है। जिला मंडी पुलिस की विशेष टीम आगामी कार्रवाई के लिए मुजफ्फरनगर के लिए भेज दी गई है। अभी आरोपी उत्तर प्रदेश पुलिस की हिरासत में हैं। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना सदर मंडी में मोटरसाइकिल चोरी और बीएसएल कॉलोनी थाना में डकैती का एफआईआर दर्ज किया गया है।

**यूपी का टॉप-10 हिस्ट्रीशीटर निकला एक आरोपी**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

आरोपियों की पहचान जावेद पुत्र खलील निवासी मुजफ्फरनगर और शाहिद उर्फ चट्टीफाटा निवासी मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के तौर पर हुई है। हैरानी की बात यह है कि उत्तर प्रदेश पुलिस के रिकार्ड के अनुसार आरोपी जावेद इनामी टॉप-10 हिस्ट्रीशीटर की सूची में शामिल है। पुलिस ने जावेद को एक बड़ी कार्रवाई के दौरान हुई मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पहले से ही कई एफआईआर दर्ज हैं और वांछित अपराधी है। पुलिस ने लूट में उपयोग में लाई गई चोरी की मोटरसाइकिल भी आरोपियों के कब्जे से बरामद कर ली है। वहीं, अब जिला मंडी पुलिस को भी आरोपियों को हिरासत में लिए जाने के बाद बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। जानकारी देते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस टीम मामले में उत्तर प्रदेश में मौजूद हैं और आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

#### क्या है मामला

**बीते** रविवार को नगर परिषद सुंदरनगर के नया बाजार में दिन-दिहाड़े गन प्वॉइंट और तेजधार हथियार की नोक पर घर में वृद्ध दंपती को बंधक बनाकर लाखों के गहने और कैश की लूट को अंजाम देने का मामला सामने आया था। इसमें आरोपियों द्वारा घटना में प्रयोग में लाई गई बाइक मंडी शहर से चोरी की गई थी। आरोपी उसी मोटरसाइकिल पर सवार होकर पंजाब की ओर फरार हो गए थे। इसके उपरांत पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी ने एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर अब आरोपियों की शिनाख्त उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से कर ली है।

## शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर बल : शिक्षा मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिक्षा निदेशालय, लालपानी में विभागीय अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान मंत्री ने शिक्षा विभाग के विविध पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की और विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की।

बैठक में शिक्षा मंत्री ने विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व परिणामोन्मुखी बनाने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर शिक्षा सचिव राकेश कंवर (भाप्रसे), निदेशक शिक्षा आशीष कोहली (हिप्रप्रसे), हिमाचल प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

## यूजीसी-नीट अभ्यर्थियों के लिए शुरू होगी मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग : दीक्षित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्टूडेंट्स फॉर होलीस्टिक डेवलपमेंट ऑफ ह्यूमिनिटी शोध फाउंडेशन यूजीसी, सीएसआईआर, नीट और जेआरएफ की परीक्षा तैयारी हेतु निशुल्क ऑनलाइन कोचिंग आरंभ कर रहा है। इस कोचिंग का उद्घाटन सत्र 15 मई बुधवार को शाम 6 बजे ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन सत्र के गेस्ट ऑफ ऑनर प्रो. देवदत्त शर्मा, पूर्व कुलपति, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी होंगे।



दीक्षित ने बताया कि हमारी यह ऑनलाइन कोचिंग गूगल मीट के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जिससे युवाओं को घर बैठे ही उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। इस कोचिंग में विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, साथ ही मॉक टेस्ट और नियमित अभ्यास सत्र भी शामिल होंगे। विद्यार्थियों को व्यक्तिगत ध्यान और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपनी कमजोरियों को दूर कर सकें।

इसके अलावा, समय-समय पर आमंत्रित व्याख्यान भी आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के प्रोफेसर्स अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करेंगे। सभी अनुशिक्षक अपने विशेष अच्छी कमांड रखते हैं, जिससे विद्यार्थियों को बहुत लाभ होगा।

अब तक कुल 342 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया है, जिसमें से 252 विद्यार्थी यूजीसी, यूनटी और जेआरएफ के लिए और 90 विद्यार्थी सीएसआईआर, नीट और जेआरएफ के लिए पंजीकृत हुए हैं। शोध फाउंडेशन की यह पहल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक सराहनीय प्रयास है, जिससे वे गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे।

#### शोधार्थियों को प्रदान की होगी उच्च गुणवत्ता की शिक्षा

**शोध** प्रदेश संयोजक सर्वेश दीक्षित ने कहा कि शोध हिमाचल प्रदेश समय-समय पर शोधार्थियों के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास के लिए विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां आयोजित करता रहता है। शोध का मुख्य उद्देश्य शोधार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना और उनकी प्रतिभा को निखारना है और यह एक महीने क्रैश कोर्स सभी अभ्यर्थियों को बहुत महत्वपूर्ण रहेगा।

## महर्षि वाल्मीकि संपूर्ण स्वच्छता पुरस्कार के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल सरकार ने महर्षि वाल्मीकि संपूर्ण स्वच्छता पुरस्कार के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस पहल का उद्देश्य ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों में व्यापक स्वच्छता और सफाई हासिल करने के लिए ग्राम पंचायतों को मान्यता देना और पुरस्कृत करना है। इसमें प्रभावी ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन और समग्र स्वच्छता बनाए रखना शामिल है।

विभाग ने बताया है कि स्वच्छ हिमाचल के लक्ष्य को प्राप्त करने प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए दिशा-निर्देशों को संशोधित किया गया है। जानकारी दी गई है कि पुरस्कार के लिए पात्रता मानदंडों में प्रभावी स्वच्छता कार्य, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, कुशल अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक भागीदारी और अभिनव प्रयास शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया एक स्कोरिंग पैटर्न पर आधारित होगी जो विभिन्न स्वच्छता मापदंडों को महत्व देती है। इसमें ओडीएफ स्थिति को बनाए रखने और ओडीएफ प्लस मॉडल गांव का दर्जा हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

विजेता ग्राम पंचायतों के लिए प्रोत्साहन राशि की घोषणा की गई है। खंड स्तर पर प्रत्येक खंड में एक पंचायत के लिए एक लाख रुपए, जिला स्तर पर यदि किसी जिले में 300 से अधिक ग्राम पंचायतें हैं तो दो ग्राम पंचायतें तीन-तीन लाख रुपए का पुरस्कार प्राप्त कर सकती हैं, संभाग स्तर पर प्रत्येक संभाग स्तर में एक पंचायत के लिए 5 लाख रुपए और राज्य स्तर पर एक पंचायत के लिए 10 लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे।

बताया गया है कि संपूर्ण और निष्पक्ष मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक, जिला, संभाग और राज्य स्तर पर मूल्यांकन समितियां स्थापित की जाएंगी। खंड स्तर पर आवेदन 30 जून, 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे और विजेताओं की घोषणा 20 अगस्त, 2025 को की जाएगी। जिला स्तर के पुरस्कारों की घोषणा 14 सितम्बर, उपमंडल स्तर के विजेताओं की घोषणाा 10 अक्तूबर और राज्य स्तरीय पुरस्कार की विजेता पंचायत की घोषणा 30 अक्तूबर को की जाएगी।

## लाहड़ में अवैध निर्माण पर टीसीपी ने दिए नोटिस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती राजस्व मुहाल लाहड़ में नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग के नियमों का उल्लंघन करते हुए निर्माण कार्य कर रहे एक व्यक्ति को नोटिस जारी किया है। टीसीपी के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर के नियोजन अधिकारी की ओर से व्यक्ति को अवैध निर्माण तुरंत बंद करने तथा 15 दिन के भीतर स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं। नियोजन अधिकारी ने इन नोटिस की अनुपालना न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

## कार से देसी शराब की 12 पेटियां बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस ने चैकिंग के दौरान स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से देसी शराब की 12 पेटियां बरामद कर मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस थाना सायरी की टीम द्वारा गश्त के दौरान एक स्विफ्ट डिजायर नं. एचपी-14 डी-1605 की चेकिंग करने की तो उससे देसी शराब की 12 पेटियां बरामद कीं। गाड़ी में बैठे व्यक्ति कोई भी परमिट व वैध कागजात पुलिस के समक्ष पेश न कर सके। जिस पर पुलिस मामला दर्ज कर गाड़ी को जब्त कर लिया। उक्त व्यक्तियों की पहचान जितेंद्र पुत्र कली राम निवासी बाहवां, जिला सोलन व रमेश ठाकुर पुत्र सोमदेव ठाकुर निवासी बाहरा, जिला सोलन के रूप में हुई है



## अहिल्याबाई होलकर की जीवनी से महिला सशक्तिकरण का संदेश देगी भाजपा : रावत




शिमला में कार्यक्रम में भाग लेते भाजपा के नेता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अहिल्याबाई होलकर जयंती की प्रदेश कार्यशाला का आयोजन प्रदेश भाजपा मुख्यालय दीपकमल चक्कर में किया गया। जिसमें भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा की महामंत्री दीप्ति रावत ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक त्रिलोक कपूर, महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्षा वंदना गुलेरिया ने विशेष रूप से भाग लिया।

इस अवसर पर रावत ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर को पूरे देश में रानी और देवी के रूप में पूजा जाता है। उन्होंने कहा कि होलकर मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी तथा इतिहास-प्रसिद्ध सूबेदार मल्हारराव होलकर के पुत्र खंडेराव की पत्नी थीं। उन्होंने माहेश्वर को राजधानी बनाकर शासन किया।

उन्होंने बताया कि होलकर राज्य की महेश्वर साड़ी आज भी पूरे देश में प्रसिद्ध है। अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत-भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मंदिर बनवाए, घाट बंधवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया, भूखों के लिए अन्नसत्र (अन्यक्षेत्र) खोले, प्यासों के लिए प्याऊ बिठलाईं आदि का मरते दम तक प्रयत्न करती रहीं।

उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर एक कुशल शासक और योद्धा थीं, जिन्होंने अपने राज्य होलकर की रक्षा करने के लिए युद्ध कौशल का इस्तेमाल किया। उन्हें सैन्य और प्रशासनिक कौशल में प्रशिक्षित किया गया था, और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से सेनाओं का नेतृत्व किया।

#### प्रदेशभर में होंगे कार्यक्रम

**उन्होंने** कहा कि पूरे देश और प्रदेश में भाजपा इस कार्यक्रम को लेकर अनेको कार्यक्रम का आयोजन करेगी और महिला सशक्तिकरण का कार्य करेगी और उन्हें जागरूक करने के लिए हर स्तर पर मजबूत कदम कदम उठाए जाएंगे।

## 90:10 के अनुपात से चलाई जा रही केंद्रीय योजनाओं को समय रहते करें पूरा: विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शहरी विकास विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में प्रधान सचिव शहरी विकास देवेश कुमार सहित शहरी विकास विभाग के अधिकारी तथा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न शहरी निकायों के आयुक्तों, कार्यकारी अधिकारियों एवं सचिवों ने भाग लिया।

इस अवसर पर विक्रमादित्य ने कहा कि प्रदेश में 90:10 के अनुपात में चलाई जा रही केंद्रीय और प्रदेश सरकार वितपोषित सभी योजनाओं को समयबद्ध क्रियान्वित करना सुनिश्चित बनाया जाए। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत प्रदेश में सुंदरनगर, सोलन, धर्मशाला व जुब्बल, जोगिंदरनगर तथा पालमपुर व सुजानपुर शहरी निकायों ने क्रमशः प्रदेशभर में पहले पांच स्थानों पर रहकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरी निकायों को भविष्य में प्रोत्साहन दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नागरिक सेवा पोर्टल के माध्यम से शुरू की गई नौ ऑनलाइन सेवाओं को 15 जून से सभी प्रकार की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से ही पूरी की जाएगी। इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएंगे।

वहीं, देवेश कुमार ने निर्देश दिए कि अगले 15 दिनों में एस्टेट शाखा को मजबूत किया जाएगा तथा संपत्ति मुद्रीकरण व अंडर परफार्मिंग परसंपत्तियों के लिए पदनाम बार जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी।



### तिरंगा यात्रा

### सिटीजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी ने शेर-ए-पंजाब और रिज तक निकाली तिरंगा यात्रा

## देश में टेरर और टॉक साथ नहीं चल सकते: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सिटीजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी द्वारा सीटीओ से शेर-ए-पंजाब और रिज तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस यात्रा में व्यापार मंडल, रोटरी क्लब, सिंह सभा और बड़ी संख्या में सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया। यात्रा में कार्यक्रम संयोजक बिहारी लाल शर्मा भी उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान सेना के मनोबल को बढ़ाने के लिए जोर शोर से नारे भी लगे। जनसैलाब के रूप में आयोजित यह यात्रा देशवासियों के भीतर देशभक्ति और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट संकल्प का प्रतीक बनी।

इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि आज का भारत बदल चुका है। यह नया भारत शांति चाहता है, पर आतंक के समूल विनाश के लिए किसी भी सीमा तक जाने को तत्पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने स्पष्ट कर दिया है कि अब भारत किसी प्रकार के न्यूक्लियर धमकी को बर्दाश्त नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि टेरर और टॉक साथ नहीं चल सकते। टेरर और ट्रेड का पाखंड अब नहीं चलेगा। जब-जब खून बहेगा, पानी का रास्ता बंद होगा। ऑपरेशन सिंदूर स्थगित है, पर समाप्त नहीं। पाकिस्तान से बात होगी तो अब सिर्फ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर ही होगी या आतंक के समूल नाश पर।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि यह न्याय और राष्ट्र सम्मान की अखंड प्रतिज्ञा है। जिसे भारत ने पूरे विश्व के सामने साकार किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान की सीमा में घुसकर जैश, लश्कर और हिजबुल जैसे वैश्विक आतंक के अड्डों को ध्वस्त किया है। तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं, यह राष्ट्र की आत्मा है और उस आत्मा का नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं।



शिमला में तिरंगा यात्रा में भाग लेते प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और अन्य नेता।

#### पाक वार का भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब : बिंदल

**इस** अवसर पर डॉ. राजीव बिंदल ने कहा दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिस्तान के ड्रोंस, मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के सशक्त एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया। बिंदल ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान दुनिया ने पाकिस्तान का वह घिनौना सच देखा है, जब मारे गए आतंकियों को विदाई देने पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद का यह बहुत बड़ा सबूत है।

# सकोह डिस्पेंसरी शिफ्ट, लोगों में आक्रोश

## आयुर्वेदिक विभाग कांगड़ा ने पुराने भवन को किया है असुरक्षित घोषित

**लोग जोनल अस्पताल धर्मशाला जाने के लिए मजबूर**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सकोह में 55 साल से चल रही आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी को मुख्य रिहायशी इलाके से उठाकर अब जटेहड़ शिफ्ट कर दिया है। सकोह में डिस्पेंसरी को पूरी तरह से बंद करके जटेहड़ के पंचायत भवन में ओपीडी चलाई गई, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। अब लोगों ने प्रदेश सरकार व सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से उचित कार्यवाही करने की मांग उठाई है। आयुर्वेदिक विभाग कांगड़ा की ओर से पुराने भवन को असुरक्षित बताया गया है। साथ ही स्थानीय लोगों की ओर से सकोह स्कूल के ठीक पास पंचायत भवन में नए विकल्पों पर मरीजों की पहुंच के तहत सहमति नहीं बन पाई है। ऐसे में अब लोगों में छोटी से छोटी बीमारी के लिए जोनल अस्पताल धर्मशाला जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जबकि जटेहड़ लोगों को बस से उतरने के बाद पैदल भी चलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। लोगों ने डीसी कांगड़ा व आयुर्वेदिक विभाग को सुझाव दिया है कि इस डिस्पेंसरी को राजकीय उच्च विद्यालय के साथ खाली पंचायत भवन या फिर डीएमसी के खाली भवन में शिफ्ट किया जाए, जो कि वार्ड आठ और नौ के मध्य स्थित है।

### लोगों ने प्रदेश सरकार से की उचित कदम उठाने की मांग

**जिला** मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते सकोह में पिछले पांच दशकों से चल रही डिस्पेंसरी को जटेहड़ शिफ्ट किए जाने का स्थानीय लोगों ने कड़ा विरोध किया है। नगर निगम धर्मशाला के वार्ड नंबर आठ सकोह के पार्षद व लोगों ने अब प्रदेश सरकार से इस विषय में उचित कदम उठाने की मांग रखी है। आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी को सकोह से निचले सकोह जटेहड़ में शिफ्ट किए जाने से लोगों की स्वास्थ्य सुविधाएं अधर में लटक गई हैं। वार्ड आठ के पार्षद अनुज कुमार सहित दर्जनों महिलाओं ने कहा कि निचले सकोह में इस डिस्पेंसरी को ऐसी जगह शिफ्ट किया जा रहा है, जहां इसका किसी को लाभ नहीं होगा।

### अस्थायी व्यवस्था निचले सकोह में की : डॉ. हरीश भारद्वाज

**आयुर्वेदिक** विभाग कांगड़ा के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि पुराने भवन को असुरक्षित घोषित किया गया है। बरसात के दिनों से पहले उक्त को अन्य स्थान में शिफ्ट करके अस्थायी व्यवस्था निचले सकोह में की गई है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों की ओर से सकोह स्कूल के पास दिखाए गए भवन में सीढ़ियां चढ़कर पहुंचने वाला कमरा है, जिसमें बुजुर्ग मरीजों को आने में दिक्कत होगी। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों को उपायुक्त के माध्यम से 10 मरले भूमि उपलब्ध करवाने की बात रखी गई है, जिससे विभाग की ओर से नए आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी भवन का निर्माण कार्य किया जाएगा।

## पेंशनर्स को महंगाई भत्ता का भुगतान न करना अन्याय : लखमीर

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।**

**हिमाचल** प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम नगरोटा सूरियां ईकाई की मासिक बैठक ई. लखमीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें पहलगाम में मारे गए पर्यटकों व आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शहीद हुए वीर सैनिकों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में विद्युत बोर्ड की दयनीय आर्थिक स्थिति पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि प्रबंधक वर्ग के अविवेकपूर्ण निर्णय के कारण आज बोर्ड पैसे-पैसे को तरस रहा है। पेंशनर्स को महंगाई भत्ते का समय पर भुगतान न करना आर्थिक अन्याय है, जबकि पेंशनर्स को 1-1-2016 के पे कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर देय एरियर का भी भुगतान नहीं हुआ है, जिस कारण पेंशनर्स में भारी रोष है। बैठक में रोष जताया कि बोर्ड प्रबंधक वर्ग की ओर से पेंशनर्स को देय वित्तीय भुगतानों में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है।

# ग्रीन फील्ड का डंका, सीबीएसई 10वीं-12वीं का रिजल्ट 100%

## 12वीं कक्षा के श्रीयांश शर्मा ने सूचना प्रौद्योगिकी में लिए 100/100 अंक

12वीं कक्षा के टॉपर



10वीं कक्षा के टॉपर



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**सीबीएसई** के 10वीं-12वीं के रिजल्ट में नगरोटा बगवां के प्रतिष्ठित ग्रीन फील्ड वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के छात्रों ने हर वर्ष की तरह इस बार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा है।

बारहवीं कक्षा में श्रीशा अवस्थी ने 93%, आस्था धीमान-92%, सिमरन 91%, सुर्यांश राणा 90%, रजत 90%, शिवांश चौधरी 89%, सुप्रिया 89%, श्रीयांश शर्मा 88%, एंजल 87.4%, आरुषि राणा 87%, सुयश-86%, आदर्श 86%, प्रियानी 86%, संस्कृति राणा 86% और प्रिया राणा ने 85% अंक हासिल किए। वहीं, बारहवीं कक्षा के श्रीयांश शर्मा ने सूचना प्रौद्योगिकी में 100/100 अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया है।

वहीं, दसवीं कक्षा में गुंजन चौधरी 95.4%, मन्नत खोसला 95%, लक्ष्य ठाकुर 94.4%, निहारिका 94%, शगुन-93.2%, वाणी शर्मा 93%, सागर भारद्वाज 92.6%, सरयू कौंडल 92. 6%, अनिका 91%, श्रेया धीमान 90.8%, स्पर्श 90.6%, आशिता 90%, अर्शिया 90%, रेहान शर्मा 89.2% और द्विज शांडिल्य ने 89% अंक हासिल किए हैं।

### प्रधानाचार्य ने की उज्ज्वल भविष्य की कामना

**विद्यार्थियों** के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की कठोर मेहनत और लगन से ही आज यह सफलता प्राप्त हुई।

# तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के होनहार छाए

## मयंक और आर्शिया ने 95.2% अंक लेकर झटका पहला स्थान



तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के सराहनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान, जवाली**

तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा का दसवीं और बारहवीं कक्षा का सीबीएसई परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत।

दसवीं कक्षा में 67 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें मयंक और आर्शिया ने 95.2 फीसदी अंक लेकर प्रथम, भीभूति धीमान ने 92.6 फीसदी अंक लेकर द्वितीय और अवनी शर्मा ने 91.8 फीसदी अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। छह बच्चों ने 90 फीसदी से ऊपर व 19 बच्चों ने 80 फीसदी से ऊपर अंक हासिल किए हैं। 39 बच्चों ने 70 फीसदी से ऊपर अंक हासिल किए। वहीं, 12वीं कक्षा के चौदह विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें आकृत ने 94 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है, प्रतिभा ने 92.2 फीसदी अंक हासिल कर दूसरा और संचिता ने 87.2 फीसदी अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। छह विद्यार्थियों ने 80 फीसदी से ऊपर अंक प्राप्त किए है और शेष विद्यार्थी 70 फीसदी से ऊपर अंक प्राप्त किए हैं। प्रधानाचार्य राकेश राणा व चेयरमैन वरिंद्र नरियाल ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

उन्होंने कहा कि इन सभी बच्चों की कड़ी मेहनत और लगन और पूर्ण निष्ठा का परिणाम है, जिससे इन बच्चों ने बारहवीं कक्षा में बहुत बढ़िया अंक प्राप्त किए हैं। बच्चों व अभिभावकों को बधाई दी है।

# नंदेहड़ के खेतों को जाइका बनवाएगा तीन किलोमीटर रोड : निशु मोंगरा

## कहा- मनूणी खड्ड के साथ जमीन बचाने को लगेगी सुरक्षा दीवार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



नंदेहड़ पंचायत में जाइका प्रोजेक्ट के कार्य का जायजा लेते कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन निशु मोंगरा।

एपीएमसी और हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन निशु मोंगरा ने कहा कि कांगड़ा विधानसभा हलके का समग्र विकास किया जा रहा है। यह बात निशु मोंगरा ने नंदेहड़ गांव में जाइका प्रोजेक्ट के कार्यों का निरीक्षण करने के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही।

आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम में निशु मोंगरा ने कहा कि नंदेहड़ गांव में मनूणी खड्ड के किनारे सैकड़ों कनाल जमीन है। इस जमीन के लिए अभी कोई रोड नहीं है। मोंगरा ने ग्रामीणों की मांग पर कहा कि कृषि उत्पादों के लिए नंदेहड़ के इस क्षेत्र को रोड निकाला जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि मनूणी खड्ड की बाढ़ में उनकी सैकड़ों कनाल उपजाऊ जमीन बह चुकी है। मोंगरा ने कहा कि मनूणी खड्ड किनारे जमीन को बचाने के लिए सुरक्षा दीवार लगाई जाएगी। वह खुद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से बात करेंगे। उन्होंने टवाड़ कूहल के काम का भी जायजा लिया।

**टवाड़ कूहल के काम का लिया जायजा**

यह कूहल जाइका प्रोजेक्ट के तहत बन रही है। उन्होंने कहा कि इस कूहल का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। जल्द ही इस कूहल का लोकापर्ण करवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू कांगड़ा विधानसभा हलके पर खास फोकस कर रहे हैं। सड़क, बिजली, पानी व खेती पर ज्यादा काम किया जा रहा है। मोंगरा ने कहा कि 16 मई को जसूर में कृषि विभाग के रेस्ट हाउस का लोकार्पण कृषि मंत्री चंद्र कुमार करेंगे।

# श्री साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन बढानी का रिजल्ट शानदार





**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

**श्री** साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन बढानी पठानकोट कैंपस बीएड के पहले सेमेस्टर का रिजल्ट शानदार रहा है। प्रिंसिपल डॉ. नवदीप सांवल बताया कि मनीषा अनामिका सैनी और साक्षी ठाकुर फर्स्ट, शाइनी ठाकुर ने दूसरा व अंजलि, ईशा सैनी और कोमल ने तीसरा स्थान हासिल किया। सभी स्टूडेंट्स ने 85 फीसदी अंक लेकर कॉलेज व माता-पिता का नाम रोशन किया है। ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और सीमडी कंवर तुषार पुंज ने स्टूडेंट्स और प्रिंसिपल तथा स्टाफ को बधाई दी और स्टूडेंट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। एमडी तुप्ता पुंज ने स्टूडेंट्स को बधाई दी है। इस अवसर पर डायरेक्टर रणजीत सिंह, प्रिंसिपल डॉ. नवदीप सांवल, डॉ. केवल कृष्ण, हेड ऑफ डिपार्टमेंट जसवंत कौर ने भी शुमकामनाएं दी हैं।

# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job Opportunity अनंत ज्ञान

### टेरिटोरियल आर्मी में भर्ती का मौका



टेरिटोरियम आर्मी ऑफिसर
- कुल 19 पद
- आवेदन करने की अंतिम तिथि: 10 जून, 2025
- आयु सीमा: न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 42 वर्ष निर्धारित

आवेदन करें : indianarmy.nic.in

### आंध्रप्रदेश हाईकोर्ट में भर्ती

स्टेनोग्राफर ग्रेड - 3, जूनियर असिस्टेंट, टाइपिस्ट, फील्ड असिस्टेंट, एग्जामिनर
- कुल 1620 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि : 2 जून, 2025 से अंतिम तिथि:

योग्यता: 7वीं, 10वीं, 12वीं पास


ग्रेजुएशन की डिग्री
कंप्यूटर नॉलेज
एज लिमिट :
न्यूनतम : 18 साल
अधिकतम : 42 साल
- वेबसाइट aphc.gov.in पर करें अप्लाई

### एसबीआई में बनें सर्किल ऑफिसर

सर्किल बेस्ड ऑफिसर
- पद
- अनारक्षित के 1066, एससी के 387, एसटी के 697, ओबीसी के 260, ईडब्ल्यूएस के 260 पद भरे जाएंगे।
- आवेदन की अंतिम तिथि: 29 मई, 2025

वेबसाइट sbi.co.in

### डीआरडीओ में भर्ती



150 पद

भर्तियां गैस टर्बाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान में भर जाएंगे पद

23 मई 2025 को होगी पहली शॉर्टलिस्ट लिस्ट जारी

वेबसाइट nats.education.gov.in

**रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र**

# अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलिए और आगे बढ़िए



**विक्रम वर्मा**
प्रवक्ता अंग्रेजी
चंबा, हिमाचल प्रदेश

***लक्ष्य जितना बड़ा होगा, प्रयास उतना ही अधिक और निरंतर करना होता है। कई बार यह देखा जाता है कि बहुत से युवा अपने करियर और लक्ष्य का निर्धारण तो कर लेते हैं, परंतु उसकी प्राप्ति के लिए अपनी पूरी क्षमता से निरंतर प्रयासरत नहीं रह पाते, वे अपने आप को बंधी बंधाई सीमा में ही सीमित कर लेते हैं और किसी भी प्रकार के जोखिम उठाने से बचने का प्रयास करते हैं। मनुष्य का स्वभाव होता है कि वह आराम और सुरक्षा की भावना में जीना पसंद करता है। इसी भावना के कारण वह एक निश्चित दायरे में, जिसे हम 'कंफर्ट जोन' कहते हैं, रहना पसंद करते हैं, जहां पर वे चैन और सुकून से रह सकें।***

**उदाहरण** के लिए एक समुद्री जहाज और वायुयान के लिए सबसे सुरक्षित स्थान सागर तट और हवाई अड्डा होता है, परंतु क्या इनके निर्माण का उद्देश्य इससे पूरा हो जाता है निस्संदेह नहीं, क्योंकि एक समुद्री जहाज का उद्देश्य समुद्र की लहरों में उतरना है और वायुयान का उद्देश्य आसमान की ऊंचाइयों को मापना है। कंफर्ट जोन एक ऐसी स्थिति है, जहां व्यक्ति को किसी प्रकार की चिंता, असफलता या चुनौती का सामना नहीं करना पड़ता, लेकिन इसी कारण वह न तो कुछ नया सीख पाता है, न ही जीवन में आगे बढ़ पाता है। वास्तविक विकास तभी संभव है, जब हम इस सीमित दायरे को छोड़कर अनजान राहों पर कदम बढ़ाएं, मानव की संपूर्ण क्षमता और प्रतिभा का प्रदर्शन तभी होता है, जब वह अपने जीवन में बंधी बंधाई सीमा से बाहर निकलकर अपने दायरे को विशाल और विस्तृत करता है। भले ही प्रारंभ में यह दुष्कर प्रतीत होगा, परंतु फिर हमारी मानसिक क्षमता और कार्यक्षमता तथा नजरिया विस्तृत दायरे को सहजता से स्वीकार कर लेता है। जब हम अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलते हैं, तो डर, असफलता और संघर्ष का सामना करना पड़ता है। लेकिन यही संघर्ष हमें मजबूत बनाते हैं। यही अनुभव हमारे व्यक्तित्व को निखारते हैं और हमें आत्मनिर्भर बनाते हैं। कंफर्ट जोन से बाहर निकलना शुरुआत में कठिन लग सकता है, लेकिन यही पहला कदम हमें हमारे लक्ष्य के करीब ले जाता है। हर असफलता एक सीख होती है, और हर सफलता एक प्रेरणा। जीवन में कुछ बड़ा हासिल करने के लिए जरूरी है कि हम अपने आरामदायक घेरे को तोड़ें और नए अनुभवों की ओर बढ़ें, क्योंकि वही लोग आगे बढ़ते हैं जो अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर अपने दायरे को विस्तृत बनाने का प्रयास करते हैं और जोखिम उठाने का साहस रखते हैं, सफलता निस्संदेह उनके कदम चूम लेती है।

# भारत में अनुसंधान के क्षेत्र में करियर



**सौरभ गुप्ता**
करियर काउंसलर

**यदि** आप जिज्ञासु स्वभाव के हैं, नई बातें सीखने में रुचि रखते हैं और समस्याओं का हल ढूंढने में आनंद आता है, तो अनुसंधान आपके लिए एक आदर्श करियर विकल्प हो सकता है। भारत सरकार और विभिन्न निजी संस्थान जैसे इसरो, डीआरडीओ, सीएसआईआर, एम्स, आईआईटी और एम्स अनुसंधान के क्षेत्र में अनेक अवसर प्रदान करते हैं। साथ ही, छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) और फेलोशिप के जरिए आर्थिक सहायता भी दी जाती है। अनुसंधान न केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम है, बल्कि देश की प्रगति में भी योगदान देता है। एक सफल शोधकर्ता समाज की समस्याओं का समाधान निकाल सकता है, नई तकनीकें विकसित कर सकता है, और विज्ञान की दुनिया में भारत का नाम रोशन कर सकता है। कक्षा 11 और 12 के छात्र अगर अभी से अपनी सोच को वैज्ञानिक और विश्लेषणात्मक दिशा में मोड़ें, तो वे भविष्य में एक सफल अनुसंधानकर्ता बन सकते हैं। मेहनत, धैर्य और जिज्ञासा ये तीन गुण अनुसंधान के मार्ग में आपके सबसे बड़े साथी होंगे। यदि आप कुछ अलग रचनात्मक और समाजोपयोगी करना चाहते हैं, तो अनुसंधान आपके लिए एक शानदार करियर विकल्प है।

**अनुसंधान (रिसर्च)**

**का अर्थ है किसी विषय को गहराई से समझना, नए तथ्यों की खोज करना और समाज के लिए उपयोगी समाधान ढूंढना। आज के समय में भारत विज्ञान, चिकित्सा, अंतरिक्ष, पर्यावरण, और सामाजिक विज्ञान जैसे क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है और इसमें अनुसंधानकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।**



# संस्कारों के साथ गुणात्मक शिक्षा बेहद जरूरी






**अनुज वशिष्ट**
निदेशक, वशिष्ट पब्लिक स्कूल (बहडाला) ऊना।

**वर्तमान** में अभिभावकों को सबसे अधिक चिंता अपने बच्चों की शिक्षा को लेकर रहती है। ऐसे में वे अपने बच्चे की प्रारंभिक शिक्षा ऐसे संस्थान में चाहते हैं, जहां शिक्षा संस्कार युक्त और गुणात्मक हो। ऐसी ही कड़ी में अगर ऊना जिले के स्कूलों की बात करें, तो वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना जो बहडाला में स्थित है, उसका नाम भी प्रमुखता से लिया जाएगा। गुरुकुल परंपरा और अत्याधुनिक तकनीक का मिश्रण यहां स्कूल की श्रेष्ठता को साबित करता है। लगातार सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में इस स्कूल के छात्रों का कोई सानी नहीं है। यह ठीक है कि सच्ची शिक्षा का असली उद्देश्य व्यक्ति को जीवन में उसके कार्य के लिए योग्य बनाना है। की छिपी हुई क्षमताओं को सामने लाना है। छिपी हुई क्षमताओं को सामने लाने के लिएए वशिष्ठ एजुकेशन सोसायटी ने वशिष्ठ स्कूल की शुरुआत की। स्कूल की नींव 2 सितंबर 2005 को लेफ्टिनेंट बिशन दास वशिष्ठ की अमर स्मृति में कौशल्या देवी वशिष्ठ के हाथों रखी गई थी। स्कूल की शुरुआत 16 अप्रैल, 2006 को हुई थी। हिमालय की तलहटी में 28 कनाल के शांत भूभाग में फैला यह स्कूल क्षेत्र के लोगों के लिए एक वरदान है। स्कूल शांतिपूर्ण और प्रदूषण मुक्त वातावरण प्रदान करता है। स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत आवश्यक है। यह स्कूल शिक्षा, खेल, सह पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों जैसे सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। पूरी टीम बहुत मेहनती और समर्पित है। यह टीम की कड़ी मेहनत का ही फल है कि स्कूल ने 12 राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं। वशिष्ठ पब्लिक स्कूल ऊना की स्थापना 2006 में हुई थी और इसका प्रबंधन प्राइवेट अनएडेड की ओर से किया जाता है। यह ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है। यह हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के ऊना ब्लॉक में स्थित है। स्कूल में 1 से 12वीं तक की कक्षाएं हैं। स्कूल सह शिक्षा है और इसमें एक संलग्न प्री-प्राइमरी सेक्शन है। स्कूल प्रकृति में लागू नहीं है और स्कूल भवन का उपयोग शिफ्ट स्कूल के रूप में नहीं कर रहा है। इस स्कूल में शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है। यह स्कूल सभी मौसम वाली सड़कों से पहुंचा जा सकता है। इस स्कूल में शैक्षणिक सत्र अप्रैल में शुरू होता है।

स्कूल के पास निजी भवन है। इसमें शिक्षण उद्देश्यों के लिए 16 कक्षाएं हैं। सभी कक्षाएं अच्छी स्थिति में हैं। इसमें गैर शिक्षण गतिविधियों के लिए 2 अन्य कमरे हैं। स्कूल में एक खेल का मैदान है। स्कूल में एक पुस्तकालय है और इसके पुस्तकालय में 5300 किताबें हैं। स्कूल को विकलांग बच्चों को कक्षाओं तक पहुंचने के लिए रैंप की आवश्यकता नहीं है। स्कूल में शिक्षण और सीखने के उद्देश्यों के लिए 17 कंप्यूटर हैं।

## ज्ञान की बात

- लेक प्रेस्पा, जो समाचारों में देखा गया था, किस महाद्वीप में स्थित है? **-यूरोप**
- रविंद्र नाथ टैगोर ने हिमाचल प्रदेश में कुछ महीने किस स्थान पर गुजारे थे? **-चंबा**
- डीआडीओ की ओर से विकसित VSHORADS किस प्रकार की मिसाइल है? **-मैन-पोर्टेबल एयर-डिफेंस सिस्टम**
- हिमाचल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन का नाम किस पूर्व प्रधानमंत्री ने रखा **-डॉ. मनमोहन सिंह**
- भारत में स्ट्रोक उपचार को बेहतर बनाने के लिए लांच की गई नई स्टेंट-रीट्रीवर तकनीक का नाम क्या है। **-GRASSROOT**
- SAMARTH उद्यम भारत 4.0 किस मंत्रालय की पहल है? **-भारी उद्योग मंत्रालय**

## न्यूज ब्रीफ

### डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां का रिजल्ट सराहनीय



**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में डीएवी नगरोटा सूरियां के दसवीं कक्षा के छात्रों ने 100 फीसदी परिणाम देकर स्कूल का नाम रोशन किया है। गुरप्रीत सिंह ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला, जान्वी भारद्वाज ने 89.6 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और गुंजन चौधरी ने 86.2 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। सभी बच्चे 70 प्रतिशत से ज्यादा अंक लेकर उत्तीर्ण हुए। बच्चों की इस कामयाबी पर प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल ने अध्यापकों व बच्चों को बधाई दी है।

### टांडा रेंज में फायरिंग का अभ्यास आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त स्थित धर्मशाला ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना की ओर से वीरवार को दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने कोहाला, कछियारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज में न जाएं तथा अपने पालतू पशुओं को भी न जाने दें, ताकि किसी भी प्रकार की जान माल की हानि से बचा जा सके।

### केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के जैविक विज्ञान स्कूल व हिमालयन लाइफ साइंस सोसाइटी की ओर से आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय सम्मेलन 'नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन नर्चरिंग यंग माइंड्स फॉर साइंटिफिक इनोवेशन' का वीरवार को शुभारंभ होगा। राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन सीयू के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति प्रो. नवीन कुमार उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में विशिष्ट वक्ताओं को आमंत्रित किया गया है, जिनके विचार और अनुभव प्रतिभागियों के लिए प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक सिद्ध होंगे।

### दाड़ी और धर्मशाला तक यातायात रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग उपमंडल धर्मशाला के सहायक अभियंता ने बताया कि दाड़ी से क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला तक सड़क पर तारकोल बिछाने के कार्य के चलते 15 मई को सड़क पर यातायात पूरी तरह से बंद रहेगा। उन्होंने सड़क उपयोगकर्ताओं से 15 मई को वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने का अनुरोध किया

### पालमपुर में जांचे 258 छात्राओं के दांत

**राकेश डोगरा, डरोह।** सूद सभा पालमपुर की ओर से कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पालमपुर में एक निःशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कटोच डेंटल क्लीनिक पालमपुर की ओर से लगाया गया। इसमें डॉ. लतिका कटोच और डॉ. एकता धीमान की टीम ने विद्यालय की लगभग 258 छात्राओं के दांतों की जांच की। उन्होंने बच्चों को सही से ब्रश करने की विधि, मुंह की स्वच्छता बनाए रखने के उपाय, और संतुलित आहार का महत्व आदि दंत स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कुछ बच्चों में दांतों से जुड़ी कोई समस्या पाई गई, उन्हें कटोच डेंटल क्लीनिक में निःशुल्क परामर्श और आगे के उपचार का किया जाएगा। सूद सभा पालमपुर के मुख्य संरक्षक अजीत बाघला ने बताया कि यह शिविर सूद सभा की प्रेरणा से आयोजित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### नौरा पंचायत में आज बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने एक बयान में कहा कि वीरवार को 11 केवी धीरा फीडर के अंतर्गत आने वाली एल टी लाइन के विस्तारीकरण के कार्य हेतु ग्राम पंचायत नौरा (धीरा) में सुबह 10:00 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### आईटीआई नगरोटा बगवां में साक्षात्कार 19 को

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नगरोटा बगवां स्थित सेरथाना में 19 को साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर विनोद धीमान ने बताया कि कंपनी अशोक लेलैंड संयुक्त अरब अमीरात के दुबई प्लांट के लिए युवाओं का साक्षात्कार लेगी। चयनित होने वाले उम्मीदवारों को कंपनी की ओर से स्थायी आधार पर नियुक्तियां प्रदान की जाएंगी। प्रधानाचार्य ने कहा कि कंपनी की ओर से स्थायी आधार पर नियुक्तियां देना युवाओं के लिए एक बहुत बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि साक्षात्कार में हिमाचल प्रदेश के साथ पूरे देश के युवा भाग ले सकते हैं। चयनित युवाओं को 22 हजार रुपए प्रति माह वेतन शुरुआत में दिया जाएगा।

### स्वास्तिक वशिष्ठ ने झटका तीसरा स्थान



**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** मॉडर्न संदीपनी स्कूल पठानकोट के छात्र स्वास्तिक वशिष्ठ ने सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा में 498/500 (99.6 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। स्वास्तिक वशिष्ठ खन्नी गांव, तहसील नूरपुर का निवासी है। स्वास्तिक ने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों, माता-पिता और दादा-दादी को दिया। स्वास्तिक के पिता हिमाचल पुलिस में सहायक उप निरीक्षक के पद पर तैनात हैं और पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में विधि प्रशिक्षक हैं और माता टांडा मेडिकल कॉलेज में सिस्टर इंचार्ज के पद पर कार्यरत हैं।

### आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्पर 20 को करेंगे प्रदर्शन

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर यूनियन संबंधित सीटू की जिला कमेटी कांगड़ा ने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर आने वाली 20 मई को संयुक्त ट्रेड यूनियन के राष्ट्रीय आह्वान पर जिला मुख्यालय धर्मशाला में केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी और कर्मचारी विरोधी नीतियों का सड़क पर उतरकर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। यूनियन की जिला प्रधान सुदेश ठाकुर और जिला सचिव लज्या ठाकुर ने कहा कि पिछले दो महीने से केंद्र सरकार से मिलने वाला मानदेय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और हेल्पर को नहीं मिल रहा है, जो की दुर्भाग्यपूर्ण है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और हेल्पर के साथ किए जा रहे इस व्यवहार के चलते यूनियन 20 मई को सीटू के बैनर तले इस प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। (अनंत ज्ञान)

# नूरपुर के चिनवां में बिजली की तारें टूटने से गेहूं फसल जली

## नींबू व आम का बागीचा भी चढ़ा आग की भेंट, ग्रामीणों ने पाया आग पर काबू

- एसडीएम ने कहा स्थिति का जायजा लेने के लिए भेजी टीमें
- नुकसान का आंकलन कर दी जाएगी राहत प्रदान

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**



विधानसभा नूरपुर की पंचायत चिनवां में बिजली की तारें टूटने से जली गेहूं की फसल।

**विधानसभा** नूरपुर की पंचायत चिनवां में बुधवार को बिजली की तारें टूटने से आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित दरेंद्र सिंह निवासी वार्ड-4 चिनवां निवासी ने बताया कि बिजली की तारें टूटकर नीचे गिरने से पक चुकी गेहूं की फसल में आग लग गई।

आग से लगभग चार कनाल भूमि में पककर तैयार हो चुकी गेहूं की फसल राख हो गई। इसके अलावा लगभग 6 कनाल भूमि पर लगाए गए फलदार पौधे नींबू, आम के अलावा खैर के पौधे भी आग की भेंट चढ़ गए हैं। आग से भारी नुकसान हुआ है और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है।

उन्होंने संबंधित विभाग तथा प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग करते हुए कहा कि उनकी फसल के साथ-साथ मेहनत से तैयार किया हुआ बागीचा भी आग में जल चुका है।

नूरपुर एसडीएम गुरसिमर सिंह ने बताया कि संबंधित विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जायजा लेने के लिए भेजा है, जो नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके बाद पीड़ित परिवार को राहत प्रदान कर दी जाएगी।

## जंगल में लगी आग पर पाया काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** फायर सीजन में इस बार अब तक मौसम मेहरबान रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस वर्ष धर्मशाला वन मंडल में फायर सीजन में छह से सात मामले ही जंगलों में आग के सामने आए हैं। विभाग का मानना है कि अधिकतर जंगलों के आग के मामले प्राकृतिक नहीं होते, बल्कि मानवीय चूक से घटित होते हैं। मंगलवार को कांगड़ा क्षेत्र में कई स्थानों छोटे-मोटे आग के मामले सामने आए हैं, जिसमें से एक जगह जंगल की आग को बुधवार दोपहर तक काबू किया गया। डीएफओ धर्मशाला दिनेश शर्मा ने बताया कि फायर सीजन से पहले हर वर्ग को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया था। प्राकृतिक कारणों से आग की घटनाएं कम आती हैं, जबकि मानवीय चूक से ऐसी घटनाएं अधिक रहती हैं। यदि कहीं शरारत करते हुए जंगल में आग लगाई जाती है तो ऐसा मामला सामने आने पर शरारती तत्वों पर निर्धारित नियमों के तहत कार्रवाई की जाती है।

## नई जोड़ी



कबीर ठाकुर व दीक्षा ठाकुर को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## काशवी ने 11 साल की उम्र में पास की 10वीं की परीक्षा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर क्षेत्र की काशवी ने मात्र 11 वर्ष की आयु में सीबीएसई बोर्ड से 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर देश की पहली विद्यार्थी का स्थान हासिल किया।



काशवी ने 11वीं में नॉन मेडिकल में पढ़ाई कर रही है। काशवी बौद्धिक स्तर पर भी चमत्कारी पाई गई थी। मात्र 3 वर्ष की आयु में उसे भारत देश के साथ साथ पड़ोसी देशों के बारे व विज्ञान संबंधी बहुत सारी जानकारियां थी। असाधारण प्रतिभा की धनी काशवी ने लॉकडाउन के दौरान घर पर रहते हुए लगातार पढ़ाई करते हुए पांचवीं क्लास उत्तीर्ण कर के अगली कक्षाओं की पढ़ाई जारी रखी। जब काशवी की आयु 7 वर्ष थी, तो वह आठवीं की परीक्षा देना चाहती थी, परंतु नियमानुसार 12 वर्ष की आयु में ही आठवीं क्लास की परीक्षा दी जा सकती है।

न्यायालय के आदेश पर काशवी का बिनट कॉमन टेस्ट लिया गया, जिसमें 7 वर्ष की आयु में काशवी का आई क्यू स्कोर 13 वर्ष के बराबर पाया गया, उसके बाद 8वीं कक्षा में प्रवेश की अनुमति दी गई। काशवी ने 9 वर्ष की आयु में 91.6 प्रतिशत अंकों के साथ 8वीं की परीक्षा पास की थी।

## चिट्टा तस्करी मामले में 2 और आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** चिट्टा तस्करी मामले में ज्वालामुखी पुलिस ने 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। युवकों की पहचान राहुल पुत्र सुनील कुमार निवासी वार्ड नंबर-3 चकवन कलिहार व जय शर्मा पुत्र इंडिवर शर्मा निवासी वार्ड नंबर-3 पुराना ज्वालामुखी के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कारवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ज्वालामुखी के नेतृत्व में एसआई नाजर सिंह सहित पुलिस की टीम ने दोनों आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। एसपी देहरा मयंक चैधरी ने मामले की पुष्टि की है।

बता दें कि पुलिस जिला देहरा की ओर से नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ज्वालामुखी पुलिस ने कारवाई करते हुए मुख्य बाजार के समीप बीते महीने 32 वर्षीय युवक को 6.30 ग्राम चिट्टे सहित धर दबोचा था, जिसकी पहचान जसवंत सिंह निवासी दरंग के रूप में हुई थी। पुलिस ने एक अन्य आरोपी मनु उर्फ माल्टा को दोबारा घर दबोचा था अब दोबारा इस मामले में 2 अन्य आरोपियों को पकड़ा है, जिनकी चिट्टा तस्करी में संलिप्तता पाई गई है। चिट्टे की खरीद-फरोख्त के मामले में पुलिस की ओर से उन्हें पकड़ा गया है।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा के छात्र पुष्कर ने झटके 97 फीसदी अंक

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**प्रताप** वर्ल्ड स्कूल इंदौरा का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सभी छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन ने सीबीएसई 12वीं कक्षा के बेहतर परिणाम के लिए सभी बधाई दी है।

पुष्कर ने 97%,साहिल सेहरा 93%,आयूष परमार 90%, सूरज पठानियां 88%, संसिता 87%, जतिन ठाकुर 85%, रूहानी 84.2%, आकाश 82.2%, नवोदित 80%, रिक्षिका चौहान 79%, अक्षित ठाकुर 79%, मानसी कुमारी 78.2%, सन्ना 78%, वंश पठानियां 78%, रिधि 76%, श्रेया शर्मा 76%, शिवम 75%, तेजेंद्र 74%, वंश ठाकुर 74%, कनिष्क शर्मा 73.2%, रितेश समवयाल 73%, गिरिश 73%, बादल सिंह पठानिया 73%, संचिता 73%, आयुष कोहल 72%, पल्लवी सेन 72%, रिधिमा 72%, आदर्श 72%, गुरनूर सिंह 71% और मानसी ने 70% अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

एमडी डॉ. रिचा महाजन ने इस शानदार उपलब्धि प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की प्रतिबद्धता और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

## चैलिया में श्रीमद्भागवत कथा: अमृत कथा का सुनाया वर्णन

**सालनी शर्मा, रक्कड़**

**टीहरी** के चैलिया गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन पाईसा गांव से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य भवानि शंकर ने भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा के अमृतमय प्रसंगों से भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान आचार्य भवानी शंकर ने माता पार्वती को भगवान भोलेनाथ की ओर से सुनाई गई अमृत कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। इसके साथ ही उन्होंने सुखदेव मुनि के जन्म और राजा परीक्षित की उत्पत्ति की कथा को बड़े ही भावुक और आध्यात्मिक शैली में प्रस्तुत किया। मधुर भजनों की स्वर लहरियों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। कथा के अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। (अनंत ज्ञान)

## महेवा गांव के कुएं में मिला बुजुर्ग चंद लाल का शव

**अनंत ज्ञान, देहरा।** हरिपुर तहसील के निकटवर्ती महेवा गांव से लापता हुए एक बुजुर्ग का शव बुधवार को गांव के एक खेत के पास कुएं में बरामद किया गया है। शव को कुएं में देखे जाने के बारे में पुलिस को जब सूचना दी गई तो मौके पर पुलिस टीम में शव को कुएं से बाहर निकाला। मृतक कुछ दिनों से घर से लापता था, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस थाना हरिपुर में दर्ज करवाई थी।

चंद राज (76) का पुत्र बुधवार को खेतों में पशु चरा रहा था, जब कुएं के अंदर देखा तो पानी में तैरता हुआ शव दिखा। इसकी सूचना पुलिस थाना हरिपुर को दी। पुलिस टीम एएसआई चमन लाल के नेतृत्व में मौके पर पहुंची व शव को बाहर निकाला। शव की पहचान उसकी बेटे ने की 10 मई को मृतक अपने घर से लापता हो गया था। 13 मई को परिवार के सदस्यों ने पुलिस थाना हरिपुर में रिपोर्ट लिखवाई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए देहरा अस्पताल भेजा है। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने बताया कि की मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद चल पाएगा।

## कंपनी को 50,390 रुपए की राशि 9 फीसदी वार्षिक ब्याज सहित लौटाने के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग कांगड़ा ने उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा करते हुए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्रा. लि. और इसके अधिकृत विक्रेता बंसल एंड कंपनी के विरुद्ध निर्णय सुनाया है। आयोग ने शिकायतकर्ता भूपिंद्र सिंह को 50,390 रुपए की राशि 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटाने और 20 हजार मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना के लिए मुआवजा तथा 15 हजार रुपए मुकदमेबाजी खर्च के रूप में अदा करने का आदेश दिया है। यह फैसला आयोग के अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा व सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर ने दिया है। भूपिंदर सिंह ने 11 जनवरी 2023 को जस्सूर स्थित डीलर से एलजी का एक डिशवॉशर खरीदा था। 4 महीने के भीतर ही मशीन में पानी रिसाव की समस्या आने लगी। उपभोक्ता की ओर से कई बार शिकायत दर्ज कराने पर भी एलजी की ओर से समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। तकनीशियन की ओर से 2 बार होस असेंबली इनलेट बदला गया, लेकिन मशीन ठीक नहीं हुई। एलजी की ओर से दावा किया गया कि ग्राहक के घर पर पानी का दबाव अधिक है, जो मशीन की निर्धारित सीमा से अधिक है, इसलिए रिसाव हो रहा है। आयोग ने ग्राहक की ओर से प्रस्तुत डिजिटल साक्ष्य और फोटोग्राफ्स का संज्ञान लेते हुए पाया कि पानी का दबाव मान्य सीमा के भीतर ही था। आयोग ने पाया कि मशीन में मूल रूप से निर्माण दोष था, जिसे कंपनी सुधारने में असमर्थ रही। ऐसे में ग्राहक के साथ सेवा में स्पष्ट रूप से कमी की गई है।

# पठानकोट पुलिस की कार्रवाई नशा तस्करों की गिराई 2 इमारतें



पठानकोट में नशा तस्कारों की दो इमारतों को गिराती जेसीबी और मौजूद पुलिस टीम।

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

नशे के खिलाफ चल रही मुहिम 'युद्ध नशा विरुद्ध' के तहत पठानकोट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। नगर निगम और पुलिस की टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट की अगुआई में दो नशा तस्करों की इमारतें गिराई हैं। यह कार्रवाई पठानकोट के अलग-अलग इलाकों में की गई।

ड्यूटी मजिस्ट्रेट जसकरण सिंह ने बताया कि उन्हें इन इमारतों को गिराने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। ये इमारतें उन लोगों की थीं, जो नशे के कारोबार में शामिल थे। पिछले दो महीनों में पुलिस ने बड़े स्तर पर नशा बरामद किया है। कई तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। अब उनकी अवैध संपत्तियों को जब्त कर तोड़ा जा रहा है। एसएससी पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि युद्ध नशों विरुद्ध मुहिम के तहत डिप्टी कमिश्नर पठानकोट से प्राप्त निर्देशों के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपियों के खिलाफ नशा तस्करी के साथ अन्य के मामले दर्ज थे। (अनंत ज्ञान)

## निस्वार्थ संस्था ने की बेसहारा गोवंश की सेवा

**कुलदीप सोनी, नगरी।** पिछले कुछ दिनों से एक बैल के पैर में लोहे का रिंग फंसा था, जिस कारण से बैल को चलने में तकलीफ हो रही थी। इस लोहे के रिंग की वजह से बैल के पैर में गहरा घाव बन गया था। जब सूचना निस्वार्थ संस्था के सदस्यों लेखराज , सिद्धार्थ, सुमित, योगेश, पंकज, कार्तिक आदि साथियों को मिली तो उन्होंने बैल को पकड़ कर उकसा उपचार किया। उन्होंने सभी लोगों से बेसहारा जानवरों पर अत्याचार न करने का आग्रह किया है। (अनंत ज्ञान)

फोटो गरली

## 145 अक्षम लोगों को वितरित किए उपकरण

**अनंत ज्ञान, गरली।** उपमंडल देहरा की पंचायत ठाकुरद्वारा, करियाड़ा क्षेत्र में ईआरडी केयर फाउंडेशन की ओर से एक दिवसीय सेवा शिविर में 145 अक्षम, अपाहिज और वृद्ध लोगों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस पुनीत कार्य ने फाउंडेशन को ग्रामीणों के लिए मसीहा बना दिया। फाउंडेशन के प्रबंधक संजीव भारद्वाज के नेतृत्व में हुए इस शिविर की अध्यक्षता पंचायत प्रधान लीला देवी ने की। शिविर में 60 वर्ष से अधिक आयु के बेसहारा लोगों को छड़ी भेंट कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाया गया। इसके साथ ही 20 अक्षम लोगों को शीघ्र ही व्हीलचेयर, वॉकर और बैसाखियां उपलब्ध करवाने का वादा किया गया।

## चनौर में सहेज रहे विलुप्त विरासत: भगवान



**अनंत ज्ञान, गरली ।** कागड़ा जिले के चनौर गांव में एक पुराना पानी का घराट (पनचक्की) आज भी लोगों की आस्था और जरूरतों का केंद्र बना हुआ है। यह जलचालित पनचक्की न केवल अनाज पीसने का माध्यम है, बल्कि पहाड़ी संस्कृति और विरासत का जीता-जागता उदाहरण भी है। गांव थाना बंग्रा के 93 वर्षीय भगवान दास शर्मा का कहना है कि यह घराट हमारे बाप-दादाओं के समय से चला आ रहा है। पूरे इलाके में ऐसे कई घराट थे, पर अब सिर्फ यही एक बचा है। आधुनिक इलेक्ट्रिक चक्कियों और मिलों के बढ़ते चलन के कारण पारंपरिक पनचक्कियां अब इतिहास बनती जा रही हैं। राज्यभर में सैकड़ों पुराने घराट समय के साथ बंद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि विलुप्त विरासत को सहेज रहे हैं और लोग भी आगे आएं।

**संगोष्ठी** पशुपालन मंत्री ने कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में किया संगोष्ठी का शुभारंभ

# पशुपालन की आजीविका में किया जाएगा सुधार: चंद्र

**अजय पाल, पालमपुर**

**कृषि** एवं पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार ने बुधवार को चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के सभागार में पशुपालन विभाग की ओर से हिमाचल प्रदेश सह पशु चिकित्सीय परिषद की एक दिवसीय क्षेत्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया। कृषि मंत्री ने कहा कि पशुपालकों की आजीविका को सुदृढ़ करने के लिए पशुपालन विभाग की अहम भूमिका है।




पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. अजय ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और संगोष्ठी की गतिविधियों की जानकारी दी।

संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य पशुपालन सेवाओं को बेहतर बनाकर पशुपालकों की आजीविका में सुधार करना है। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग को और बेहतर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वेटरनरी फार्मासिस्ट सीधे तौर पर किसानों से जुड़े हुए होते हैं, जिनको वर्तमान परिदृश्य के अनुसार अपने कौशल को और बेहतर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वेटरनरी फार्मासिस्ट को रिफ्रेश कोर्स करवाए जाएंगे, ताकि पशुपालकों को और बेहतर सुविधा उपलब्ध करवा सके। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती के लिए पशुधन भी एक आवश्यक संसाधन है। चंद्र ने कहा कि हिमाचल में दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है और प्रदेश सरकार ने बजट में न्यूनतम समर्थन मूल्य को 45 से बढ़ाकर 51 व भैंस के दूध को 55 से बढ़ाकर 61 रुपए प्रति लीटर करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिले के ढगवार में ढाई सौ करोड़ रुपए की लागत से दूध प्रसंस्करण केंद्र स्थापित किया जा रहा है।

प्रदेश में पशु जनगणना का कार्य पूरा चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश में पशु जनगणना का कार्य पूर्ण कर लिया है और रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी गई है। सड़कों से बेसहारा पशुओं को हटाने के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष गौशालाओं को पशुओं के भरण पोषण के लिए लगभग 70 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वेटरनरी फार्मासिस्टों की ओर से रखी गई मांगों पर विचार विमर्श किया जाएगा। संगोष्ठी में कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर और ऊना जिला से लगभग 300 वेटरनरी फार्मासिस्ट ने भाग लिया। सेमिनार में डॉ. आशीष शर्मा ने पैरावेट काउंसिल एक्ट 2010 और नियम 2011 के बारे में विस्तार से चर्चा की। डॉ. शमा खान ने 'हाउ टू मेक आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन इफेक्टिव रिजल्ट ओरिएंटेड ऑन कैल्फ बॉर्न बेसिस' विषय पर अपने विचार रखे। डॉ. राजनिश भरोल ने कृषि विभाग की ओर से संचालित राज्य प्रायोजित योजनाओं और केंद्रीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इससे पहले संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ अजय कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और संगोष्ठी की गतिविधियों की जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

## देशभक्त परिवार पर सवाल उठाना शर्मनाक : सुरेंद्र

**शिवम शर्मा, परागपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व कर्मचारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सेना में पांच जवान देने वाले देशभक्त परिवार पर सवाल उठाना बेहद शर्मनाक है। उन्होंने विधायक पर सेना के नाम पर राजनीति करने और वीर जवानों की शहादत का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया। मनकोटिया ने कहा कि जिस परिवार के पांच सदस्य भारतीय सेना में सेवा दे चुके हों, उसे राष्ट्रविरोधी कहना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि सीमा पर तैनात हर सैनिक के बलिदान का अपमान है। उन्होंने विधायक के बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भारतीय सेना का पराक्रम, साहस और समर्पण पूरी दुनिया में मिसाल है। उन्होंने कहा कि जब हम अपने घरों में चैन से सोते हैं, तो उसके पीछे सेना के जवानों की कुर्बानी होती है। सेना को लेकर राजनीति करना निंदनीय है और ऐसा करने वाले नेताओं को शर्म आनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# डाडासीबा में बिना पंजीकरण फेरी लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

**कमल, डाडासीबा**

**भारत**-पाक युद्ध के बाद देशभर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बढ़ी सतर्कता का असर अब गांवों तक दिखाई देने लगा है। कांगड़ा जिले की डाडासीबा पंचायत ने अपने क्षेत्र में बाहरी राज्यों से आकर बिना अनुमति या पंजीकरण के घूमने वाले प्रवासियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए नियमों के तहत कार्रवाई करने की चेतावनी जारी की है।

उपप्रधान परमेश्वरी दास ने कहा कि कोई भी अनजान व्यक्ति, अगर गांव में बिना सूचना के घूमता या फेरी लगाकर सामान बेचता पाया गया, तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है व स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों की जिम्मेदारी है कि वे सतर्क रहें। आज के समय में हम नहीं जान सकते कि कौन किस भेष में और किस मकसद से आया है। आतंकी संगठनों की गतिविधियां किसी भी रूप में सामने आ सकती हैं, इसलिए सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी तुरंत पंचायत या नजदीकी पुलिस थाना को दी जाए। (अनंत ज्ञान)

### पंजीकरण करवाना होगा अनिवार्य

**डाडासीबा** पंचायत ने निर्देश जारी किया कि जो भी बाहरी व्यक्ति मजदूरी, फेरी, या अन्य काम के लिए क्षेत्र में आना चाहता है, उसे पहले पंचायत में पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। बिना पंजीकरण के किसी को भी काम करने या ठहरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ग्रामीणों ने पंचायत के इस कदम का समर्थन किया है और कहा कि क्षेत्र की सुरक्षा और शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को सिखाया जाएगा गणित कौशल

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में प्राचार्य डॉ. ललिता रावत की अध्यक्षता में एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय शिक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत 15 मई से 15 जून के मध्य प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में स्वयंसेवकों द्वारा छात्रों को बुनियादी गणित कौशल सिखाया जाएगा। जिसका उद्देश्य देशभर में सामुदायिक स्तर पर मजेदार गतिविधियों के माध्यम से छात्रों के पढ़ने व लिखने और गणित में बुनियादी कौशल को मजबूत करना है।

### विधायक ने किया सामुदायिक भवन का शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा का ग्राम पंचायत शील के एक दिवसीय दौरे के दौरान वहां के लोगों ने वाद्य यंत्रों व फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। विधायक ने शील पंचायत में सामुदायिक भवन व नवयुवक मंडल भवन शीलघाट का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। उसके बाद विधायक ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। विधायक ने लोगों की समस्याओं को सुना और कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया।

### शिक्षकों की मांगों पर विचार करे सरकार: चेतन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश राजकीय प्राथमिक शिक्षा संघ के समर्थन में प्रदेश भाजपा ने अपने तेवर कड़े कर लिए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि सरकार को शिक्षकों की मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और उनकी वाजिब मांगो पर गंभीर मंथन करना चाहिए। शिक्षकों के साथ यह रवैया बिल्कुल गैर- जिम्मेदाराना है, जो सरकार के बड़े-बड़े दावों की पोल खोलता नजर आता है। यह बात प्रदेश भाजपा के राज्य प्रवक्ता एवं जुब्बल-कोटखाई विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार रहे चेतन बरागटा ने जारी बयान में कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह रवैया केवल शिक्षकों के साथ ही नहीं रहा है, बल्कि प्रदेश में कार्यरत अन्य विभागों के कर्मचारी वर्ग के प्रति भी यही रवैया अपनाया जा रहा है।

### पुनः सीमाओं को निर्धारित करने के लिए हुई बैठक

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** प्रदेश राज्य वित्त आयोग एवं विधायक नंदलाल ने स्थानीय सर्किट हाउस में रामपुर योजना क्षेत्र की पुनः सीमाओं को निर्धारित करने के लिए दरशाई, कलना, दत्त नगर, कुमशू ,भद्राश व निरथ पंचायत के जनप्रतिनिधों के साथ बैठक आयोजित की गई। अध्यक्ष ने बताया दी कि रामपुर योजना क्षेत्र में विस्तार किया जाना है जिसके लिए संबंधित पंचायतों के प्रधानों/उप-प्रधानों के साथ यह बैठक आयोजित किया जा रहा है । दरशाई, कलना, दत्तनगर, कुमशू, भद्राश व निरथ के पंचायत प्रधानों से कहा कि रामपुर योजना क्षेत्र की पुनः परिभाषित सीमाओं को लागू करने के लिए उनके पंचायतों से अनापत्ति प्रमाणपत्र दिया जाना है और उनके द्वारा दिये गये सुझावों के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र को अलग किया जाएगा ताकि उनके पंचायतों में नगर एवं ग्राम योजना विभाग द्वारा योजना बनाई जा सके। अध्यक्ष ने सभी संबंधित प्रधानों से कहा कि अगली बैठक माह जुलाई में रखा जाएगा और इससे पहले वह इस एजेंडा को ग्राम सभा में रखे और अपना सुझाव भी दें। (अनंत ज्ञान)

### रिसर्च मेथडोलॉजी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में आइक्यूएसी सेल द्वारा बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी और फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान दो सत्रों में विभिन्न वक्ताओं ने मॉडर्न टेक्निक्स इन रिसर्च विषय पर अपने वक्तव्य दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज की प्राचार्य डॉ अंजलि चौहान ने किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं का स्वागत किया। इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रोफेसर एसके शर्मा सेवानिवृत्ति प्राध्यापक प्रदेश विवि ने रिसर्च मेथडोलॉजी के विभिन्न पहलुओं और इंट्रडिसीप्लिनरी और मल्टीडिस्प्लिनरी रिसर्च की महता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के दूसरे सत्र में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ जोगिंदर सकलानी ने अपने वक्तव्य में रिसर्च एथिक्स और अकादमिक दिशा ऑनेस्टी और अकादमिक इंटीग्रिटी विषय पर अपने विचार रखें तथा कहा कि रिसर्च एथिक्स में आज के समय में अनेक प्रकार की शोधकर्ता के लिए समस्याएं आ रही हैं व दूसरी तकनीक से बचने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों तथा प्रदेश के विविध महाविद्यालयों के प्राध्यापकों ने ऑनलाइन माध्यम से भी भाग लिया।

# हिमाचल में सुधरेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

## प्रदेश के सभी चिकित्सा कॉलेजों में मरीजों को मिलेगी उत्कृष्ट शिक्षा उपचार की सुविधा

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**प्रदेश** सरकार राज्य के सभी छह चिकित्सा महाविद्यालयों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, ताकि रोगियों का बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जा सके। इसके दृष्टिगत सीएम सुक्खू के दिशा-निर्देशों पर हमीरपुर स्थित डॉ. राधा कृष्णन चिकित्सा महाविद्यालय में नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग स्थापित करने को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन विभागों के सुचारू संचालन के लिए कुल 118 पदों को सृजित कर भरने का भी निर्णय लिया गया है, इससे जिला हमीरपुर के अलावा मंडी, ऊना, बिलासपुर और कांगड़ा जिला के मरीजों को भी उत्कृष्ट चिकित्सा उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप अस्पताल प्रशासन द्वारा करवाए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि किडनी, नसों और पाचनतंत्र से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में मरीजों को आईजीएमसी शिमला, टांडा मेडिकल कॉलेज, पीजीआईएमआर चंडीगढ़ जैसे बड़े चिकित्सा संस्थानों में जाना पड़ता था। लेकिन अब मुख्यमंत्री ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में नए विभागों की स्थापना और आवश्यक चिकित्सकों व स्टाफ की नियुक्ति की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

सीएम ने स्वास्थ्य विभाग को सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए हैं। उनके निर्देशानुसार राज्य सरकार ने मंडी जिला के श्री लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सा महाविद्यालय, नेरचौक में न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग की स्थापना को मंजूरी प्रदान की गई है। इसका सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर, न्यूक्लियर मेडिसिन टेक्नोलॉजिस्ट और रेडिएशन सेफ्टी ऑफिसर के पद सृजित कर भरे जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### नैदानिक सेवाओं के उन्नयन पर दिया जा रहा ध्यान

**इसके** अतिरिक्त सिरमौर जिला के डॉ. वाईएस परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नाहन में पैथोलॉजी विभाग में इम्यूनोहेमेटोलॉजी और ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर का पद भरने को भी मंजूरी दी गई है। राज्य सरकार प्रदेश में चिकित्सा प्रौद्योगिकियों और नैदानिक सेवाओं के उन्नयन पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। इसके तहत, टांडा, हमीरपुर और नेरचौक के चिकित्सा महाविद्यालयों में तीन टेस्ला एमआरआई मशीनें लगाई जा रही हैं। आईजीएमसी में मौजूदा एमआरआई मशीन 19 साल से अधिक पुरानी है जिसे शीघ्र बदला जाएगा।

### अस्पतालों को आधुनिक मशीनों से किया जा रहा लैस

**शिमला** जिला के चमियाना अस्पताल के साथ-साथ सभी चिकित्सा महाविद्यालयों, जोनल और क्षेत्रीय अस्पतालों को आधुनिक मशीनों से लैस किया जा रहा है, ताकि प्रदेश के लोगों को राज्य में विश्वस्तरीय उपचार सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें।

### आधुनिक तकनीक के लिए 200 करोड़ का प्रावधान

**राज्य** सरकार ने सरकारी अस्पतालों में आधुनिक तकनीक लागू करने के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। राज्य से बाहर के स्वास्थ्य संस्थानों पर मरीजों की निर्भरता कम करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

# झीना-चंबी सड़क के गुणवत्ताहीन टारिंग कार्य करने पर भड़के ग्रामीण

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**



**निर्माण** विभाग चौपाल के अधीन झीना-चंबी सड़क मार्ग पर टारिंग और मेटलिंग का कार्य हो रहा है। जानकारी के अनुसार बीते रोज ही इस महत्वपूर्ण सड़क मार्ग पर टारिंग व मेटलिंग का कार्य आरंभ हुआ। कठियाना गांव के समीप हुए इस कार्य की गुणवत्ता पर ग्रामीणों से सवाल उठाए और लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया। बाकायदा, ग्रामीणों ने हाथों से ही मेटलिंग को उखाड़ दिया। इन्होंने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड भी कर दिया।

गौर रहे कि रोजाना सैकड़ों वाहनों की आवाजाही इसी मार्ग से जिला मुख्यालय शिमला, सहित उपमंडल मुख्यालय चौपाल के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों एवं बाहरी राज्यों के लिए होती है। स्थानीय प्रधान यशवंती मेहता, वार्ड मेंबर, ग्रामीण बेलीराम, लायकराम, विक्रेश, रंधुराम, चेतराम, नंदराम, संजय, हीरासिंह, प्रेम कुमार, आत्माराम, पदमाराम आदि ने लोक निर्माण विभाग से मामले में छानबीन करने और ठेकेदार के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

▶ **ग्रामीणों ने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की उठाई मांग**

उधर, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राकेश ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि मामले में जांच की जाएगी और सड़क की गुणवता का ध्यान रखा जाएगा।

# दानवीर कर्ण श्री मूल मांहूनाग मेले का आगाज

## नरेश चौहान ने किया मेले का शुभारंभ, मूल मांहूनाग देवता का लिया आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

**पांच** दिवसीय जिला स्तरीय दानवीर कर्ण श्री मूल मांहूनाग मेला का शुभारंभ बुधवार को हुआ। मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चैहान ने किया। इस मौके पर उन्होंने देवता दानवीर कर्ण श्री मूल मांहूनाग की पूजा अर्चना कर देवता का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि मेले हमारे पहाड़ी प्रदेश की समृद्ध प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है, जिनका संरक्षण करना, हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा मेलों से जुड़ी हुई प्राचीन समृद्ध संस्कृति को जीवंत रखने और युवा पीढ़ी को प्राचीन संस्कृति से जोड़ने के साथ-साथ मेला संस्कृति को आधुनिकता के साथ जोड़ कर मनाया जाना आधुनिक समाज निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है।



श्री मूल मांहूनाग मेला कमेटी के सदस्य मुख्यातिथि मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान को सम्मानित करते हुए।

उन्होंने कहा कि मेलों के आयोजनों से स्थानीय लोगों में आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को मेले की शुभकामनाएं देते हुए मेला आयोजन के लिए मेला समिति को 21 हजार रुपए, स्थानीय स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 11 हजार रुपए और क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन महिला मंडलों को 5100 रुपए प्रति महिला मंडल देने की घोषणा की।

मंदिर एवं मेला समिति के अध्यक्ष रमेश ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता पवन ठाकुर, महेश राज, जगत राम, एसडीएम करसोग गौरव महाजन, डॉ, केवल शर्मा, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# धवाणा-शाड़ीथाच सड़क की खस्ता हालत

## वाहन चालकों को हो रही परेशानी, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**दशमी रावत, रोहड़ू**

**लोक** निर्माण विभाग रोहड़ू मंडल के अंतर्गत नाबार्ड वित्त पोषित धवाणा-शाड़ीथाच बाया कोफटू तक पांच किलोमीटर सड़क की हालत खस्ता है। इस सड़क पर छोटी गाड़ी चलाना बहुत मुश्किल है और सड़क पर वाहन में टूटफूट होने पर गाड़ी कहीं पर भी खड़ी हो सकती है। ठेकेदार ने सड़क में सोलिंग तो की है, लेकिन आधा अधूरा काम छोड़कर भाग गया है।

उल्लेखनीय है कि यह सड़क धवाणा से शाढ़ीथाच बाया कोफटू तक बन रही है। सड़क की हालत आजकल सूखे के दौरान भी बेहद खराब हो गई है। सेब सीजन और बरसात शुरु होते ही सड़क की हालत और ज्यादा खराब हो जाएगी। क्षेत्र के बागवानों को सड़क की दुर्दशा के कारण सेब मंडियों तक पहुंचाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पडेगा। करीब पांच किलोमीटर लंबी इस सड़क पर जनवरी 2025 के बाद से अब तक कोई भी मरम्मत कार्य नहीं हुआ है। जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के साथ लगते बगीचों में सेब के पौधों को गिरने से बचाने के लिए किसी भी तरह के ढंगे और क्रेट वाल नहीं लगाई गई है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा इस सड़क पर कार्य शुरू किया गया था, लेकिन अब वह बता रहा है कि उसे विभाग की ओर से जितना बजट मिला था, उतना काम कर दिया है। ठेकेदार ने उन्हें बताया कि अब आगे तभी काम होगा जब विभाग की ओर से बजट स्वीकृत होगा। स्थानीय ग्रामीणों में बन्नी मांटा, राजेश मांटा, यशवंत मांटा, शांति भूषण, मेघराज मांटा, अमीन चंद मांटा, तारा चंद, मोहन लाल हिमालयन, नितिश, टिट्ढ, बृज मोहन व गोपाल प्रेम ने सामूहिक रूप से लोक निर्माण विभाग से गुहार लगाते हुए बताया है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत के लिए बजट स्वीकृत करें ताकि ठेकेदार अधूरे काम को पूरा कर सकें। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि विभाग की ओर से शीघ्र कोई कदम नहीं उठाया गया, तो वे आंदोलन के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे। (अनंत ज्ञान)



धवाणा-शाड़ीथाच सड़क खस्ता हालत।

### क्या कहता है विभाग

**इस** मामले को लेकर लोक निर्माण विभाग मंडल रोहड़ू के अधिशाषी अभियंता परवेश चौहान ने बताया कि यह मामला संज्ञान में नहीं है। वहीं लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता मंडल रोहड़ू दूनी चंद ने बताया कि सड़क निर्माण में जो कमी रह गई है उसे ठेकेदार के माध्यम से पूरा करवा दिया जाएगा।

# नशा निवारण अभियान सिर्फ दिखावा, जमीनी स्तर पर हो प्रयास

▶ **पड्यालग एनएच के दोनों ओर भांग की झाड़ियों ने लिया विस्तार**

▶ **शिविरों और कागजों तक ही हटाई जा रही भांग की झाड़ियां**

**बलवंत कमल, दधोल**



दधोल से पडयालग तक नेशनल हाईवे के किनारे उगी भांग की झाड़ियां।

**नशा** युवाओं के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। सरकारें भले ही नशा विरोधी अभियानों के तहत विभिन्न कार्यक्रम चला रही हों, लेकिन जब बात धरातल पर क्रियान्वयन की आती है, तो स्थिति संतोषजनक नहीं दिखती। अधिकतर प्रयास केवल शिविरों और होर्डिंग्स तक सीमित रह गए हैं। दधोल पंचायत इसका उदाहरण है।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल से लेकर पड्यालग चौक तक एनएच-103 के दोनों ओर भांग की झाड़ियों ने काफी विस्तार ले लिया है। इन झाड़ियों की ओर न तो प्रशासन का ध्यान जा रहा है और न ही आमजन इसे गंभीरता से ले रहे हैं। दधोल पंचायत के उपप्रधान पुरुषोत्तम शर्मा ने चिंता जताते हुए कहा कि हमारे पंचायत क्षेत्र में नशे के खिलाफ सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।

हम जल्द ही सभी युवक मंडलों, महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों को निर्देशित करेंगे कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में भांग जैसी नशीली वनस्पतियों को उखाड़ें और सफाई अभियान चलाएं। उन्होंने आगे कहा कि पंचायत भी इन प्रयासों में पूरा सहयोग देगी और आवश्यकता अनुसार सामूहिक श्रमदान व जन सहभागिता से इन झाड़ियों को हटाया जाएगा। यह अभियान केवल एक सफाई अभियान नहीं होगा, बल्कि समाज को नशे से दूर रखने की दिशा में एक ठोस पहल साबित होगा। नशा निवारण अभियान के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास होने चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# पूर्व मंत्री गर्ग ने जिला परिषद वार्डों के पुनर्सीमांकन पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला परिषद वार्डों के पुनर्सीमांकन को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि वार्डों का पुनर्सीमांकन अव्यवस्थित ढंग से किया गया है, जिससे न केवल प्रशासनिक दिक्कतें आएंगी, बल्कि जनप्रतिनिधित्व की भावना भी प्रभावित होगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि सरकार को चाहिए कि जिला परिषद वार्डों की संख्या बढ़ाई जाए, न कि पहले से बने वार्डों पर 15-15 पंचायतों का बोझ डाला जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि एक वार्ड में अधिकतम 8 से 9 पंचायतें होनी चाहिए।



▶ **बोले- अव्यवस्थित ढंग से किया वार्डों का पुनर्सीमांकन**

गर्ग ने घुमारवीं क्षेत्र के उदाहरण देते हुए कहा कि विधानसभा के एक छोर पर बसी सात पंचायतें कपाहड़ा, करलोटी, छत, संडयार, पलासला, पपलाह व कोटलू-ब्राह्मणां पंचायतों के साथ एक-दो पंचायतें मिलाकर अलग वार्ड बनना चाहिए था। गतवाड़ पंचायत को कुठेड़ा वार्ड में जोडना भी न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने ननावां वार्ड का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें सदर और घुमारवीं विधानसभा क्षेत्रों की पंचायतों को मिलाया है, जिससे क्षेत्रीय असंतुलन और भ्रम की स्थिति बनी है। गर्ग ने बताया कि उपायुक्त बिलासपुर की ओर से जारी प्रारूप अधिसूचना पर आपत्तियां दर्ज करवाने की अंतिम तिथि 17 मई तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे समय रहते अपनी आपत्तियां दर्ज करवाएं ताकि परिसीमन प्रक्रिया पारदर्शी और संतुलित हो सके।

# प्रियंका ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में झटका 989वां रैंक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले की बेटी प्रियंका ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की ओर से आयोजित नर्सिंग ऑफिसर भर्ती परीक्षा (एनओआरसीईटी-8) 2025 में अपने पहले ही प्रयास में 989वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा 2 मई 2025 को आयोजित की गई थी। दूसरे चरण में 11,472 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 8,537 उम्मीदवारों ने सफलता प्राप्त की।



प्रियंका बिलासपुर जिले के बेनला ब्राह्मणा गांव की निवासी हैं। उनके पिता धनीराम वर्तमान में पटवारी के पद पर कार्यरत हैं। माता संगीता गृहिणी हैं। प्रियंका ने स्कूली शिक्षा कोठीपुरा स्कूल से पूरी की। इसके बाद उन्होंने आरजीपीएमसी से जीएनएम और फिर पीजीआई चंडीगढ़ से वर्ष 2024 में पोस्ट बेसिक नर्सिंग की डिग्री प्राप्त की। प्रियंका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया।

# लाड़ाघाट में जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के तहत बुधवार को बिलासपुर जिले के लाड़ाघाट क्षेत्र में एक दिवसीय स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का नेतृत्व डॉक्टर सुनिधि शर्मा ने किया। कैंप में लोगों के लिए विभिन्न प्रकार के टेस्ट निशुल्क किए गए, जिनमें शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन, थायरायड आदि शामिल रहे। साथ ही विशेषज्ञों ने लोगों को बीमारियों से बचाव एवं समय पर इलाज के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. सुनिधि शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, ताकि आम जनता भी समय पर जांच और इलाज करवा सके। स्वास्थ्य कैंप में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और उनके स्वास्थ्य की जांच कर मुफ्त में दवाइयां बांटी। लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच की आदत डालने की सलाह भी दी।

# बिलासपुर में युवक से 0.15 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** शहरी पुलिस चौकी की टीम ने उपनिरीक्षक विजय सिंह के नेतृत्व में कॉलेज चौक के पास गश्त के दौरान एक युवक को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 31 वर्षीय अभय (निवासी मकान नंबर 123/1, सेक्टर 6, कोसरियां बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 0.15 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने यह नशीला पदार्थ विनय कुमार उर्फ विन्नी निवासी मकान नंबर 46, वार्ड नंबर 8, डियारा सेक्टर बिलासपुर से खरीदा था। पुलिस ने थाना सदर में मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी को हिरासत में ले लिया है। एएसपी बिलासपुर शिव चौधरी ने बताया कि आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# लक्की टैक्सी ऑपरेटर्ज यूनियन के प्रधान

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** बाबा बालक नाथ जी की तपोभूमि शाहतलाई में बुधवार को बाबा बालक नाथ टैक्सी ऑपरेटर्ज यूनियन का चुनाव अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में हुआ। वोट के माध्यम से चुनाव करवाए जाएं। लक्की शर्मा को 43 मत, राजकुमार राणा को 8 मत और राजकुमार को एक मत मिला। दो मत कैंसिल हो गए। लक्की शर्मा को बाबा बालक नाथ टैक्सी ऑपरेटर्ज यूनियन का प्रधान चुना गया, जबकि आशीष कुमार को उपप्रधान, राकेश कुमार को कैशियर, मनोज कुमार को सचिव व पुरषोत्तम को सह सचिव बनाया गया।

# झंडूता में बस अड्डा व टैक्सी स्टैंड की मांग ने पकड़ा जोर

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता में बस अड्डा और टैक्सी स्टैंड की कमी से जनता को हो रही परेशानियों को लेकर व्यापार मंडल ने आवाज बुलंद की है।

▶ **व्यापार मंडल ने बुलंद की आवाज**

व्यापार मंडल झंडूता के प्रधान प्रशांत शर्मा ने बताया कि पिछले दो वर्षों से लगातार प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। प्रशांत शर्मा ने कहा कि झंडूता में प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है, लेकिन बस अड्डे की सुविधा न होने के कारण बसें सड़कों पर ही खड़ी होती हैं।

इससे न केवल जाम की स्थिति बनी रहती है, बल्कि बुजुर्गों, बच्चों और अन्य यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, टैक्सी स्टैंड की व्यवस्था न होने से भी यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। पिछले हफ्ते भी व्यापार मंडल ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर बसों और टैक्सियों के लिए उचित पार्किंग स्थल की मांग की थी। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के समाधान से न केवल आम जनता को राहत मिलेगी, बल्कि बाजार में यातायात व्यवस्था भी सुचारु हो सकेगी। व्यापार मंडल ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है, ताकि झंडूता के लोगों को इन कठिनाइयों से निजात मिल सके।

# तालाबंदी से नहीं भर रहा कांग्रेस सरकार का दिल: त्रिलोक जम्वाल

## बोले- अब बिलासपुर की महिला आईटीआई कर दी बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



**सदर** के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने विभिन्न संस्थानों पर तालाबंदी को लेकर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद से सरकारी संस्थानों को लगातार बंद करती आ रही कांग्रेस सरकार का दिल अभी तक भी नहीं भरा है।

अब बिलासपुर में वर्ष 1983 में स्थापित महिला आईटीआई पर भी इस सरकार की वक्र दृष्टि पड़ गई है, जबकि यह उससे भी डेढ़-दो दशक पहले से रूरल आईटीआई के नाम से चल रही थी, उसे बिलासपुर आईटीआई में मर्ज करने का फैसला लेकर सरकार ने एक बार फिर से जाहिर कर दिया है कि उसे बच्चों या आम जनता के हितों की कोई चिंता नहीं है।

▶ **दूसरी आईटीआई में मर्ज करके महिला प्रशिक्षुओं को को-एजुकेशन के लिए मजबूर करने का क्या औचित्य**

उन्होंने कहा कि वर्ष 1983 में तकनीकी शिक्षा विभाग के अस्तित्व में आने के बाद बिलासपुर जिला मुख्यालय में दो आईटीआई स्थापित की गई थी, जिनमें से एक महिला आईटीआई थी। इसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उन्हें अलग से तकनीकी शिक्षा उपलब्ध करवाना था। हालांकि, उसके डेढ़-दो दशक पहले से यह रूरल आईटीआई के नाम से महिलाओं के लिए विशेष तौर पर चलाई जा रही थी। दिसंबर, 2022 में सत्ता में आते ही कांग्रेस ने पूर्व भाजपा सरकार के समय जनहित में खोले गए हजारों संस्थानों पर ताले लगा दिए और तालाबंदी का यह सिलसिला अभी तक भी जारी है।

इसी कड़ी में अब बिलासपुर की महिला आईटीआई को दूसरी आईटीआई में मर्ज करने का फैसला लिया गया है, जो केबिनेट से मंजूर भी हो चुका है।

# मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा उपनिदेशक को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मिड-डे मील वर्कर यूनियन (एटक) के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को सीपीआई के प्रदेश सह सचिव प्रवेश चंदेल की अगुआई में उच्च शिक्षा उपनिदेशक बिलासपुर रेणु कौशल को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में राज कुमारी, सरला, पूनम कुमारी, माया देवी, केसरी देवी, सरिता देवी, बिमला देवी, सुनीता देवी, रमा देवी व वीना आदि ने कहा कि उन्हें सरकार की ओर से बढ़ाया गया मानदेय नहीं मिल रहा है। आरोप लगाया कि बढ़ा हुआ मानदेय तो दूर पुराना मानदेय भी समय पर नहीं मिल रहा है। कभी 3500 रुपए तो कभी 4000 तो कभी 2000 रुपए दिए जाते हैं, लेकिन संबंधित पैसा भी समय पर नहीं मिल रहा है। इससे भारी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा कि पहले भी शिक्षा विभाग ने समय पर मानदेय देने का लिखित आश्वासन दिया था। बावजूद इसके समय पर मानदेय नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें छुट्टी भी नहीं मिलती है। मांग की है कि सरकार की ओर से घोषित 5000 रुपए प्रति महीना मानदेय हर महीने की 7 तारीख तक दिलवाया जाए, ताकि वे अपना तथा अपने परिवार का सही ढंग से निर्वहन कर सकें।

▶ **कहा- सरकार की ओर से बढ़ाया मानदेय नहीं मिल रहा**

# डीएवी पब्लिक बरमाना का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, नीतिका ने झटका पहला स्थान




प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाई और अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई दी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सीबीएसई की ओर से घोषित दसवीं कक्षा के परिणाम में डीएवी पब्लिक स्कूल बरमाना के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

नीतिका ने 94 फीसदी अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। चिराग ने 91 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान हासिल किया। इशिता ने 89 फीसदी अंक प्राप्त कर कक्षा में तीसरा स्थान पर रही। इन शानदार उपलब्धियों के फलस्वरूप विद्यालय में खुशी का माहौल है।

प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने विद्यार्थियों की उपलब्धि के लिए उन्हें मिठाई खिलाई और अभिभावकों तथा अध्यापकों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य की कामना की। इस सफलता के लिए विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों की संयुक्त मेहनत और समर्पण को सराहा गया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को सामाजिक बुराइयों पर किया सतर्क

**हाशू शेख, चुराह/बघईगढ़/चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बघईगढ़ में जिला रोजगार कार्यालय चंबा एवं चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसने छात्रों को न केवल सामाजिक बुराइयों से सतर्क किया बल्कि उन्हें भविष्य निर्माण के लिए सही दिशा भी प्रदान की। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी अरविंद चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य दिनेश कुमार, लीड बैंक चंबा के एलडीएम डीसी चौहान, सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन तिलक राज धीमान, ग्राम पंचायत प्रधान शकुंतला ठाकुर, समाजसेवी विपिन राजपूत, एसएमसी अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह एवं युवा प्रेरक हेम राज चौहान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा के परियोजना समन्वयक श्री कपिल शर्मा ने बच्चों को 1098 हेल्पलाइन के महत्व, बाल-शोषण, बाल-विवाह, बाल-मजदूरी, अनाथ/अर्ध-अनाथ एवं दिव्यांग बच्चों को दी जाने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने तथा संवेदनशील परिस्थितियों में साहसपूर्वक उचित कदम उठाने की प्रेरणा दी।

### एयर स्ट्राइक ने दिखाई भारत की ताकत : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने पहलगाम हमले के बाद भारतीय वायुसेना की एयर स्ट्राइक को देश की बहादुरी और शक्ति का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि 7 मई को भारतीय सेना ने अद्भुत साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया। इससे पूरे देश में उत्साह और गर्व की लहर दौड़ गई है। राणा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया को यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि भारत अब किसी भी सूरत में आतंकी गतिविधियों को सहन नहीं करेगा। भारत एक सशक्त राष्ट्र है और जो भी देश इसकी ओर बुरी नजर से देखेगा, उसका अंजाम वही होगा जो एयर स्ट्राइक में आतंकियों का हुआ।

# प्रसाद योजना के अंतर्गत विकसित किए जाएंगे पर्यटन केंद्र : उपायुक्त

## तीर्थ स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर पर्यटन को मिलेगा नया बढ़ावा

आरके सहगल, चंबा

**चंबा** जिला के धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से भारत सरकार की 'प्रसाद योजना' के तहत विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरुआत की जाएगी। इन परियोजनाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। यह जानकारी उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जिला मुख्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में दी।

उपायुक्त रेपसवाल ने बताया कि चंबा जिले के चंबा शहर, डलहौजी और भरमौर जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों से संबंधित विकास परियोजनाएं प्रस्तावित कर सरकार को भेजी जाएंगी। इन परियोजनाओं में तीर्थ स्थलों का नवीनीकरण, यात्री सुविधाएं, पार्किंग, सूचना केंद्र, मार्ग संकेतक एवं पारंपरिक वास्तुकला का संरक्षण शामिल होगा।



उपायुक्त मुकेश रेपसवाल बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती, जिला पर्यटन अधिकारी राजीव मिश्रा, जिला भाषा अधिकारी तुकेश कुमार, अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार (लोक निर्माण विभाग), सहायक अभियंता दीपक कुमार (जल शक्ति विभाग) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की और तीर्थ स्थलों के विकास में आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)

**चंबा, डलहौजी और भरमौर होंगे लाभान्वित**

### पर्यटन-अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

**प्रसाद** योजना के तहत आने वाले वर्षों में चंबा जिले में पर्यटन गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, स्थानीय संस्कृति को संरक्षण मिलेगा और पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# डलहौजी हिलटॉप स्कूल के छात्रों ने हासिल की शानदार सफलता

अनंत ज्ञान, डलहौजी

**डलहौजी** हिलटॉप स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कक्षा दसवीं और बारहवीं में शत-प्रतिशत उत्तीर्णता दर हासिल कर अपनी सफलता की परंपरा को गौरवान्वित किया है। स्कूल की अध्यक्षा पूनम राय धवन ने कहा कि कक्षा दसवीं में सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय की आदर्श इन सशक्त शैक्षणिक प्रतिबद्धता को दर्शाया है। विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं जो उनके परीक्षा और समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों में मनन शंकर, अनिकेत कुमार, अली अकबर, आदित्य जसरोटिया, अर्चित पाठक ऋषभ मक्कड़ इरफान अली और माही शर्मा शामिल है। जिन्होंने विभिन्न विश्व में 95 प्रतिशत से 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि 12वीं के परिणाम भी बड़े सराहनीय रहे। इसमें 85 प्रतिशत से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत के ऊपर अंक प्राप्त किया विशेष रूप से आदि देव राठौर, विक्रांत मंगोत्रा, विधु गुप्ता, मीर सौबान फारूकी, एर्विन जोत कौर, रियान अल्वी और विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की है। जो विद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा व सहयोगात्मक प्रणाली का परिचायक है। उन्होंने कहा कि इन उपलब्धियां ने विद्यालय को एक उत्सवमय वातावरण में भर दिया है। उन्होंने कहा कि माता-पिता के आदेशों से हमें लगातार सराहना मिल रही है।




# हडिंबा मंदिर के जगराते में झूमे विधायक



अनंत ज्ञान, सरकाघाट

विधानसभा क्षेत्र सरकाघाट और विधानसभा क्षेत्र बल्ह की सीमा से स्टे क्षेत्र पटड़ीघाट के हडिंबा माता के मंदिर में भव्य जागरण का आयोजन किया गया। मंगलवार की रात हडिंबा माता मंदिर के प्रांगण में माता की ज्योति प्रज्वलित की गई और श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में माथा भी टेका। इस मौके पर बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने मुख्यातिथि व सरकाघाट के विधायक दलीप सिंह ठाकुर ने बतौर विशेष अतिथि शिरकत की।

गणेश वंदना के साथ जागरण की शुरुआत हुई। गायकों ने डोगरी, पंजाबी व हिंदी में मां के गानों को सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस जागरण में गायक डिम्पल शर्मा और हम हैं हिमाचली ग्रुप के कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियां और झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। गायकों ने मेरी बिगड़ी मेरी बना दे ओ शेरोवाली मईया, मेला मईया दा, में बालक निका जेया. आदि भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं, फुलां दियां क्यारियां च रेहन्दी मेरी मां गुफा के अन्दर मां तेरा मंदिर, तू कितनी अच्छी है कितनी भोली है मां जैसे भजनों ने भक्तों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में अनेकों देवी-देवताओं की झांकियां भी प्रस्तुत की गईं। पूरा इलाका मातारानी के जयकारों से गुंजायमान रहा। इस मौके पर बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी, सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर ने दो लाख रुपए देने की घोषणा की।

# चंबा कॉलेज में एमबीए और एमसीए कोर्स को शुरू करने की प्रक्रिया तेज

अनंत ज्ञान, चंबा

**शिक्षा** के क्षेत्र में चंबा जिला जल्द ही एक नई ऊंचाई छूने जा रहा है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला द्वारा राजकीय महाविद्यालय चंबा में आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 से एमबीए (मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) और एमसीए (मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन) जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शुरू करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा गठित निरीक्षण समिति ने महाविद्यालय का दौरा किया और समस्त बुनियादी सुविधाओं का गहन मूल्यांकन किया।

इस निरीक्षण समिति में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य, विषय विशेषज्ञ एवं महाविद्यालय प्रशासन से जुड़े प्रतिनिधि शामिल रहे। निरीक्षण दल में कुलपति द्वारा नामांकित सदस्य व एमबीए विशेषज्ञ प्रो. एस.एस. नारटा और एमसीए विशेषज्ञ प्रो. जवाहर ठाकुर विशेष रूप से सम्मिलित रहे। टीम का उद्देश्य महाविद्यालय में मौजूद बुनियादी ढांचा, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब्स, आईटी संसाधन, शिक्षण स्टाफ और अन्य सुविधाओं का समग्र मूल्यांकन करना था। निरीक्षण के दौरान समिति ने महाविद्यालय के प्राचार्य, फैकल्टी सदस्यों एवं छात्र प्रतिनिधियों से संवाद किया। महाविद्यालय द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर टीम ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और कुछ महत्वपूर्ण सुझावों के साथ प्रस्तावित पाठ्यक्रमों की संभावनाओं को प्रशंसनीय बताया। विश्वविद्यालय द्वारा अंतिम स्वीकृति इन्हीं सुझावों के क्रियान्वयन के उपरांत दी जाएगी।



### प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने जताया आभार

**इस** अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने विश्वविद्यालय एवं निरीक्षण टीम का आभार जताते हुए कहा कि यदि एमबीए और एमसीए जैसे कोर्स चंबा जैसे दूरदराज़ क्षेत्र में शुरू होते हैं, तो यह न केवल हमारे युवाओं को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर देगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास में भी सहायक सिद्ध होगा।।

# बाहरी राज्यों से आने वाले मवेशियों की हो जांच

## विश्व हिंदू परिषद ने एडीएम को ज्ञापन सौंपकर उठाई मांग

अनंत ज्ञान, चंबा

**सीमांत** जिला चंबा में बढ़ती पशु आवाजाही पर चिंता जताते हुए विश्व हिंदू परिषद ने अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अमित मेहरा को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में परिषद ने गर्मियों के मौसम में बाहरी राज्यों विशेषकर पंजाब से मवेशियों को चंबा की धाराओं में ले जाने के नाम पर संभावित सुरक्षा खतरों की ओर ध्यान आकर्षित किया है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि चंबा की सीमाएं जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों से सटी हुई हैं। अतीत में सतुरुंडी जैसे भयावह आतंकी हमलों के उदाहरणों को देखते हुए परिषद ने आशंका जताई है कि पशु व्यापार की आड़ में असामाजिक और अवांछनीय तत्व इन सीमाओं में प्रवेश कर सकते हैं। विश्व हिंदू परिषद ने प्रशासन को अवगत कराया कि समाज के अन्य वर्ग भी इस मुद्दे को लेकर बेहद चिंतित और सतर्क हैं।

परिषद को उम्मीद है कि प्रशासन इस गंभीर विषय को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करेगा।



**परमिट की सख्ती से की जाए जांच**

**मवेशियों के साथ आने वाले व्यक्तियों की भी हो जांच**

### ये हैं मांगें

- -धाराओं में मवेशियों को लेकर जाने वाले व्यक्तियों की गहन जांच-पड़ताल की जाए।
- -परमिट की सख्ती से जांच हो, ताकि फर्जीवाड़े पर रोक लग सके।
- -मवेशियों की गिनती सुनिश्चित की जाए और निर्धारित संख्या से अधिक जानवरों को प्रवेश न मिले।
- - विशेष सतर्कता चुराह तहसील की धाराओं-भांदल, किहार और लंगेरा की तरफ बरती जाए।

# रजिंडू के युवाओं की हुंकार अब नहीं सहेंगे सड़क का अभाव

## सदर विधायक नीरज नय्यर से की मुलाकात, 13 किलोमीटर सड़क निर्माण की उठाई मांग

आरके सहगल, चंबा

**रजिंडू** पंचायत के युवाओं ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा और पंचायत प्रधान जोगिंद्र सूद के नेतृत्व में विधायक नीरज नय्यर से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रजिंडू पंचायत में सड़क न होने का मुद्दा विधायक के समक्ष प्रमुखता से रखा। युवाओं ने बताया कि पंचायत के लोगों को आज भी सड़क तक पहुंचने के लिए 3 से 4 घंटे तक पैदल चलना पड़ता है। स्कूली बच्चे, बीमार लोग, और बुजुर्गों को हर रोज जानलेवा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार बीमार व्यक्तियों को पालकी में उठा कर सड़क तक पहुंचाया जाता है और दुर्भाग्यवश कई लोगों की जानें भी समय पर इलाज न मिलने के कारण जा चुकी हैं।

युवाओं ने बताया कि रजिंडू से धार रूठा तक की 13 किलोमीटर लंबी सड़क का सर्वे पहले ही हो चुका है, जिसमें लगभग 10 से 12 गांवों को जोड़ा जाना प्रस्तावित है। इसके निर्माण से क्षेत्र के हजारों लोगों को राहत मिलेगी और बच्चों को शिक्षा का अधिकार वास्तविक रूप से मिलेगा।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि पूर्व सरकारों ने इस सड़क के नाम पर केवल झूठे वादे किए लेकिन धरातल पर कुछ भी नहीं हुआ। बच्चे शिक्षा छोड़कर होटल और कंपनियों में मजदूरी करने को मजबूर हैं, जो समाज और प्रदेश दोनों के लिए चिंता का विषय है। इस अवसर पर पंचायत के जमीनी कार्यकर्ताओं में सतपाल, रिंकू, छोटू, राजिंदर, बिंदु व अन्य युवा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



विधायक नीरज नय्यर से उनके निवास स्थान पर मुलाकात करते युवा।

### विधायक नय्यर का आश्वासन आपकी पीड़ा मेरी प्राथमिकता

**सदर** विधायक नीरज नय्यर ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि इस मुद्दे को वे पूरी गंभीरता से लेंगे और जल्द ही सड़क निर्माण प्रक्रिया को प्राथमिकता पर डालेंगे। उन्होंने कहा कि रजिंडू पंचायत के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी, आपकी समस्या मेरी समस्या है।

### सूडोकु नवताल- 7430

★★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7429 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

वीरवार, 15 मई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** तृतिया (08:04): **नक्षत्र** स्वाति (06:17), **पक्ष:** शुक्ल, **योग :** ब्यतीपात (04:59), अभीजित (11:50-12:44)। **राहुकाल** (07:29-09:07)।

**विशेष दिन**

15 मई 2025: केवट जयंती आज।

15 मई 2025: अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस आज।

**मेष:** किसी से कहासुनी न हो] यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृष:** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनो के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा।

**मिथुन:** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किए गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें।

**कर्क:** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**सिंह:** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। ब। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**कन्या:** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

**तुला:** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिक:** स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।

**धनु:** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**मकर:** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**कुंभ:** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वंद्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय संभव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा।

**मीन:** प्रयजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

# ऐतिहासिक सीपुर मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** देव आस्था का प्रतीक दो दिवसीय जिला स्तरीय सीपुर मेला का शुभारंभ उपमंडलाधिकारी (ना0) शिमला ग्रामीण एवं अध्यक्ष मेला कमेटी सीपुर मंजीत शर्मा ने विधिवत रूप से किया। उपमंडलाधिकारी ने क्षेत्र के लोगों एवं आयोजकों को मेले की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेले हमारी संस्कृति की विरासत हैं और इनका संरक्षण अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह मेला अति प्राचीन मेला है, जो यहां की देव संस्कृति का द्योतक है। उन्होंने मेले में विभिन्न विभागों व स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इन सभी विभागीय प्रदर्शनियों का लाभ लेने का आग्रह किया ताकि क्षेत्र के लोग विभागीय योजनाओं से अवगत और लाभान्वित हो सके। मेले के दौरान जिला स्तरीय कबड्डी, वॉलीबॉल तथा महिला रस्साकशी खेल स्पर्धाएं करवाई जा रही है। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों एवं कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में संयोजक मेला कमेटी बालक राम वर्मा, खंड विकास अधिकारी मशोबरा अंकित कोटिया, नायब तहसीलदार, चेयरमैन बीडीसी चंद्र कांता वर्मा, ग्राम पंचायत प्रधान मशोबरा गायत्री ठाकुर, पार्षद विशाखा मोदी, ढली प्रधान रमा वर्मा, जिला भाषा अधिकारी अनिल हारटा सहित मेला समिति के सदस्य एवं अन्य अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत तलूणा**
**विकास खण्ड ,आनी जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

विकास खण्ड आनी की ग्राम पंचायत तलूणा में वित वर्ष 2025-26 में विकास कार्यों के निष्पादन हेतू आवष्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबन्द निविदांए आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनाँक 22/05/2025 को प्रातः 11 बजे तक ग्राम पंचायत तलूणा के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं इसी दिनाँक 22/05/2025 को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत की क्रय कमेटी व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ग्राम पंचायत तलूणा के कार्यालय में खोली जाएगी। **सामग्री का विवरणः-** (1) रेत खडड / नदी (प्रति घनमीटर) (2) रेत क्रैशर (प्रति घनमीटर) (3) बजरी खडड/नदी 10 एमएम 20एमएम 40 एमएम (प्रति घनमीटर) (4) बजरी क्रैशर 10 एमएम 20 एमएम 40 एमएम (प्रति घनमीटर) (5) बोल्डर (प्रति घनमीटर पत्थर तोडान-(प्रति चटटा) (6) पत्थर ढोलान (प्रति चटटा) (7) आरसीसी पाईप व कलवट 300 एमएम 450 एमएम 600 एमएम 900 एमएम प्रति नम्बर (8) जेसीबी हेतू (प्रति घंटा) (9) सिमेन्ट, टाईलस सभी आकार (प्रति नम्बर) (10) ईन्टरलाक टाईल सभी आकार (प्रति नम्बर) (11) स्टील 8 एमएम 10 एमएम 12 एमएम 16 एमएम (प्रति किलोग्राम) (12) एंगल व शीटे (प्रति किलोग्राम) (13) वाल राईटिंग तथा साईन बोर्ड (संख्या) (14) सिमेन्ट, ढुलान गाडी द्वारा रोड साईड तक (प्रति बैग) (15) एलकाथीन पीवीसी, व जीआई पाईपस सभी प्रकार (प्रति कि0ग्रा0/प्रति संख्या) (16) लकड़ी सभी प्रकार (प्रति घनमीटर) (17) CGI Sheet, Prepainted CGI Sheet 0.63mm,0.80 mm (प्रति कि0ग्रा0) 1. **नियम व शर्ते** - (1) निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय मे प्राप्त की जाएगी। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं की जाएगी। (2) निविदादाताओं के पास अपना पैन संख्या व जीएसटी होना अनिवार्य है। (3) ठेकेदार / आपूर्तीकताओं को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होगें। एम फार्म उपलब्ध न होने पर सामाग्री संबधित रायलटी नियमानुसार काटी जाएगी। (4) सामग्री की आपूर्ती लोक निमार्ण विभाग की स्पैसिफिकेशन के अनुरुप होगी। (5) निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहां तक गाड़ी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी । (6) समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाओं के कार्य के लिए आदेश निर्णय करने का आदेश, सामग्री के गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। (7) निविदादाता को 15000/-रू0 धरोहर / सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। (8) ग्राम पंचायत की सपलाई आर्डर के अनुरुप ही सपलाइ आर्डर स्वीकार की जाएगी। (9) दरों का उल्लेख करते समय Tex Included या Excuded का उल्लेख करना भी आवश्यक है। (10) ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार मे एक ही मूल्य देय होगा तथा अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। (11) सामग्री लेने का अन्तिग मूल्य / निर्णय विभाग की जस्टीफिकेषन व पारित निविदादाता के साथ नेगोसिएशन अनुसार / उपरान्त किया जाएगा

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत तलूणा विकास खण्ड ,आनी जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

**पी. एम. श्री**
**राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्दर नगर**
**तहसील जोगिन्दर नगर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश**
**ई-मेल : ggssjnrwvv@gmail.com, दूरभाष 01908-222852**

**स्कूल कैंटीन के लिए निविदा**

स्कूल कैंटीन चलाने के लिए पात्र ठेकेदारों से प्रिंसिपल, पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल-जोगिंदर नगर, जिला-मंडी, हि.प्र., को सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। स्कूल के पास नियम और शर्तो वाला निर्धारित निविदा फॉर्म उपलब्ध है। निविदा फॉर्म की कीमत 200.00 रुपये है। खाली निविदा फॉर्म स्कूल के प्रशासनिक कार्यालय से 13.05.2025 से 16.05.2025 तक प्राप्त किया जा सकता है। 17.05.2025 शाम को 5:00 बजे के बाद कोई भी फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा 19.05.2025 को सुबह 11.00 बजे खोली जाएगी।

**प्रधानाचार्य**

**कार्यालय पंचायत कोट विकास खण्ड सदर मण्डी, जिला मण्डी (हि.प्र.)**

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

ग्राम पंचायत कोट विकास खण्ड सदर मण्डी जिला मण्डी द्वारा वित वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनु बिक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ दिनांक 25-05-2025 को सुबह 11 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पंजीकृत डाक बनी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 27-05-2025 को प्रातः 11:30 बजे ग्राम पंचायत पदाधिकारियों द्वारा पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी। आपसे अनुरोध है कि पारदर्शिता हेतु उस दिन स्वयं या अपने द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें। **सामग्री का विवरण -** 1. रेत (KANSA QUERRY) Per cubic meter 2. रेत (CRUSHER) Per cubic meter 3. बजरी (KANSA QUERRY) Per cubic meter 4. बजरी 10, 20,40mm (CRUSHER) Per cubic meter 5. सोलिंग/बोल्डर पत्थर -Per cubic meter 6. पत्थर (Cut Stone) Per cubic meter 7. ईंट- प्रति ईंट, 8. ह्युम पाईप (ब्यास (dia) के अनुसार-Per Pipe, 9. जेसीबी Per Hours, 10. सटरिंग - Per Square Meter, 11. सीमेंट ढुलाई , 12. सुचना पट्ट -4*4 फुट। **शर्तेः-** 1) निविदादाता के पास अपना पंजीयन, पैन संख्या, TIN नम्बर होना आवश्यक है। ii) दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएँ। iii) निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गयी सामग्री Per Bag Mandi to Tarnoh ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Farm जमा करवाने होंगे। iv) सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। v) आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा। vi) किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवता के चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरिक्षत रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। vii) सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहाँ तक गाडी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी। viii) सामग्री की आपूर्ति पंचायत से सप्लाई ओर्डर जारी होने के बाद ही दी जायेगी अन्यथा सप्लाई कर्ता स्वयं उतरदायी होगा । ix निविदाताओं को 25000/-रु धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सुचना पट्ट के निविदाताओं को अलग से 5000/-रु धरोहर राशि जमा करवानी होगी। x) × निविदाताओं को दरें निविदा में टैक्स सहित या बिना टैक्स के दर्शानी अनिवार्य होगी।

**प्रधान ग्राम पंचायत कोट विकास खण्ड सदर मण्डी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत चवाई**
**विकास खंड आनी, जिला कुल्लू, हि.प्र.**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**ग्राम पंचायत चवाई, विकास खंड आनी, जिला कुल्लू** के अन्तर्गत वर्ष 2025-25 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएं आमेंत्रित की जाती हैं। निविदाएं **दिनांक 16/05/2025 को 3 बजे तक** ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिएं। निविदाएं **दिनांक 17/05/2025 को 11 बजे** के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंगायत कार्यालय में खोली जाएंगी।

**सामग्री :** - 1. रेत, खान व केशर-प्रति घन फुट, 2. बजरी 10,20,40एमएम-प्रति घन फुट, 3. मारवल-प्रति घन फुट, 4. ईंट (द्वितीय श्रेणी)-प्रति नंबर, 5. शटरिंग-घनमीटर, 6. आरसीसी पाईप-प्रति नंबर, 7. जीआई पाईप-प्रति नंबर, 8. पीवीसी पाईप-प्रति नंबर, 9. एल्काथीन पाईप-कि.ग्राम., 10. जेसीबी-प्रति घन मीटर, 11. सीमेंट टाईल-प्रति नंबर, 12. ईंटरलॉक, पेवर, सीमेंट टाईल-प्रति नंबर, 13. जीआई शीट-प्रति नंबर, 14. फर्नीचर, सीमेंट ब्लॉक-प्रति नंबर, 15. स्टील 8,10,12एमएम-प्रति कि.ग्रा. 16.लोहा एंगल व शीटें-प्रति कि.ग्रा. 17. सीआईबी बोर्ड-प्रति नंबर, 18. वाल राईटिंग-प्रति अक्षर, 19. बागवानी पौधे, जंगली पौधे-प्रति नंबर, 20. इमारती लकड़ी-घन फुट, 21. क्रेटवायर-प्रति वंडल, 22. एल्युमिनियम फिटिंग-प्रति घन फुट, 23. पत्थर तोड़ान-प्रति घन फुट, 24. पत्थर ढोलान-प्रति घन फुट, 25. दीवार तथा फ्लोर टाईल-प्रति स्क्वेयर मीटर।

**नियम व शर्तेः-** 1. निविदा केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएंगी। 2. पंजीकृत सप्लायर अपना पंजीकरण नंबर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें तथा इसके साथ आर.सी. नंबर जी.एस.टी. सी.एस.टी. नंबर की छाया प्रति संलग्न करें। 3. सप्लाई की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता सही होनी चाहिए। 4. कम दर वाली निविदा को ही मंजूरी दी जाएगी। 5. यदि सप्लायर द्वारा सही समय पर सामग्री नहीं दी जाती है अथवा सामग्री की गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती तो उस स्थिति में निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेश प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। 6. सामग्री की दरें एक वर्ष के लिए वही रहेंगी तथा सामग्री जहां तक वाहन योग्य सड़क है वहां तक पीकप व टीप्पर से पंहुचा देनी होगी। 7. सप्लायर को खनन विभाग से हस्ताक्षरित X-Form या W-Form जमा करवाने होंगे। X-Form या W-Form उपलब्ध न करवाने की सूरत में निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेश प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। 8 सामग्री सप्लायर पंचायत प्रतिनिधियों का करीबी रिशतेदार नहीं होना चाहिए। 9. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, जीएसटी होना आवश्यक है। 10. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 11. निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहां तक गाड़ी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी। 12. निविदादाता को 30000/-रु. धरोहर/सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। 13 निविदादाता की समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 14. ग्राम पंचायत के सप्लाई आर्डर के अनुरूप ही सप्लाई स्वीकार की जाएगी। 15. दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 16. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 17. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की JUSTIFICATION पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION अनुसार उपरांत किया जाएगा। 18. निविदादाता अपना मोबाइल नंबर लिफाफे के बाहर लिखना सुनिश्चित करे।

**हस्ता./-**
**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत चवाई,**
**विकास खंड आनी, जिला कुल्लू, हि.प्र.।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत लफाली**
**विकास खण्ड ,आनी जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

विकास खण्ड आनी की ग्राम पंचायत लफाली में वित वर्ष 2025-26 में विकास कार्यों के निष्पादन हेतू आवष्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबन्द निविदांए आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनाँक 26/05/2025 को प्रातः 11 बजे तक ग्राम पंचायत लफाली के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं इसी दिनाँक 26/05/2025 को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत की क्रय कमेटी व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ग्राम पंचायत लफाली के कार्यालय में खोली जाएगी। **सामग्री का विवरणः-** (1) रेत खडड / नदी (प्रति घनमीटर) (2) रेत क्रैशर (प्रति घनमीटर) (3) बजरी खडड/नदी 10 एमएम 20एमएम 40 एमएम (प्रति घनमीटर) (4) बजरी क्रैशर 10 एमएम 20 एमएम 40 एमएम (प्रति घनमीटर) (5) बोल्डर (प्रति घनमीटर पत्थर तोडान-(प्रति चटटा) (6) पत्थर ढोलान (प्रति चटटा) (7) आरसीसी पाईप व कलवट 300 एमएम 450 एमएम 600 एमएम 900 एमएम प्रति नम्बर (8) जेसीबी हेतू (प्रति घंटा) (9) सिमेन्ट, टाईलस सभी आकार (प्रति नम्बर) (10) ईन्टरलाक टाईल सभी आकार (प्रति नम्बर) (11) स्टील 8 एमएम 10 एमएम 12 एमएम 16 एमएम (प्रति किलोग्राम) (12) एंगल व शीटे (प्रति किलोग्राम) (13) वाल राईटिंग तथा साईन बोर्ड (संख्या) (14) सिमेन्ट, ढुलान गाडी द्वारा रोड साईड तक (प्रति बैग) (15) एलकाथीन पीवीसी, व जीआई पाईपस सभी प्रकार (प्रति कि0ग्रा0/प्रति संख्या) (16) लकड़ी सभी प्रकार (प्रति घनमीटर) (17) CGI Sheet, Prepainted CGI Sheet 0.63mm,0.80 mm (प्रति कि0ग्रा0) 1. **नियम व शर्ते** - (1) निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय मे प्राप्त की जाएगी। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं की जाएगी। (2) निविदादाताओं के पास अपना पैन संख्या व जीएसटी होना अनिवार्य है। (3) ठेकेदार / आपूर्तीकताओं को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होगें। एम फार्म उपलब्ध न होने पर सामाग्री संबधित रायलटी नियमानुसार काटी जाएगी। (4) सामग्री की आपूर्ती लोक निमार्ण विभाग की स्पैसिफिकेशन के अनुरुप होगी। (5) निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहां तक गाड़ी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी । (6) समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाओं के कार्य के लिए आदेश निर्णय करने का आदेश, सामग्री के गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। (7) निविदादाता को 15000/-रू0 धरोहर / सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। (8) ग्राम पंचायत की सपलाई आर्डर के अनुरुप ही सपलाइ आर्डर स्वीकार की जाएगी। (9) दरों का उल्लेख करते समय Tex Included या Excuded का उल्लेख करना भी आवश्यक है। (10) ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार मे एक ही मूल्य देय होगा तथा अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। (11) सामग्री लेने का अन्तिग मूल्य / निर्णय विभाग की जस्टीफिकेषन व पारित निविदादाता के साथ नेगोसिएशन अनुसार / उपरान्त किया जाएगा

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत लफाली विकास खण्ड ,आनी जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

'जुल्म के आगे सिर झुकाना मर्द नहीं बनाता, मर्द वो होता है जो हक के लिए लड़ता है। –चंद्रशेखर आजाद

## संपादकीय

# बिगड़े बोल

जनप्रतिनिधियों से लेकर मंत्रियों और सांसदों तक जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग कई बार अपने बिगड़े बोलों से सबको हतप्रभ करते रहे हैं। आजकल मध्यप्रदेश के भाजपा नेता एवं जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह चर्चा में हैं। उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी का आतंकियों से नाम जोड़ा तो पूरे देश में बयानबाजियों का सिलसिला शुरू हो गया। हर कोई कर्नल सोफिया के शौर्य की प्रशंसा कर रहा है, लेकिन ये महाशय विजय शाह अनर्गल बयान देने में मशगूल हैं। उनके विवादित बयान की जमकर आलोचना हो रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत विपक्ष के कई बड़े नेताओं ने सरकार से उनके इस्तीफे की मांग की है। विजय शाह ने बीते दिनों ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अपने बयान में कहा था, 'आतंकियों ने कपड़े उतार-उतारकर हमारे हिंदुओं को मारा था। पीएम मोदी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी की तैसी करने के लिए उनके घर भेजा।

अब पीएम मोदी कपड़े तो उतार नहीं सकते थे, इसलिए उनकी समाज की बहन को भेजा कि तुमने हमारी बहनों को विधवा किया है तो तुम्हारे समाज की बहन आकर तुम्हें नंगा करके छोड़ेगी। देश का मान-सम्मान और हमारी बहनों के सुहाग का बदला तुम्हारी जाति, समाज की बहनों को पाकिस्तान भेजकर बदला ले सकते हैं। उन्होंने कहा था घर में घुसकर मारूंगा, घर में घुसकर मारा।' यह बात समझ से परे है कि एक तरफ केंद्र में भाजपा नीत सरकार आतंकियों को नेस्तानाबूद कर रही है तो दूसरी तरफ उन्हीं की पार्टी के नेता इस तरह की बेतुकी बातें कर रहे हैं। अब यह मामला और भी पेचीदा हो गया। आखिर हो भी क्यों न, क्योंकि यह भारत की एकता अखंडता को खतरे में डालने जैसा अपराध प्रतीत होता है। जाहिर है कि इस तरह का बयान सांप्रदायिकता को बढ़ावा दे सकता है।

भारत जैसे विविधता वाले लोकतांत्रिक देश में जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी केवल नीतियां बनाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि उनके बोल और व्यवहार भी समाज पर गहरा प्रभाव डालते हैं। जब किसी आम नागरिक की बात समाज को प्रभावित कर सकती है, तो सोचिए उन नेताओं की बातों का असर कितना व्यापक हो सकता है, जो राज्य या केंद्र सरकार में मंत्री पद पर बैठे होते हैं। मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया को लेकर दिए गए एक बयान में आतंकवाद से जुड़े शब्दों का प्रयोग किया, जिससे न केवल एक वीर सैनिक का अपमान हुआ, बल्कि देश की सेना के शौर्य पर भी प्रश्नचिन्ह लग गया। कर्नल सोफिया भारतीय सेना की एक गौरवशाली अधिकारी हैं, जिन्होंने भारत की रक्षा में अहम भूमिका निभाई है। विजय शाह के बयान में सांप्रदायिक विद्वेष, लैंगिक अपमान और राजनीतिक उद्दंडता तीनों की झलक मिलती है। सोशल मीडिया से लेकर समाचार चैनलों तक, इस मुद्दे ने जनता का ध्यान खींचा है। आम नागरिकों में भी इस बयान को लेकर गुस्सा है, क्योंकि इसने देश के वीर सैनिकों और महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाई है।

न्यायपालिका की ओर से उठाया गया सख्तीभरा कदम स्वागतयोग्य है, क्योंकि न्यायपालिका का यह हस्तक्षेप यह दर्शाता है कि भारत में कानून से ऊपर कोई नहीं है, चाहे वह किसी भी पद पर क्यों न बैठा हो। यह केवल एक व्यक्ति या समुदाय के अपमान की बात नहीं है, बल्कि यह उस सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाने की कोशिश है जिसे हमारे पूर्वजों ने बड़ी मेहनत से बुना है। भारत एक बहुधार्मिक, बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक राष्ट्र है। यहां हर नागरिक का संविधान के अंतर्गत बराबर सम्मान है, चाहे वह किसी भी जाति, धर्म या लिंग का हो। विजय शाह का बयान इस मूल भावना के खिलाफ है। भाजपा को स्वयं अपने मंत्री के इस बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मंगवानी चाहिए और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। इससे यह संदेश जाएगा कि पार्टी अनुचित बयानों को बर्दाश्त नहीं करती। हाईकोर्ट के आदेशानुसार, पुलिस को शीघ्रता से एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि न्याय की प्रक्रिया में देरी न हो। यह आवश्यक हो गया है कि जनप्रतिनिधियों को संवैधानिक मूल्यों, भाषाई संयम और सामाजिक जिम्मेदारियों को लेकर समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाए।

शांति और सौहार्द्र बनाए रखने के लिए समाज के विभिन्न वर्गों को एक साथ आकर एकता के संदेश को और मजबूत करना होगा। विजय शाह का बयान केवल एक विवाद नहीं, बल्कि उस सोच की प्रतिनिधि है जो सत्ता में आने के बाद संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को नजरअंदाज कर देती है। समाज और शासन मिलकर यह सुनिश्चित करें कि ऐसा दोबारा न हो। लोकतंत्र की खूबसूरती यही है कि वह आलोचना को जगह देता है, लेकिन आलोचना के नाम पर नफरत फैलाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी फिल्मों की धक-धक गर्ल

**माधुरी** दीक्षित हिंदी फिल्मों की एक प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। माधुरी दीक्षित 1987 से 2003 के समय की प्रमुख नायिकाओं में से एक हैं। वे एक प्रशिक्षित कत्थक नृत्यांगना भी हैं। माधुरी दीक्षित ने सन् 1984 में फिल्म 'अबोध' से अपने फिल्मी जीवन की शुरुआत की। मुंबई में मराठी परिवार में माधुरी दीक्षित का जन्म हुआ। पिता शंकर दीक्षित और माता स्नेहलता दीक्षित की लाडली माधुरी को बचपन से डॉक्टर बनने की चाह थी और शायद यह भी एक वजह रही कि माधुरी ने अपना जीवन साथी श्रीराम नेने को चुना जो कि पेशे से एक चिकित्सक हैं। माधुरी दीक्षित ने भारतीय हिंदी फिल्मों में एक ऐसा मुकाम तय किया है जिसे आज की अभिनेत्रियां अपने लिए आदर्श मानती हैं। डिवाइन चाइल्ड हाई स्कूल से पढ़ने के बाद माधुरी दीक्षित ने मुंबई यूनिवर्सिटी से स्नातक की शिक्षा पूरी की। 80 और 90 के दशक में इन्होंने स्वयं को हिंदी सिनेमा में एक प्रमुख अभिनेत्री तथा सुप्रसिद्ध नृत्यांगना के रूप में अपने आपको स्थापित किया। सन 2008 में उन्हें भारत सरकार के चतुर्थ सर्वोच्च नागारिक सम्मान पद्मश्री से सम्मनित किया गया। माधुरी दीक्षित को सन 2001 में नेशनल सिटीजंस पुरस्कार की उपाधि से सम्मानित किया गया था। ■



माधुरी दीक्षित
जन्म : 15 मई, 1965



कविता

### जीवन जीत जाएगा

डॉ. कौमार्या मनोज

*कर तैयारी जीत की अपनी, अब तेरे शेहरे की बारी है।*
*बहुत दिया दूजे को मौका, अब तेरे चेहरे की बारी है।।*
*कलम उठा फितरत हो ऐसी, अपने लिए कुछ लिख जाओ।*
*दूजे के पीछे बहुत चले तुम, अपने लिए भी जी पाओ।।*
*कलम देश की बड़ी है शक्ति,*
*ये भाव जगाने वाली है।*
*दिल ही नहीं दिमागों में भी अलाव जलाने वाली है।।*
*एक बार जो पकड़ लिया, तो तेरा भला हो जाएगा।*
*तू भी होगा दौर में आगे, तू जीवन जीत जाएगा।।*
*अपने दिल की बहुत किए तुम, कभी दिमाग की भी सुन लो।*
*आज अभी तुम कलम उठालो, फिर जीवन का जंग जीत लो।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# परिवर्तन प्रकृति का नियम है जो समय के साथ बदलता है

ऐसा माना जाता है कि सतयुग में मनुष्य की आयु 01 लाख साल तथा उस का कद 32 फुट हुआ करता था। त्रेतायुग में आयु 10,000 साल और कद 21 फुट था। द्वापर में मनुष्य की आयु 1000 साल और कद 11 फुट बताया गया। जबकि कलयुग आते-आते मनुष्य की आयु 100 साल तथा औसतन कद 5'6'' रह गया है।

हो सकता है कि कलयुग के अंत तक इंसान का कद 4 इंच और उस की आयु 12 साल तक सीमित हो जाए। त्रेतायुग में भगवान राम ने अवतार लिया और द्वापर में श्री कृष्ण ने अपनी लीलाएं दिखाई, लेकिन युग बदलने के साथ-साथ मनुष्य के आचरण, व्यवहार, जीवन शैली और नियमों में भी परिवर्तन आए। मर्यादा पुरुषोतम भगवान राम ने आदर्श जीवन बिताया और सदैव धर्म के मार्ग पर चले। दशानन रावण के साथ हुए युद्ध में कभी नियमों के विरुद्ध नहीं गए और न ही रावण सेना की ओर से कभी युद्ध नियमों का उल्लंघन सुनने को मिलता है। जब कि द्वापर युग में जब महाभारत का युद्ध लड़ा जा रहा था तो कई बार युद्ध नियमों को तोड़ा गया। स्वयं भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को समझाया कि धर्म की रक्षा के लिए यदि नियमों के विरुद्ध भी जाना पड़े तो भी संकोच नही करना चाहिए। अब बात करते हैं कलयुग की, जिस में हमारी कई पीढ़ियां अपना -अपना रोल निभा कर जा चुकी हैं, हम लोग अपना दायित्व अभी तक निभा रहे हैं और न जाने कितनी और पीढ़ियां इस युग ने अभी देखनी है।



लेखक: कुमार उमेश
पूर्व डीजीएम एनएचपीसी

हम लोगों की वर्तमान पीढ़ी ऐसी है जो बचपन में मां-बाप से डरी, स्कूल में अध्यापकों से डरी, ऑफिस में बॉस ने डराया, घर में बीवी ने धमकाया और तो और अपने बच्चों से भी हम डरे, लेकिन हमारी अगली पीढ़ी हम से बिलकुल अलग है। यदि वर्तमान समय के साथ हम अपने समय की तुलना करें तो पाठक पूर्णतया मुझ से सहमत होंगे कि वक्त और हालात कितने बदल गए हैं।



इसी कड़ी में चंद उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पुराने समय और आज के समय का विश्लेषण करते हैं। कुछ साल पहले तक विवाह समारोह घर में ही हुआ करते थे। यदि लड़की की शादी है तो पूरा गांव मिल कर बारात के स्वागत की तैयारी करता था। चूंकि धाम घर में ही बनती थी, इसलिए किसी के घर से बलटोही-बालटियां-बर्तन, किसी से कड़ाई, कहीं से पत्तल और कहीं से बिछाने के लिए टाट आदि मंगवाए जाते थे। युवाओं द्वारा धाम हेतु जंगल से लकड़ी का इंतजाम किया जाता था। सब महिलाएं मिलकर चावल, दाल तथा अन्य राशन साफ करती और साथ-साथ विवाह के गीत गुनगुनाए जाते।

बच्चे घर की सजावट के लिए आटे से बनी लेटी के साथ गुड्डी कागज की झंडिया लगाते थे। बारात के ठहरने का इंतजाम पंचायत घर या फिर किसी तालाब के नजदीक बड़े से पीपल या बरगद के पेड़ के नीचे किया जाता, जिसे डेरा कहते थे। जहां सर्दियों के दिनो में हल्की -हल्की आग पूरी रात जलती रहती, ताकि मेहमानों को ठंड न लगे। अक्सर पूरी बारात रात को रुकती, क्योंकि एक ही बस या ट्रक में सभी बाराती आते थे। आज के समय की तरह अलग-अलग गाड़ियां नही थीं। वहीं पर चाय तथा मठ्ठी-बूंदी का वितरण होता, जबकि धाम लड़की वालों के घर में परोसी जाती थीं। बारातियों को प्यार भरी गालियां सुनाते हुए भोजन कराया जाता तथा लड़की वालों के साथ-साथ पूरे गांव के लोग उस के बाद ही धाम में बैठते थे और बड़े ही खुशनुमा माहौल में सब के सहयोग से लड़की रीति अनुसार जोर-जोर से रोते हुए डोली में अगले दिन विदा होती। इस तरह के आयोजन आपसी तालमेल, आत्मीयता, परस्पर निर्भरता। इसके विपरीत आज के इस आधुनिक समय में शादियां बैंक्कवेट हाल या पैलेस में आयोजित की जा रही हैं। सजावट की जबरदस्त चका चौंध, पार्किंग से लेकर विवाह-स्थल तक पहुंचने के लिए इलैक्ट्रिक बग्गी, कान फोड़ु डीजे, रिशतेदारों से भी ज्यादा वेटर, जिन की ड्रेस बारातियों से भी बढ़िया होती है, अनगिनत स्नैक्स, सलाद का पिरामिड और दर्जनों व्यंजनों से भरपूर खाने के टेबल।

सब कुछ उपलब्ध रहता हैं, सिवाय सत्कार और अपनेपन के। चूंकि आजकल हर कोई ऐसे आयोजनों से परिचित है, इसलिए कोट की ऊपर वाली जेब में शगुन का लिफाफा डाल कर बीवी के साथ व्यक्ति अपनी हाजिरी डालने शादी में पहुंच जाता है। पहला और महत्वपूर्ण कार्य स्नैक्स के काउंटरस पर धावा बोलने का किया जाता है ,जो कि गोल -गप्पों से आगे बढ़ता हुआ पनीर टिक्का, आलू टिक्की , पिज्जा, स्प्रिंग रोल, दही बड़ा,पकोड़ा ,चाट पापड़ी, ढोकला, इडली को समेटते हुए अंत में मसाला डोसा पर जकर खत्म होता है । अंत में 'इंसान इतना भी बुरा नहीं होता जितना वह आधार कार्ड पर दिखता है और उतना भी अच्छा नहीं होता जितना वह फेसबुक पर दिखाई देता है'।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**


## नजरिया

# ऑपरेशन सिंदूर : आधुनिक युग में निर्णायक जीत

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को पूरी तरह से समाप्त घोषित नहीं किया है। अभी जो मौजूद है, वह ऑपरेशन में एक संवेदनशील ठहराव है। कुछ लोग इसे युद्ध विराम कह सकते हैं, लेकिन सैन्य नेतृत्व ने जानबूझकर इस शब्द से परहेज किया है। ऑपरेशन सिंदूर से भारत अपने रणनीतिक लक्ष्यों को पूरा करने और उससे आगे निकलने में सफल रहा है। 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में 26 भारतीय नागरिक, जिनमें ज्यादातर हिंदू पर्यटक थे का नरसंहार कर दिया गया। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के एक सहयोगी संगठन, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इसकी जिम्मेदारी ली। जैसा कि दशकों से होता आया है, इस समूह को पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) का समर्थन प्राप्त है, लेकिन पिछले हमलों के विपरीत, इस बार भारत ने इंतजार नहीं किया। उसने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की अपील नहीं की या राजनयिक विरोध पत्र जारी नहीं किया। इसने युद्धक विमान लॉन्च किए। 7 मई को, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जो एक त्वरिक और सटीक रूप से सुविचारति सैन्य अभियान था। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के अंदर नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालय और ऑपरेशन हब शामिल थे। संदेश स्पष्ट था पाकिस्तानी धरती से शुरू होने वाले आतंकवादी हमलों को अब युद्ध के कृत्यों के रूप में माना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए सिद्धांत को स्पष्ट कर दिया- 'भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत परमाणु ब्लैकमेल की आड़ में विकसित हो रहे आतंकवादी ठिकानों पर सटीक और निर्णायक हमला करेगा।' यह केवल एक जवाबी कार्रवाई से कहीं अधिक, एक रणनीतिक सिद्धांत का अनावरण था। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।' ऑपरेशन सिंदूर को इन चरणों में क्रियान्वित किया गया।



लेखक : जॉन स्पेंसर
अमेरिकी युद्ध विशेषज्ञ




**7 मई :** पाकिस्तानी क्षेत्र में गहराई नौ सटीक हमले किए। लक्ष्यों में बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद और अन्य स्थानों पर स्थित प्रमुख आतंकी प्रशिक्षण शिविर और लॉजिस्टिक्स नॉड शामिल थे।

**8 मई :** पाकिस्तान ने भारत के पश्चिमी राज्यों में बड़े पैमाने पर बहुत सारे ड्रोनों से जवाबी हमला किया। भारत के बहुस्तरीय वायु रक्षा नेटवर्क-स्वदेशी रूप से निर्मित तथा इजरायली और रूसी प्रणालियों द्वारा संवर्धित ने उनमें से सभी को निष्प्रभावी कर दिया।

**9 मई :** भारत ने छह पाकिस्तानी सैन्य हवाई अड्डों और यूएवी समन्वय केंद्रों पर अतिरिक्त हमलों के साथ जवाबी कार्रवाई की।

**10 मई :** गोलीबारी पर अस्थायी रोक लग गई। भारत ने इसे युद्धविराम नहीं कहा। भारतीय सेना ने इसे 'गोलीबारी का ठहराव' कहा-एक अर्थपूर्ण लेकिन जानबूझकर किया गया विकल्प जिसने स्थिति पर अपने रणनीतिक नियंत्रण को मजबूत किया। यह केवल सामरिक सफलता नहीं थी।

**प्राप्त रणनीतिक प्रभाव**

भारत ने नई लक्ष्मण रेखा खींची और लागू की। पाकिस्तान की धरती से होने वाले आतंकी हमलों का अब सैन्य बल से जवाब दिया जाएगा। यह कोई धमकी नहीं है। यह एक मिसाल है। भारत ने पाकिस्तान में किसी भी लक्ष्य पर इच्छानुसार हमला करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। आतंकवादी ठिकाने, ड्रोन समन्वय केंद्र, यहां तक कि एयरबेस भी। इस बीच,पाकिस्तान भारत के अंदर एक भी सुरक्षित क्षेत्र में घुसपैठ करने में असमर्थ रहा। यह समानता नहीं है। यह भारी श्रेष्ठता है। जो आलोचक तर्क देते हैं कि भारत को और आगे जाना चाहिए था, वे मुद्दे को समझ नहीं पाए। रणनीतिक सफलता विनाश के पैमाने के बारे में नहीं है भारत बदला लेने के लिए नहीं लड़ रहा था। वो प्रतिरोध के लिए लड़ रहा था और यह काम कर गया। भारत का संयम कमजोरी नहीं है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भारतीय** प्रधानमंत्री ने अपने राष्ट्रीय संबोधन में कुछ फैसले ऐसे किए हैं, जो कि अभी तक भारत के किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री ने नहीं कहे। प्रधानमंत्री का आश्वासन मान लें अथवा पाक के प्रति भारत की हुंकार मान लें, परंतु प्रधानमंत्री ने इन्हीं आधारों पर देश को संबोधित किया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' का एक पड़ाव पार करने के बाद प्रधानमंत्री ने देश को संबोधित किया है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा है कि अब भारत 'परमाणु ब्लैकमेल' बर्दाश्त नहीं करेगा। परमाणु ब्लैक मेलिंग की आड़ में पनपते रहे आतंकवादियों और उनके ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। इस संबोधन के बाद कई रक्षा एवं राजनयिक विशेषज्ञों ने परमाणु बम के 'पाकिस्तानी हव्वे' से राहत और स्वतंत्रता महसूस की है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी घोषणा की है कि यदि भविष्य में पाक के साथ बातचीत हुई, तो सिर्फ पीओके और आतंकवाद पर ही होगी। आतंकवाद और बातचीत, आतंकवाद और व्यापार साथ-साथ नहीं चल सकते। इसी तरह पानी और खून साथ-साथ नहीं बह सकते। **अतुल, टांडा**

# तपते पहाड़, सूखते स्रोत-जलवायु संकट पर हिमाचल की परीक्षा

इस बार की गर्मी कुछ अलग है। न केवल ज्यादा तपन लिए हुए, बल्कि चेतावनी बनकर आई है। यह चेतावनी उस संतुलन के टूटने की है, जो प्रकृति और मनुष्य के बीच कभी सहज था। लू की लपटें अब मैदानों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि इससे पहाड़ों की गोद में बसे हमारे हिमाचल में भी मई-जून के महीने अब झुलसाने लगे हैं।

**गर्मी और लू- मौसम नहीं, आपदा बनती स्थिति :** भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, 2024-25 के दौरान उत्तर भारत में सामान्य से 60 प्रतिशत अधिक हीटवेव डेज दर्ज किए गए हैं। हिमाचल के निचले क्षेत्र—जैसे ऊना, कांगड़ा और सिरमौर—अब 42-44°C के तापमान तक पहुंच चुके हैं, जो पारंपरिक औसत से लगभग 6°C अधिक हैं। पहाड़ों में बसे गांवों के लिए यह बदलाव अस्वाभाविक और भयावह दोनों है।



लेखिका : राधिका सैनी
तहसीलदार, नूरपुर

**जल संकट-हिमालय की धरती पर प्यास क्यों? :** हिमाचल, जिसे कभी 'पानी की धरती' कहा जाता था, आज वहां के सैकड़ों गांव वाटर टैंकर पर निर्भर हो चुके हैं। जल शक्ति विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2025 तक राज्य के 1156 जल स्रोत या तो सूख चुके हैं या उनके बहाव में 90% तक गिरावट आई है। यह केवल पानी की समस्या नहीं, बल्कि जीवन की लड़ाई है। स्कूलों में जल संकट से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। महिलाएं सुबह का अधिकांश समय पानी की खोज में बिता रही हैं। किसान समय पर सिंचाई न होने से फसलें गंवा रहे हैं। जंगली जानवर जल और भोजन के लिए गांवों की ओर उतर रहे हैं।

**अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य :** संयुक्त राष्ट्र की 2023 की वाटर सिक्योरिटी रिपोर्ट बताती है कि भारत में 40 करोड़ लोग जल असुरक्षा की स्थिति में हैं और ग्लोबल वार्मिंग के चलते अगले 10 वर्षों में हिमालयी क्षेत्र ग्लोबल हॉटस्पॉट ऑफ वाटर स्कारसिटी बन सकता है।



**सरकारी प्रयास- उम्मीद की किरण :** हिमाचल सरकार और भारत सरकार द्वारा कई स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत अब तक 85 प्रतिशत ग्रामीण घरों को नल से जल। इंटीग्रेटिल वाटर रिसोर्सिज मैनेजमेंट नीति के तहत जल स्रोतों का पुनर्भरण। हीटवेव एक्शन प्लान जिला स्तर पर लागू-विशेषकर शहरी गरीबों और स्कूलों के लिए। राज्य आपदा प्रबंधन योजना में लू और बाढ़ दोनों को समान प्राथमिकता।

**आने वाली वर्षा ऋतु, एक वरदान या अगली चुनौती?** मानसून, जो कभी राहत लाता था, अब असमय, अधिक या अनियमित होकर आपदा बनता जा रहा है। पिछले वर्ष हिमाचल में औसत से 13 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई, लेकिन इससे 220 से अधिक भूस्खलन, सड़क कटाव और बाढ़ की घटनाएं हुईं।

**हमारी तैयारियां क्या होनी चाहिए? :** वर्षा जल संचयन को हर सरकारी भवन और विद्यालय में अनिवार्य किया जाए। ग्राम स्तर पर जल पंचायतें बनें जो स्रोतों की निगरानी करें। नालों और खड्डों की सफाई पहले से हो ताकि बाढ़ न आए। कृषि वैज्ञानिकों की मदद से जल-कुशल फसलें अपनाई जाएं। पर्वतीय भवनों के लिए भूस्खलन-रोधी डिजाइन को अनिवार्य किया जाए।

**समय हमारे पास है, पर सीमित :** मौजूद समय में जलवायु परिवर्तन एक दस्तक नहीं दे रहा, बल्कि वह दरवाजा तोड़कर हमारे आंगन में प्रवेश कर चुका है। हमें अब भी चेतना है, तभी बदलाव संभव है। नीति, समाज और व्यक्ति-तीनों को मिलकर जल, भूमि और हवा की रक्षा करने का संकल्प लेना होगा। हिमाचल की पहाड़ियों से बहता जल केवल एक प्राकृतिक उपहार नहीं, बल्कि अगली पीढ़ी की सांस है। आइए, संकल्प लें-यह केवल 'सरकार की जिम्मेदारी' नहीं, यह हर नागरिक का धर्म है, क्योंकि जब पानी रूठता है, तो जीवन भी ठहर जाता है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# आतंकवाद को कुचलने की भारत की प्रतिबद्धता बरकरार

भारत कई वर्षों से आतंकवाद से जूझ रहा है। वैसे तो दुनिया के कई देश आतंकवाद के शिकार हुए हैं या हो रहे हैं, लेकिन भारत सबसे अधिक आतंकवाद से ग्रसित देशों में से एक है। सीमा पार से पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद एक बहुत बड़ी चुनौती है। आजतक भारत में आतंकवाद की कई घटनाएं हुई जिसमें न जाने कितने लोगों ने अपनी जान गंवा दी। हमारा देश भारत आतंकवाद को कुचलने के लिए प्रतिबद्ध है और यह प्रतिबद्धता आज भी बरकराह है। चाहे जम्मू-कश्मीर का आतंकवाद हो या मुंबई हमला या संसद भवन पर हमला हमारे देश की सेना, सुरक्षाबल और पुलिस इसे जड़ से मिटाने में दिन-रात लगे हुए हैं।





लेखिक : नरेंद्र कुमार शर्मा
जोगिंद्रनगर, मंडी

भारत सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति से हमने काफी हद तक इस पर काबू पाया है, लेकिन फिर भी इन आतंकवादियों की नापाक हरकतें कई बार इतनी घिनौनी होती हैं कि जिसे सुन या देखकर पूरा देश सहम उठता है। चाहे पुलवामा आतंकवादी हमला हो, उड़ी हमला हो या फिर 22 अप्रैल 2025 की पहलगांव की क्रूर आतंकवादी घटना। जम्मू-कश्मीर में सन 1989 से आतंकवादी घटनाएं बढ़ती गई और आतंकियों ने प्रशासन और जनता का जीना दूभर कर दिया। आतंकवाद किसी भी देश के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं हैं। सन 1971 की लड़ाई में पाकिस्तान के दो टुकड़े हो गए, लेकिन यह एक ऐसा देश है कि बार बार बुरी तरह से शिकस्त खाने के बाद भी अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आता। अभी-अभी आतंकवादियों ने जो पहलगांव में 26 निहत्थे पर्यटकों को उनका धर्म विशेष पूछकर मारा उससे सारा देश दहल उठा। धर्म विशेष पूछकर मारने की घटना ने पूरी दुनिया को आतंकवाद का घिनौना चेहरा दिखा दिया। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वीभत्स घटना को भारत की आत्मा पर गहरी चोट बताया और आतंकवादियों और उनके आकाओं को उनकी कल्पना से परे सबक सिखाने की बात कही। 6 और 7 मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया। हमारे देश की सेना और सुरक्षाबलों ने इस ऑपरेशन को इतनी सटीकता से अंजाम दिया कि आतंकवादियों के 9 ठिकानों को तबाह कर दिया गया। जिसमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। इस ऑपरेशन सिंदूर की खासियत यह थी कि पाक अधिकृत कश्मीर से बाहर भी पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी ठिकानों को घुसकर नेस्तनाबूद कर दिया। इस हमले में कोई आम नागरिक नहीं मारा गया और न ही पाकिस्तान की किसी दूसरी जगह कोई नुकसान हुआ। यह अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है।

इसका श्रेय हमारा देश के सुरक्षाबलों को जाता है जिन्होंने पूरी दुनिया को अपने शौर्य और बुद्धिमता का परिचय दिया। भारत के हथियारों के आगे पाकिस्तान के हथियार खोखले साबित हुए। हमारी रक्षा प्रणाली मेड इन इंडिया आकाश हो या रूस से खरीदी गई ऐस 400 इनके आगे पाकिस्तान की मिसाइलें और ड्रोन खोखले साबित हुई। हमारी ब्रह्मोस मिसाइल ने पाकिस्तान के एयरबेस को निशाना बनाकर भारी नुकसान पहुंचाया जिसकी पाकिस्तान ने कल्पना भी नहीं की होगी और यही वजह रही कि पाकिस्तान घुटनों के बल आ गया और युद्धविराम की गुहार लगाने लगा। जिसे भारत ने मान लिया और युद्ध को स्थगित किया और साथ ही यह भी संदेश दिया कि यदि पड़ोसी देश एक गोली चलाएगा तो भारत गोला चलाएगा। आतंकवाद का खात्मा तभी संभव होगा जब सभी देश एकजुट होकर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाएंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सरकाघाट अस्पताल के मेल वार्ड में गिरा छत का प्लास्टर, हादसा टला

## घटना के समय अधिकतर मरीज बाहर छाया में कर रहे थे आराम, 60 साल पुराना है भवन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**सरकाघाट** नागरिक अस्पताल के पुराने जर्जर भवन के पुरुष वार्ड में दोपहर के समय छत का प्लास्टर अचानक नीचे गिर गया। इस दौरान सौभाग्य से उस बेड पर कोई मरीज मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

घटना के समय अधिकतर मरीज अपने बिस्तरों से बाहर छाया में आराम कर रहे थे, जिससे किसी को कोई चोट नहीं पहुंची। हालांकि, वार्ड की दूसरी पंक्ति में कुछ मरीज अपने बेड पर थे, जिससे खतरा और बढ़ सकता था। यह पुराना भवन लगभग 60 वर्ष पुराना है, जिसकी छत से लंबे समय से पानी टपकने की शिकायतें थीं। इसे रोकने के लिए छत पर टीन की चादरें भी डाली गईं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं हो पाया है। विभाग ने भवन को साफ-सुथरा बनाए रखने की कोशिश की है, लेकिन जर्जर हो चुके ढांचे की सुरक्षा को लेकर सवाल बने हुए हैं।

नए भवन का निर्माण भी पिछले 12-13 वर्षों से अधूरा पड़ा है। इस दौरान प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही सरकारें रहीं, लेकिन किसी ने इस निर्माण को तेजी से पूरा करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई।

### इन्होंने जताई चिंता

**स्थानीय** सामाजिक संगठनों सहित मरीजों ने इस घटना के बाद चिंता जाहिर की है और जल्द से जल्द नए भवन का निर्माण पूरा करने की मांग की है, ताकि मरीजों को सुरक्षित और बेहतर इलाज मिल सके।


अस्पताल में गिरा प्लास्टर।

### जल्द करवाएंगे मरम्मत: डॉ. अजय

**इस** घटना के बाद अस्पताल के प्रभारी डॉ. अजय वर्मा ने बताया कि प्लास्टर गिरने की जानकारी मिल गई है। किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है और जल्द ही इसकी मरम्मत करवाई जाएगी। नए भवन के निर्माण को लेकर भी उच्चाधिकारियों को सूचित करेंगे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें।

## मतदाता सूची में दर्ज करवाएं नाम

**अनंत ज्ञान, गोहर।** निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नाचन विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मण सिंह कनेट ने सूचित किया है कि नाचन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों को 1 अप्रैल, 2025 को अहर्ता तिथि के आधार पर अद्यतन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के दौरान जिनकी पहली अप्रैल, 2025 को जिनकी आयु 18 साल या इससे अधिक हो चुकी है वे युवा अपने समीप के मतदान केंद्र के बूथ लेबल अधिकारी के पास जाकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे व्यक्ति अपने साथ एक रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो, आधार संख्या, आयु तथा निवास का प्रमाण पत्र साथ लेकर आएं।

# भ्रष्टाचार शिकायत पर प्रधान व सचिव पर गिरेगी गाज

## अदालत ने दोनों पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू करने के दिए आदेश

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

**संधोल** तहसील के घनाला पंचायत प्रधान व सचिव के विरुद्ध भ्रष्टाचार की शिकायतों को लेकर अदालत ने पुलिस को एफआईआर दर्ज करने और बीडीओ को मामले की तुरंत जांच शुरू करने के आदेश जारी किए हैं।

प्रधान और सचिव द्वारा पंचायत के सरकारी धन के दुरुपयोग करने को लेकर करीब तीन दर्जन ग्रामीणों ने सवा दो साल पहले आरटीआई लेकर खंड विकास अधिकारी धरमपुर जिला पंचायत अधिकारी मंडी और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तक कोई शिकायत भेजी थी परंतु इसका कोई भी असर न होने के बाद इन लोगों ने अदालत का रुख किया था। इस पर अदालत ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच के आदेश जारी किए हैं।

काबिले गौर है कि ग्राम पंचायत धनला के विकास कार्यों में काफी अन्यताएं बरती गई उसी को लेकर गांव के अर्जुन सिंह द्वारा पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों की आरटीआई जुटाई गई, जिसमें साबित हुआ कि प्रधान और सचिव ने कथित तौर पर पंचायत के पुराने भवन को गिराने पार्क निर्माण में धांधलीय सामुदायिक भवन धनला पर अवैध कब्जा करने और स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव में बनाए गए तीन सार्वजनिक शौचायलयों के निर्माण में भारी अनिमिताएं बरती हैं। इसी को लेकर उन्होंने तीन दर्जन अन्य ग्रामीणों के साथ 15 फरवरी, 2023 को इसकी शिकायत बीडीओ जिला पंचायत अधिकारी पंचायतीराज मंत्री और मुख्यमंत्री को की, परंतु इन शिकायतों को अनसुना कर दिया गया हालांकि 24 फरवरी, 2023 को जिला पंचायत अधिकारी द्वारा वीडियो धर्मपुर को इस मामले की जांच करने को लेकर पत्र लिखा था जो आज तक फाइलों में ही दवा था।

### शिकायतों पर 2 साल से नहीं हो रही थी सुनवाई

शिकायतकर्ता द्वारा इसे लेकर पुलिस स्टेशन संधोल में भी मामला दर्ज करवाया था पर कोई भी छानबीन नहीं हुई। शिकायतकर्ता अर्जुन सिंह ने अपने वकील भूप सिंह ठाकुर के माध्यम से अदालत में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर न्यायाधीश डॉक्टर युद्धवीर सिंह जुडिशल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास कैंप एट धर्मपुर में शिकायत की सुनवाई करते हुए प्रथम दृष्टि में अनियमताओं को देखते हुए इस मामले में पुलिस थाना धर्मपुर को एफआईआर दर्ज करने व जांच करने के आदेश जारी किए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### 18 साल वाले मतदाता सूची में दर्ज करें नाम

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** 27- सुंदरनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि भविष्य में होने वाले निर्वाचनों के मद्देनजर 27- सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों में 01अप्रैल 2025 की अहर्ता तिथि के आधार पर मतदाताओं का पंजीकरण किया जा रहा है। अतः 27- सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की आम जनता से आग्रह है कि वे अपने मतदान केन्द्र के बूथ लेवल अधिकारी के पास एक रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो, आधार संख्या, आयु और निवास के प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि साथ ले जा कर अपना और अपने परिवार के सदस्यों जो 1 अप्रैल को 18 वर्ष की आयु या इससे अधिक की आयु पूर्ण कर चुके हैं, उन सभी सदस्यों के नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करवाएं। इसके अतिरिक्त मतदाता सेवा पोर्टल (वीएसपी) वोटर हेल्पलाइन ऐप (वीएचए) पर भी ई- पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है।

### वन अधिकार कानून पर जागरूकता शिविर आज

**सुनील शर्मा, गोहर।** एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने बताया कि वन अधिकार अधिनियम (एफआरए), 2006 के तहत जागरूकता बढ़ाने के लिए वीरवार 15 मई 2025 को एक शिविर का आयोजन होगा। यह शिविर खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) गोहर के समिति कक्ष में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में खंड विकास अधिकारी गोहर, तहसीलदार चच्योट, नाचन, पंडोह, जैदेवी के वन परिक्षेत्र अधिकारी, पंचायत समिति सदस्य, पटवारी, कानूनगो, वन विभाग के वन रक्षक व अधिकारी, जिला परिषद सदस्य, पंचायत प्रधान, सचिव और वन अधिकार समिति के प्रधान व सचिव हिस्सा लेंगे। उन्होंने ने कहा कि शिविर का उद्देश्य वन अधिकार कानून के प्रावधानों, इसके कार्यान्वयन और व्यक्तिगत दावों की प्रक्रिया की जानकारी देना है। (अनंत ज्ञान)

### धर्मपुर कॉलेज में नए सत्र के लिए प्रवेश 1 जून से

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर में 1 से 19 जून के बीच सभी कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। महाविद्यालय प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि इस बार भी, पूर्व वर्षों की तरह, सभी विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से घर बैठे प्रवेश लेने की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इससे विद्यार्थियों को समय, संसाधन और अनावश्यक यात्रा की परेशानियों से राहत मिलेगी। प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार विभिन्न विषयों का चयन कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश धलारिया ने बताया कि यह संस्थान राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से 'बी ग्रेड' प्राप्त करने वाला एक मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान है।

### तीसरे कापू क्रिकेट कप राहला का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** शायरी खेल मैदान में हर वर्ष की भांति अब की बार भी तीसरे कापू क्रिकेट कप का आगाज हुआ। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत राहला के उप प्रधान भेद राम ठाकुर और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हरि चंद रहे। इस कप का आयोजन देव आदि ब्रह्म के राहला कापू मेले के उपलक्ष में हर वर्ष किया जाता है जिसमें लगभग 35 से 40 टीमें भाग लेती है। नारायण युवक मंडल शायरी के सदस्य भेद राम ठाकुर, पूर्ण चंद, मीनू, अरुण कुमार, चंद्र मणि, अभिषेक, ओमचंद, राकेश, पंकज, पियूष, प्रवीण, यश, ववेंदर, पप्पू, घनश्याम, पालू, विक्की आदि उपस्थित रहे। इस कप में प्रथम इनाम 41000 और दूसरा इनाम 21000 रुपए है साथ में मैन ऑफ़ द सीरीज और मैन ऑफ़ द फाइनल मैच का इनाम भी दिया जाएगा।

### सभी दिव्यांगों को डालें बीपीएल सूची में

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति की मासिक बैठक प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में समिति के कई पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की व सरकार से दिव्यांगों को अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन इत्यादि करने के लिए मजबूर न करने का आग्रह किया। अपनी मांगों में पेंशन बढ़ोतरी, पंचायत स्तर पर कृत्रिम अंगों तथा सरकारी सुविधाओं जैसे इलेक्ट्रिकल स्कूटी इत्यादि का आबंटन, दिव्यांग कर्मचारियों के लिए हर वर्ष 4 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस पर सरकारी छूटी, अपना कारोबार चलाने के लिए ब्याज रहित ऋण उपलब्ध करवाने, दिव्यांगों के यूडीआईडी प्राइवेट बसों में मान्य करने, सभी दिव्यांगों को बीपीएल की सूची में डालने इत्यादि के लिए मांग पत्र सरकार को भेजा।

### अब 16 मई तक कर सकते हैं आवेदन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य के बल पर पर्यटन को बढ़ाने की सरकार की योजना को लेकर देश भर से आमंत्रित किए गए टैंडरों के प्रति कम लोगों ने अपनी दिलचस्पी दिखाई है। माना जा रहा है कि वन विभाग के माध्यम से इको टूरिज्म के तहत प्रदेश भर के सौंदर्य स्थलों का जो चयन किया गया था उसके लिए देश भर के व्यावसायियों से टैंडर मांगे गए थे। इनमें मंडी जिले के भी 20 स्थानों को चयनित किया गया था। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जिले की सराज घाटी के ही 17 स्थलों का चयन किया गया था। इसके लिए सरकार ने 5 मई तक टैंडर मांगे थे मगर तय तारीख तक केवल 7 ही कंपनियों /व्यक्तियों ने इसके लिए आवेदन किया। ऐसे में सरकार ने इसकी तारीख बढ़ा कर 16 मई कर दी है। इसके अगले दिन टैंडर खोले जाएंगे और फिर जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद संबंधित पाटियों को साइट्स अलाट कर दी जाएंगी जहां पर वह एक निश्चित अवधि तक पर्यटन गतिविधियां चला सकेंगे।

## सुंदरनगर के बॉक्सर अनीकेत ने पटना में जीता रजत पदक

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**जिला** मंडी के सुंदरनगर उपमंडल के 18 वर्षीय बॉक्सर अनिकेत ठाकुर ने संपूर्ण देश में क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बिहार के पटना में आयोजित खेलो इंडिया यूथ नेशनल चैंपियनशिप के 85 किलोग्राम भार वर्ग में अनिकेत ने रजत पदक हासिल किया है। इससे पूर्व भी अनिकेत ने मात्र 16 वर्ष की आयु में कमाल करते हुए राष्ट्रीय स्तर की अंडर-19 स्कूल प्रतियोगिता में भी रजत पदक विजेता रह चुके हैं। पुलिस विभाग में कार्यरत अनीकेत के पिता तुले राम और माता निशा ठाकुर तथा परिवार के अन्य सदस्यों ने अनिकेत की जीत पर खुशी जाहिर की है। वहीं अनिकेत के कोच नरेश कुमार ने कहा कि अनीकेत एक मेहनती खिलाड़ी है और अपनी प्रैक्टिस को लेकर हमेशा समर्पित रहता है।



उन्होंने सभी युवाओं से अपील की है कि खेलों के प्रति अपना रूझान बढ़ाए। इससे जहां शारिरिक सेहत के साथ-साथ नशे के चुंगल से दूर रहा जा सकता है। खेलें युवाओं को शारिरिक और मानसिक तौर पर सुदृढ करने में अहम भूमिका निभाती हैं। वहीं जानकारी देते हुए पिता तुले राम ने बताया कि अनिकेत की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# बालाकामेश्वर कमेटी ने पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

## बल्ह में भक्तों ने पूजा-अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद लेकर लिया भंडारे का आनंद

**आदर्श, नेरचौक**

**बल्ह** के ग्राम देवता श्री देव सत बालाकामेश्वर नेर में वार्षिक भंडारे का आयोजन बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी भंडारे में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे और पूजा-अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

सतश्री देव बालाकामेश्वर प्रबंधन समिति द्वारा इस बार बालाकामेश्वर की जलेब में मुख्यातिथि के रूप में रिटायर्ड फौजी लिक के सदस्यों को बुलाया गया था। सतश्री देव बालाकामेश्वर प्रबंधन समिति द्वारा पर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला मंडी के वाइस चेयरमैन कैप्टन हेतराम शर्मा मंडी लीग के जनरल सेक्रेटरी कैप्टन वीर सिंह गुलेरिया, बल्ह लीग के चेयरमैन कैप्टन महेंद्र सिंह राणा, लीग के महासचिव मेघ सिंह चंदेल, रिवालसर लीग के अध्यक्ष सूबेदार गुरुदेव, लांस नायक मनोज, सूबेदार मानसिंह, सूबेदार मेजर जीवानंद, नायक प्रदीप कुमार, सूबेदार चक्रवर्ती, सूबेदार योगराज शर्मा, सिपाही वीरेंद्र कुमार, हवलदार देशराज, प्रताप सिंह, ज्ञानचंद, पदम नाथ, चंद्रमणि, सूबेदार मेजर दिनेश शर्मा, सूबेदार सुरेंद्र ठाकुर मौजूद रहे।


श्रीदेव सत बालाकामेश्वर नेर के वार्षिक भंडारे के दौरान देवता।

सतश्री देव बालाकामेश्वर प्रबंधन समिति के महासचिव गोविंद ठाकुर ने बताया कि 10 क्विंटल चावलों का भंडारा देसी घी की रसोई का पूरा भंडारा था। भंडारा सतश्री देव बालाकामेश्वर प्रबंधन समिति द्वारा ही किया गया। सुबह हवन-यज्ञ, कीर्तन और पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

कसराला पंचायत से मंदिर तक एक भव्य जलेब का आयोजन किया गया हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक लीग जिला मंडी के सदस्यों को विशेष रूप सेमंत्रित किया गया था इसके बाद दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। (अनंत ज्ञान)

# पंडित लेखराज शर्मा ने ज्योतिष निकेतन में काम कर रही बेटी का कन्यादान कर शादी का किया पूरा खर्चा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**उपमंडल** के द्रुब्बल गांव निवासी सेवानिवृत्त कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि यदि नीयत नेक हो और सेवा का संकल्प सच्चा हो, तो व्यक्ति सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज के लिए प्रेरणा बन सकता है। वर्तमान में वह जोगिंद्रनगर स्थित श्री शारदा ज्योतिष निकेतन में एक हस्तरेखा विशेषज्ञ के रूप में कार्य कर रहे हैं और सैकड़ों लोगों को मार्गदर्शन दे रहे हैं।


समाजसेवी पंडित लेखराज शर्मा नवविवाहित जोड़े के साथ।

कैप्टन शर्मा ने हाल ही की एक अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक घटना में उन्होंने श्री शारदा ज्योतिष निकेतन में 14 वर्षों से कार्यरत दिशा ठाकुर की शादी धूमधाम से करवाई। दिशा ठाकुर, जो कि मंडी जिले के कटौला क्षेत्र के कटीढी गांव से संबंध रखती हैं, बहुत ही कम उम्र में काम सीखने आई थीं और वर्षों तक कैप्टन शर्मा के साथ निष्ठा से कार्य करती रहीं।

कैप्टन लेखराज शर्मा ने दिशा को अपनी बेटी के समान माना और जब उनके विवाह की बात आई तो उन्होंने आगे बढ़कर न केवल कन्यादान किया, बल्कि शादी का संपूर्ण खर्च उठाया। उनकी धर्मपत्नी संतोष राज शर्मा तथा पूरे परिवार ने मिलकर दिशा की शादी को अपने घर की शादी की तरह मनाया।

शादी के दौरान हर रस्म पूरी श्रद्धा और भावनात्मक जुड़ाव के साथ निभाई गई। उनका मानना है कि कन्यादान सभी दानों में श्रेष्ठ और सबसे पुण्यदायी होता है। उनके इस कार्य की पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## मतदाता जागरूकता क्लब मतदान को लेकर करेंगे जागरूक

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान में मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से नियमित रूप से मतदाता जागरूकता गतिविधियां चलाई जाएंगी। इसका उद्देश्य नव मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी देना और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को मतदात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 34 बल्ह विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी समृतिका नेगी ने बताया कि 17 मई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगला और अभिलाषी शिक्षण महाविद्यालय, नेरचौक में कार्यक्रम होंगे।

# सेना के सम्मान में जनता के साथ कल निकालेंगे तिरंगा यात्रा: निहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**आज** हम सभी अपने अपने घरों मे सुरक्षित है तो सेना के जवानों की वजह से हैं। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत के धैर्य, शक्ति और संकल्प का प्रतीक है। देश को अपनी सेना और नेतृत्व पर गर्व है।

भाजपा के जिला अध्यक्ष निहाल ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक नीति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के माध्यम से सेना ने न केवल पाकिस्तान के अंदर चल रहे आतंकी कैंपों को तबाह किया है। यह देश के 140 करोड़ लोगों की भावनाओं का सम्मान है। दलगत राजनीति से उपर उठकर आज सेना के द्वारा किए गए ऐतिहासिक काम के लिए उनके साथ खड़े होने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में देश और समाज हित में काम करने वाली सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ता, पूर्व कर्मचारी, पूर्व सेना मे रहे जवान, नौजवान , पड़ने वाले छात्रों से निवेदन है कि इस सेना के सम्मान मे निकाली जा रही तिरंगा यात्रा में भाग लें। इस तिरंगा यात्र को 16 मई को 11 बजे मंडी पड्डल ग्राउंड में इकट्ठा होकर नया पुल से होकर चौहटा बाजार से सेरी मंच तक निकला जायेगा। इस तिरंगा यात्रा मे पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसमें भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, मंडी जिला के अन्य विधायक भी भाग लेंगे।

# भाजपा आज तक नहीं करवा पाई सांसद की मौत पर सीबीआई जांच: जसवाल

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

**ब्लॉक** कांग्रेस जोगिंद्रनगर के प्रवक्ता विवेक जसवाल ने बुधवार को लडभड़ोल में पत्रकारवार्ता के दौरान मंडल भाजपा प्रवक्ता केहर सिंह व जोगिंद्रनगर विधायक प्रकाश राणा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता और उनके प्रवक्ता आज कांग्रेस नेता और सरकार पर गंभीर, लेकिन निराधार आरोप लगा रहे हैं, जबकि खुद उनके दामन में बड़े सवालों के जवाब नहीं हैं।

जसवाल ने सबसे पहले भाजपा नेताओं से यह पूछा कि मंडी से दो बार सांसद रहे स्व. राम स्वरूप शर्मा की रहस्यमयी मौत की सीबीआई जांच आज तक क्यों नहीं करवाई गई? चार साल तक कुछ नहीं किया गया। जसवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा के किसी भी वरिष्ठ नेता ने सांसद के चतुर्वाषिक श्राद्ध में भी शामिल न होकर परिवार को सांत्वना नहीं दी। पूर्व सांसद की पत्नी को न्याय की गुहार के लिए मीडिया के सामने आना पड़ा। उन्होंने कहा कि मंडल भाजपा प्रवक्ता को ऐसे मामलों में बयानबाजी करने से पहले आत्ममंथन करना चाहिए। जसवाल ने यह भी कहा कि कांग्रेस नेताओं और सुक्खू सरकार पर जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वे बेबुनियाद हैं और जनता भाजपा की इस झूठी बयानबाजी को भलीभांति समझ रही है। जसवाल ने विधायक राणा के 'सुपर पावर' वाले बयान पर भी करारा तंज कसते हुए कहा कि अगर विधायक खुद को सुपर पावर मानते हैं, तो वे बताएं कि विधानसभा क्षेत्र में कौन-सा ऐसा ऐतिहासिक कार्य उन्होंने किया है। (अनंत ज्ञान)

### झूठे आरोप, ड्रामा व विकास के दावों पर भी उठाए सवाल

## 17 मई को शिक्षण संस्थानों में विशेष इलेक्टोरल लिटरेसी गतिविधियों का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नाचन विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मण सिंह कनेट ने सूचित किया है कि नाचन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों को पहली अप्रैल, 2025 को अहर्ता तिथि के आधार पर अद्यतन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के दौरान जिनकी पहली अप्रैल, 2025 को जिनकी आयु 18 साल या इससे अधिक हो चुकी है वे युवा अपने समीप के मतदान केंद्र के बूथ लेबल अधिकारी के पास जाकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे व्यक्ति अपने साथ एक रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो, आधार संख्या, आयु तथा निवास का प्रमाण पत्र साथ लेकर आएं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त मतदाता सेवा पोर्टल के माध्यम से भी ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार नए मतदाताओं को जागरूक करने एवं उनके पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए नाचन विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले सभी शिक्षण संस्थानों में इलेक्ट्रोरल लिटेरेसी क्लब का गठन किया गया है। इन संस्थानों में 17 मई को विशेष इलेक्ट्रोरल लिटरेसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# सीबीएसई परीक्षा में माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल जोगिंद्रनगर का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**माउंट** मौर्या इंटरनेशनल स्कूल जोगिंद्रनगर ने वर्ष 2025 की सीबीएसई दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर एक और उपलब्धि अपने नाम की है। इस शानदार प्रदर्शन से स्कूल ने क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी साख को और मजबूत किया है। दसवीं कक्षा में वंशिका ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि नैन्शी शर्मा ने 92 प्रतिशत और अंशिका ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बाहरवीं में विज्ञान संकाय में रोनित ठाकुर और काशवी शर्मा दोनों ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कृति 85 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। बाहरवीं के वाणिज्य संकाय में आंचल ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, शायवी राणा ने 80 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और सिद्धि गोयल ने 79 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय निदेशक मनोज ठाकुर ने कहा कि यह परिणाम हमारे छात्रों की अथक मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।


वंशिका, नैन्शी शर्मा, अंशिका, रोनित ठाकुर, काशवी शर्मा, कृति, आंचल, शायवी राणा, सिद्धि गोयल

# पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा के पंजीकरण से कल्याणकारी कार्यों को करने में मिलेगा बल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**3** मई, 2024 को संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओ आर) हिमाचल का भारतवर्ष के सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 व हिमाचल के सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 2006 के अंतर्गत पंजीकरण हो गया है जिससे इस पूर्व सैनिक संगठन को पूर्व सैनिकों, वीर नारियों व उनके आश्रित परिवारों के कल्याणकारी कामों को कराने के लिए और मजबूती प्राप्त होगी।

यह बात पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा सेवानिवृत्ति, लेफ्टिनेंट रमेश कुमार तपवाल महासचिव तथा कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान ने एक संयुक्त प्रेस बयान में कही। कैप्टन जगदीश वर्मा ने बताया कि यह पूर्व संगठन न केवल पूर्व सैनिकों के वन रैंक वन पेंशन को सही रूप में दिलाने के लिए काम करेगा, बल्कि इसके अलावा पूर्व सैनिकों की उनसे संबंधित पेंशन के मामले, मेडिकल व सीएसडी कैंटीन संबंधित समस्याओं को भी संबंधित विभागों तथा सेना मुख्यालय नई दिल्ली से संपर्क करके उनका उचित हल निकालने के लिए कार्यरत रहेगा।

उन्होंने दुख जताया कि पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए जिला सैनिक वेलफेयर कार्यालय, सैनिक वेलफेयर कॉरपोरेशन हमीरपुर तथा अन्य कई विभाग तो अवश्य खोल रखे हैं परंतु इन विभागों द्वारा पूर्व सैनिकों के कार्यों को करने के बारे में हो रही उदासीनता को देखते हुए कोई कार्रवाई नहीं होती है, यही कारण है कि आज पूर्व सैनिकों के संगठनों को उन कल्याणकारियों कार्यों को करने के लिए कदम उठाने पड़ते हैं।

### इन समस्याओं के कारण होती है परेशानी

**आज** स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के बाद भी हिमाचल रेजिमेंट का भारतीय सेना में गठन न होना, सीएसडी डिपो का प्रदेश में न होना, कई स्थानों में चिकित्सा सुविधा व सीएसडी सुविधाओं का अभाव, पूर्व सैनिकों की नौकरियों में आरक्षण पॉलिसी का उल्लंघन आदि कई प्रकार के समस्याएं हैं जिनसे पूर्व सैनिकों को दो-चार होना पड़ता है तथा इन सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए उन्हें दूर-दूर स्थानों पर जाकर धक्के खाने को मजबूर होना पड़ता है।

**अनदेखी** एसडीएम ने 15 मई तक दी थी डेडलाइन, किसान सभा व अन्य संगठन 20 को बोलेंगे हल्ला: भूपेंद्र

# एनएच कंपनी ने निर्माण कार्य में नहीं किया कोई भी सुधार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**हिमाचल** किसान सभा, एनएच प्रभावित संघर्ष समिति, चोलथरा व्यापार मंडल व नागरिक सभा सरकाघाट गाब्बर एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ 20 मई को सरकाघाट में हल्ला बोलेगी। पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, सभा के अध्यक्ष रणताज राणा, दिनेश काकू संघर्ष समिति के पूर्ण चंद पराशर, अमृत लाल, चोलथरा व्यापार मंडल के बिहारी लाल और रिखी राम बन्याल, रमेश भारद्वाज व नागरिक सभा के विजय कौशल और बीडी शर्मा ने कहा कि हमीरपुर से सरकाघाट वाया धर्मपुर कोटली मंडी के लिए एनएच निर्माण कार्य पिछले तीन साल से चल रहा है। लकिन गाब्बर निर्माण कंपनी की हालात ऐसे हैं कि एक तरफ काम कछुआ चाल चल रहा है तो दूसरी तरफ ये मनमर्जी से कार्य कर रहे हैं।



बेतरतीब की गई कटिंग के कारण घर को खतरा।

अवाहदेवी से पाड़छु यूनिट वन के काम की हालत ऐसी है कि दो चार दिन काम करने के बाद कई महीने काम बंद रहता है और कंपनी के अधिकारी भी नदारद रहते हैं। हालांकि स्थानीय प्रशासन के सामने वे हर बार एक समय सीमा इसे पूरा करने के लिए तय जरूर कर देते हैं लेकिन उसके बाद गायब हो जाते हैं। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले महीने 11 तारीख को हिमाचल किसान सभा द्वारा एसडीएम सरकाघाट को ज्ञापन सौंपा था और उन्होंने जांच कमेटी के माध्यम से जांच करवाई थी और 2 मई को समीक्षा बैठक करके 15 मई तक घरों के आसपास सुरक्षा दीवारें लगाने, रखोह बाजार में नालियां बनाने व चोलथरा बाईपास से बाजार के लिए बनी सड़क को बहाल करने के आदेश जारी किए थे, लेकिन कुछ जगह एक दो दिन काम करने के बाद अब फिर से काम बंद है और बरसात आने वाली है। कंपनी ने पाड़छु में गासियां खड्ड पर अवैध डंपिंग की हुई है तो पाड़छु के आगे की गई अवैध ब्लास्टिंग से 16 घरों को हुए नुकसान का मुआवजा अभी तक नहीं दिया है। किसान सभा ने इस कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और कोर्ट में मामला दर्ज करने का भी निर्णय लिया है।

### कंपनी स्थानीय मजदूरों को प्रदेश सरकार के नियमों अनुसार नहीं दे रही है रोजगार

**एनएच** निर्माण कंपनी स्थानीय युवकों को निर्धारित शर्तों के अनुसार रोजगार नहीं देती है और पिछले दिनों कंपनी के खिलाफ आवाज उठाने के लिए जो गिने चुने स्थानीय मजदूर लगाए थे उन्हें रातों-रात घर भेज दिया था और जो अप्रवासी मजदूर रखे हैं उन्हें कंपनी ने बंधुआ मजदूर बनाया हुआ है जिन्हें खाने, ठहरने और जरूरी सुविधाएं श्रम कानूनों के अनुसार नहीं दी जा रही है। किसान सभा स्थानीय युवकों को 70 प्रतिशत देने की भी मांग कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम और डीजीपी को भेजा पीड़ित का शिकायत पत्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा मुख्यालय पर शराब ठेकेदार द्वारा 15 बाउंसरों को साथ लेकर किए गए हमले में स्थानीय व्यवसायियों और नागरिकों में भारी जन आक्रोश है। पीड़ित राजेश कुमार ने न्याय के लिए बंगाणा व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार सैंटी को शिकायत पर सौंपा था और न्याय की गुहार लगाई थी। वहीं, बंगाणा व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार सैंटी ने कहा कि पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायत पर को हमने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, राज्य गृह मंत्रालय एवं प्रदेश के डीजीपी को भेज दिया है। इस पत्र में उन्होंने एक होटल पर बाहरी बाउंसरों द्वारा किए गए हमले की शिकायत दर्ज की है। बंगाणा व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद कुमार सैंटी ने इस घटना को अत्यंत निंदनीय करार देते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की शिकायत है या लेन-देन से संबंधित कोई मुद्दा है, तो उसके लिए प्रशासन और पुलिस की व्यवस्था है।

### पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी को भेंट की बैडमिंटन किट

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रतिभाशाली पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी अंब के प्रताप नगर निवासी दिशांत चौधरी ने उपायुक्त कार्यालय में डीसी जतिन लाल से विशेष भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान उपायुक्त ने दिशांत को एक बैडमिंटन किट भेंट की और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का परचम लहराएंगे। उपायुक्त ने कहा कि वित्तीय चुनौतियों के बावजूद दिशांत ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल के प्रति अदम्य समर्पण और जुनून को कायम रखा है जो कि अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उनकी इस प्रतिबद्धता और खेल के लिए जुनून को देखते हुए रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से उन्हें बैडमिंटन किट प्रदान की गई है। बता दें, दिशांत चौधरी ने बैडमिंटन खेल में अब तक तीन बार राज्य चैंपियन बनने के साथ-साथ दो बार राष्ट्रीय स्तर पर उपविजेता रहकर जिला ऊना और हिमाचल प्रदेश का नाम चमकाया है। इस दौरान जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव संजय संख्यान भी उपस्थित रहे।

### संधू जठेरे मंदिर त्यार में भंडारा 18 मई को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** संधू जेठरे कल्याण समिति गांव त्यार, कठोह पंचायत की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता समिति के प्रधान रमेश संधू ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि वार्षिक भंडारा 18 मई को त्यार में होगा। यहीं पर निर्मित संधू जठेरे मंदिर में पूजा-अर्चना होगी। इस धार्मिक आयोजन में मेला में समस्त संधू परिवार हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-काश्मीर, दिल्ली व अन्य राज्यों से पहुंचेंगे। समिति के सचिव हरी चंद संधू ने सभी से आह्वान किया है कि इस भंडारा आयोजन मेला में धार्मिक अनुष्ठान होंगे, में पहुंचकर इसकी शोभा बढ़ाएं। बैठक में उपप्रधान पवन कुमार, सुरिंद्र सिंह संधू, एमसी नगर सुरजीत सिंह, परेश, पवन कुमार, दर्शन सिंह, राहुल, राजिंद्र सिंह, सरपंच पजाद, रणधीर, हुसन, मोहन, प्रकाश चंद व अन्य मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट परिणाम लाने पर सम्मान समारोह आयोजित



**अनंत ज्ञान, ऊना।** सीबीएसई बोर्ड के उत्कृष्ट परिणाम पर स्कॉलर्स यूनिफाइड के प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

### मुबारिकपुर में युवाओं को दी जा रही आपदा प्रबंधन की जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुबारिकपुर स्थित गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम टास्क फोर्स यूथ वॉलिंटियर्स फॉर बेटर डिजास्टर प्रिपेरेडनेस विषय पर आधारित है, जिसका उद्देश्य युवाओं को आपदा प्रबंधन की बुनियादी जानकारी देना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम में विकास खंड गगरेट की विभिन्न पंचायतों से आए 53 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन उपायुक्त ऊना एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशानुसार किया गया है। इसमें भाग ले रहे युवाओं को आपदा से पूर्व तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया, बचाव तकनीक, प्राथमिक उपचार, एवं संचार कौशल जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर विकासखंड अधिकारी गगरेट, सुरेंद्र कुमार जेटली व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### नए वेतन संहिता नियमों में हो संशोधन



लेबर कमिश्नर से मिले केपसी के पदाधिकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नए वेतन संहिता नियम को लेकर प्रदेश में विभिन्न एजेंसियों से जुड़े प्रतिनिधियों ने शिमला में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन व लेबर कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। केपसी के महासचिव ललित जसवाल ने ज्ञापन देते हुए बताया कि नए नियमों में यह प्रावधान किया गया है कि अगर कोई भी कंपनी, ठेकेदार माह की 7 तारीख से पहले कर्मी को पगार न दे से संबंधित एजेंसी व ठेकेदार को वेतन संहिता नियम के अंतर्गत 50 हजार का जुर्माना किया जा सकता है। उन्होंने दलील दी कि कई बार संबंधित कंपनियां व ठेकेदार 7 तारीख से पहले पगार नहीं देते, ऐसी स्थिति में वे किस प्रकार कर्मियों की पेमेंट करेंगे। उन्होंने अपना सुझाव देते हुए कहा कि इस नियम को लागू करने से पहले इसमें संशोधित किए जाना निहायत जरूरी है। इस बाबत प्रदेश के उद्योगमंत्री व लेबर कमिश्नर को भी नियम संशोधित करने के लिए मामला ध्यान में लाया गया है। ललित जसवाल ने कहा कि यदि इस प्रावधान को जल्द संशोधित नहीं किया गया, तो इसका प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री पर गंभीर प्रभाव देखने को मिलेगा। इससे हजारों एजेंसियों के संचालन पर संकट आ सकता है और लाखों सुरक्षा कर्मियों का भविष्य दांव पर लग सकता है, जिससे 'विकसित और सुरक्षित भारत' के लक्ष्य को भी झटका लगेगा। उन्होंने सभी हिमाचल प्रदेश एवं केंद्र के संबंधित सरकारी विभागों और अधिकारियों से इस मुद्दे पर तत्काल हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि उद्योगमंत्री व लेबर कमिश्नर के मामले को लेकर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# मैदान के निर्माण का कार्य शुरू

## 35 कनाल की भूमि पर बन रहे खेल मैदान में इस बार 5 जून से होगा पिपलू मेला



पिपलू मेले के लिए पहाड़ी की शुरू हुई कटिंग।

### निर्माण में पर्यावरण संतुलन का रखा जा रहा ध्यान

**डीएफओ** सुशील राणा ने बताया कि केवल सूखे और बाधा बन रहे पेड़ों के कटान की अनुमति दी गई है और इस प्रक्रिया में पर्यावरण संतुलन का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। स्थानीय जनता के बीच इस मैदान के निर्माण को लेकर भारी उत्साह है। लोगों को विश्वास है कि यह मैदान न केवल पिपलू मेले की दशा और दिशा बदलेगा बल्कि बच्चों और युवाओं के लिए खेल प्रशिक्षण, टूर्नामेंट्स और अन्य आयोजनों का एक स्थायी केंद्र बनेगा। इसके अलावा, क्षेत्र की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा क्योंकि मेला और खेल गतिविधियों के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे होटल, दुकान, टैक्सी सेवा जैसे छोटे व्यापारों को भी लाभ होगा।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में सोलहसिंगी धार के ऊंचे टीले पर स्थित नरसिंह नारायण मंदिर पिपलू अब एक नई पहचान की ओर अग्रसर हो चुका है। सोलहसिंगी धार की खूबसूरत पहाड़ियों की गोद में पीपलू के पास 35 कनाल भूमि पर 35 लाख से बन रहा खेल मैदान न केवल क्षेत्र की खेल गतिविधियों को नई दिशा देगा, बल्कि पर्यटन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरेगा।

यह मैदान आने वाले समय में धर्मशाला मैदान जैसी सुंदरता और सुविधाओं का प्रतीक बन सकता है। तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेला कुटलैहड़ क्षेत्र की संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। यह मेला पिछले 15 वर्षों से निरंतर जिला स्तरीय आयोजित होता आ रहा है और इसमें स्थानीय जनता के साथ-साथ आसपास के विस क्षेत्रों एवं जिलों से भी भारी संख्या में लोग भाग लेते हैं। हालांकि, मेले के आयोजन स्थल की सीमित क्षमता के कारण हर वर्ष भीड़-भाड़ की स्थिति उत्पन्न होती थी, जिससे मेले के आयोजन में कई बार असुविधाएं सामने आती थीं।

जनता की लंबे समय से यह मांग रही थी कि मेले के आयोजन के लिए एक बड़ा और समतल मैदान तैयार किया जाए ताकि मेले को और भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से मनाया जा सके। अंततः यह सपना साकार हो रहा है। बीते वर्ष जिला स्तरीय पीपलू मेले के दौरान कुटलैहड़ विधानसभा के विधायक विवेक शर्मा ने मंच से यह घोषणा की थी कि अगला मेला एक भव्य और विशाल मैदान में आयोजित किया जाए।

इस घोषणा को अब मूर्त रूप दिया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सहयोग से इस योजना को धरातल पर उतारा है। 35 लाख रुपए की लागत से 35 कनाल भूमि पर यह मैदान तैयार किया जा रहा है। कार्य युद्धस्तर पर शुरू हो चुका है और लक्ष्य है कि इस वर्ष का तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेला जो 5 जून से 7 जून तक इसी मैदान में आयोजित किया जाए। सोलहसिंगी धार की पहाड़ियों के बीच स्थित यह मैदान प्राकृतिक दृष्टि से भी अत्यंत सुंदर है और यदि उचित योजनाएं बनाई जाएं तो यह मैदान हिमाचल प्रदेश के शीर्ष पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है। कुटलैहड़ के ऐतिहासिक तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेले के लिए खेल मैदान निर्माण के लिए फॉरेस्ट विभाग से जरूरी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है।

यह क्षेत्र वन भूमि के अंतर्गत आता था, जहां कुछ सूखे पेड़ मौजूद थे। वन विभाग द्वारा इन पेड़ों के काटने की अनुमति दी गई ताकि मैदान को समतल और उपयुक्त बनाया जा सके।

# प्रदेश में जनता त्रस्त और खनन माफिया पूरी तरह मस्त : युवा मोर्चा



युवा मोर्चा ने जारी किया ऊना जिला माफिया द्वारा किया गया खनन का फोटो।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले में आम जनमानस सरकार के और प्रशासन के व्यवहार से त्राहि-त्राहि कर रहा है, वहीं खनन माफिया अपना काम धड़ल्ले से कर रहा है। यह बात युवा मोर्चा पदाधिकारियों ने कही है। युवा मोर्चा ऊना के अध्यक्ष रूपिंदर सिंह देहल, जसविंदर सिंह, अनीश ठाकुर, वरुण मेहन, विक्की सैनी, धीरज मेहराल, आकाश पुरी ने कहा कि प्रशासन की गलत नीतियों का विरोध किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ऊना जिले में खनन का काम रेत माफियाओं के द्वारा धड़ल्ले से निडरता के साथ दिन के उजाले में खुलेआम किया जा रहा है, पुलिस प्रशासन मूकदर्शक की भांति इन सभी गतिविधियों पर आंखें बंद करके बैठा है। इसके विपरीत आम जनता अगर अपने घर का निजी सामान, दवाई आदि लेने बाजारों में आते हैं तो इन लोगों के चालान किए जा रहे हैं जिससे आम जनता ही नहीं व्यापारी वर्ग भी त्राहि-त्राहि कर रहा है।

इससे तो यह प्रतीत हो रहा कि सरकार ने माइनिंग माफियाओं को न पकड़ कर आम जनता को तंग करने व उनसे पैसा वसूलने के आदेश दे दिए हैं। अगर आम जनता को तंग करना, भारी चालान करना बंद ना किया गया तो युवा मोर्चा इसका विरोध ही नहीं करेगा, बल्कि सड़कों पर उतरेगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा ऊना विधानसभा की जनता से साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा है क्योंकि हमारे लिए जनता ही सर्वप्रिय है।

## चिट्टे के साथ बिहारी युवक धरा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी के साथ लगती पुलिस चौकी मोईन ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पिंटू पुत्र शंभू निवासी कटिहार बिहार को 5 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्तमान में गांव व डाकघर मुहल तहसील देहरा जिला कांगड़ा का निवासी है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इस बात की पुष्टि एसपी देहरा मयंक चौधरी ने की है। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने कहा कि नशे के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या देहरा पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 01970-290581 पर दें। एसपी ने कहा कि नशे के विरुद्ध इस लड़ाई में समाज की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। पुलिस जनता से सहयोग की अपेक्षा करती है ताकि क्षेत्र को नशा मुक्त बनाया जा सके।

## मूट कोर्ट प्रतियोगिता में हिम कैप्स लॉ कॉलेज का शानदार प्रदर्शन



मूट कोर्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान, हरोली**

हिमकैप्स कॉलेज ऑफ लॉ बढ़ेडा के बीए एलएलबी आनर्स के छात्रों ने करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में संस्थान की छात्रा पायल चक्षिता तथा रती ने भाग लिया तथा अच्छा प्रदर्शन किया।

संस्थान के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर ने इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों का अनुभव बढ़ता है। प्रधानाचार्य जसवंत सिंह ने प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने पर छात्राओं को बधाई दी।

मूट कोर्ट सोसायटी की समन्वयक एकता सूद ने शानदार प्रदर्शन के लिए छात्राओं की सराहना की। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर, प्रधानाचार्य जसवंत सिंह, समन्वयक एकता सूद, रवि, रविंद्र सिंह और नीलम सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) ऊना डिवीजन के ड्राइवरों एवं कंडक्टरों के लिए आपदा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को एचआरटीसी कार्यशाला रामपुर में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 मई तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुल 13 बैचों में प्रतिदिन लगभग 15 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस पहल के तहत कुल 190 एचआरटीसी कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन संबंधी आवश्यक जानकारी एवं व्यावहारिक कौशल सिखाए जाएंगे।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में एचआरटीसी कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके अतिरिक्त जमीनी स्तर पर आपातकालीन तैयारियों को सुदृढ़ बनाना और ईंधन भंडारण एवं प्रबंधन से जुड़े दिशा-निर्देशों की जानकारी देना भी इस प्रशिक्षण का अहम हिस्सा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्टाफ मोबिलाइजेशन, सीपीआर तकनीक, बुनियादी जीवन रक्षक कौशल, प्राथमिक चिकित्सा एवं आघात देखभाल, सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया, सर्च एंड रेस्क्यू तकनीक, आपदा या आपात स्थिति में प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता की भूमिका जैसे विषयों पर विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आपदा जोखिम न्यूनीकरण के तहत एक सशक्त क्षमता निर्माण पहल है, जिसका मकसद परिवहन क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन के प्रति अधिक संवेदनशील और दक्ष बनाना है।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी और आयोजक।

**एचआरटीसी ऊना डिवीजन में 190 ड्राइवर और कंडक्टर किए जा रहे प्रशिक्षित**

## अंब कॉलेज का पांच स्कूलों के साथ एमओयू

**विवेक शर्मा, अंब**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में मंगलवार को पांच सरकारी स्कूलों के साथ एमओयू साइन (ज्ञापन समझौता) किया गया। इसके अंतर्गत भविष्य में राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब इन सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों, कर्मचारियों के साथ मानव, संरचनात्मक संसाधनों और सुविधाओं को साझा करेगा।

इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अंब के प्रधानाचार्य विनोद कुमार बनियाल, कोटला खुर्द के प्रधानाचार्य रमन भारद्वाज, अंदौरा स्कूल के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार, मुबारिकपुर स्कूल के प्रधानाचार्य दिलवाग सिंह राणा, कलरूही स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह उपस्थित रहे। महाविद्यालय की तरफ से राजकीय वरिष्ठ उच्च माध्यमिक स्कूल अंब के लिए प्रो. अनिल कुमार, कलरूही के लिए डॉ. रजनीश कुमार, कोटला खुर्द के लिए प्रो. सुखदेव, अंदौरा के लिए प्रो. अनय कुमार तथा मुबारिकपुर के लिए प्रो. अजय कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह अंदौरा स्कूल की तरफ से इकबाल खान, अंब स्कूल की तरफ से बनबारी लाल भोगल, कलरूही स्कूल की तरफ से शिव कुमार, मुबारिकपुर स्कूल की तरफ से राकेश कुमार तथा कटोहड़ खुर्द स्कूल की तरफ से शिव कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



एमओयू के साथ अंब कॉलेज प्रबंधन और स्कूलों के प्रतिनिधि।

### कौन-कौन से स्कूल हैं शामिल

**इन** स्कूलों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अंब, कटोहड़ खुर्द, अंदौरा, मुबारिकपुर और कलरूही शामिल है। प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने बताया कि स्कूलों के विद्यार्थियों को उनके करियर को आकार देने, उनके करियर को परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए करियर काउंसिलिंग सैल, एनएसएस, एनसीसी और रॉबर्स रेंजर्स की यूनिट्स समय-समय अपना सहयोग प्रदान करेंगी ताकि इन स्कूलों का विकास योजनाबद्ध तरीके से हो सके। भविष्य में इससे स्कूलों और महाविद्यालयों के संबंध प्रगाढ़ होंगे और कई विद्यार्थियों को इस एमओयू से लाभान्वित किया जाएगा। कॉलेज इन स्कूलों के साथ मिलकर नशीली दवाओं के दुरुपयोग अथवा खतरे को रोकने के लिए नशीली दवाओं संबंधी विरोधी दस्तों की कार्यप्रणाली बनाएगा। महाविद्यालय संस्थानों में महिला प्रकोष्ठों के समुचित कामकाज के संबंध में अपना ज्ञान और अनुभव स्कूलों के साथ साझा करेगा। इसके अंतर्गत सूक्ष्म परख के संबंध में कर्मचारियों और विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए महाविद्यालय स्कूलों का सहयोग करेगा।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सेना और केंद्र सरकार को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल सुधार सभा अमृतसर, 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए भारतीय वायु सेना, नौ सेना और जल सेना और भारत की मजबूत सरकार को बहुत बहुत बधाई एवं धन्यवाद करती है। भारतीय सेना के अदम्य साहस प्रबल, प्रचंड, और दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत आज पूरा भारत देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

भारतीय सेना ने दुनिया को अपनी शक्ति, शौर्य, पराक्रम, ताकत और साहस का परिचय दिया। भारतीय सेना ने संघर्ष विराम के बाद सपष्ट किया है कि वह आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। राम चरित मानस के एक दोहे 'भय बिनु होय न प्रीति' से भारत ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दे दिया कि पाकिस्तान को उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा, जिसे वह समझता है। भारत के यशस्वी और तपस्वी प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में पाकिस्तान को दो टूक अंदाज में कहा कि टेरर-ट्रेड-टॉक एक साथ नहीं हो सकते और पानी और खून भी एक साथ नहीं वह सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ कह दिया कि 'आपरेशन सिंदूर' अभी सिर्फ इसे स्थगित किया गया है और भारत अब न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग नहीं सहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को न्याय की अखंड प्रतिज्ञा बताया। हिमाचल सुधार सभा के सभी सदस्यों ने भारतीय सेना को आश्वासन दिया कि वह अपनी सेना, देश और सरकार के साथ खड़े हैं और जब भी भारतीय सेना को उनकी जरूरत होगी, वे उनके साथ डटकर लड़ाई लड़ेंगे और भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करेंगे।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर हिमाचल सुधार सभा के अध्यक्ष रणवीर सिंह राणा, वाइस प्रधान विपन शर्मा, जनरल सेक्रेटरी ठाकुर दूनी चंद, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार, ऑफिस सेक्रेटरी राजीव शर्मा, संगठन मंत्री विपन कालिया एवं प्रचार सेक्रेटरी सनी शर्मा शामिल हुए।

## श्रीराम का नाम जपने से होता है बेड़ा पार : साध्वी

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हरोली क्षेत्र के गांव धर्मपुर के किरनी डीग स्थित पोनाहारी मंदिर धार्मिक समागम में साध्वी राधा ने संगत को श्रीराम कथा में भगवान के उच्च आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया है । उन्होंने कहा कि श्रीराम नाम की रट लगाने से कोई भी कष्ट नजदीक नहीं आता और माता-पिता की आज्ञा का पालन करने से उनकी दुआएं अपना कार्य को सही मार्ग पर ले जाती हैं।



उन्होंने भगवान श्रीराम के विभिन्न प्रसंग भी सुनाए। मंदिर के सेवादार डॉ. प्यारा सिंह व शिव शशि कंवर ने बताया ने मंदिर में अब से 17 मई तक श्रीराम कथा साप्ताहिक कथा रोजाना स्मय सुबह 11 से दोपहर 2 दोपहर तक होगी। कथा उपरांत हर रोज लंगर की व्यवस्था होगी। 17 मई को कथा सप्ताह समाप्ति पर विशाल भंडारे का अयोजन भी होगा। उन्होंने धार्मिक समागम के लिए श्रद्धालुओं को निमंत्रण दिया है।

**उत्साह** डीसी ने पुराने डीसी कार्यालय में पहल कैंटीन का किया दौरा

# विशेष बच्चों का बढ़ाया हौसला

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बुधवार को पुराने डीसी कार्यालय परिसर में दिव्यांगजनों द्वारा संचालित पहल कैंटीन का दौरा किया और वहां के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। यह कैंटीन विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के मकसद से संचालित की जा रही है।

इस अवसर पर उपायुक्त ने बच्चों द्वारा तैयार भोजन का स्वाद चखा और उनकी मेहनत, समर्पण व आत्मविश्वास की सराहना की। उन्होंने कैंटीन प्रबंधन से बातचीत कर उनकी आवश्यकताओं और चुनौतियों को जाना और उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बीडीओ ऊना को निर्देश दिए कि कैंटीन संचालन के लिए आवश्यक सभी वस्तुओं की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल दिव्यांगजनों के आत्मविश्वास को बढ़ावा देती है बल्कि समाज में समान अवसरों की भावना को भी सुदृढ़ करती है। उन्होंने कहा कि पहल कैंटीन जैसे प्रयास दिव्यांगजनों को सम्मानजनक रोजगार प्रदान करते हुए उन्हें आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। यह पहल ऊना जिले में सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय और प्रेरणादायक कदम है।



पहल कैंटीन का निरीक्षण करते उपायुक्त जतिन लाल।

## गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, अंब**

गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कटौहड़कलां का सीबीएससी का दसवीं, जमा दो कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्रों की इस शानदार उपलब्धि ने न केवल विद्यालय बल्कि क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। दसवीं कक्षा में भव्या अग्निहोत्री ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिनका लक्ष्य डॉक्टर बनने का है।

दीपिका चौधरी ने परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं, उनका लक्ष्य इंजिनीयर बनने का और 90 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल करने वाले उमेश चौधरी का लक्ष्य आर्मी ऑफिसर बनने का है। वहीं, जमा दो कक्षा में आकृति कंवर ने 91.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिनका लक्ष्य आगे चलकर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का है।

हार्दिक जसवाल दूसरे और सारांश कालिया तीसरे स्थान पर रहे। संस्थान के एमडी राजेश गौतम ने इस सफलता के लिए छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी। इस अवसर पर संस्थान की निदेशक ज्योति गौतम, प्रिंसिपल डायरेक्टर डीपी राय, प्रिंसिपल डॉ. संतोष कुमारी सहित स्कूल स्टाफ तथा विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे।



उत्कृष्ट छात्रों का मुंह मीठा करवाते अभिभावक व टीचर्स।

## कल मां संतोषी मंदिर खुरवाई में भंडारा व रात्रि जागरण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपतहसील जोल के अंतर्गत मां संतोषी माता मंदिर खुरवाई में 16 मई को 12 बजे भंडारे और रात्रि 9 बजे मां भगवती जागरण का आयोजन किया जा रहा है। धर्म सिंह सूद ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 11 बजे इस कार्यक्रम में बाबा बाल जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में उपस्थित संगत के लिए बाबा वाल जी महाराज के मुखारविंद से सत्संग भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बाबा वाल जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए बीरबल, योगराज, अशोक कुमार, बंता सिंह, रमेश चंद, दलेल सिंह, चरणदास, रामप्रसाद, राजकुमार, सुखदेव, पवन कुमार, मुकेश कुमार आदि ने सभी क्षेत्र वासियों एवं सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सत्संग, भंडारे एवं जागरण का लाभ जरूर उठाएं।

## निष्क्रिय खातों को सक्रिय करवाने को लेकर मंथन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कार्यकारी उपमंडलीय अधिकारी एवं तहसीलदार बंगाणा अमित शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्डों तथा निगमों के अधीन संचालित निष्क्रिय बैंक खातों की समीक्षा करना तथा उन्हें पुनः सक्रिय करने की दिशा में ठोस कदम उठाना था। बैठक के दौरान यह अवगत कराया गया कि अनेक विभागीय बैंक खाते लंबे समय से निष्क्रिय स्थिति में हैं, जिनमें पड़ी धनराशि का उपयुक्त राजस्व शीर्षों में समायोजन अभी तक नहीं हो सका है। इस संदर्भ में विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि ऐसे सभी निष्क्रिय खातों को शीघ्र अति शीघ्र पुनः सक्रिय किया जाए, साथ ही इन सभी खातों की केवाईसी प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए तथा बैंकिंग संचालन से संबंधित सभी वित्तीय एवं नियामकीय मानकों का कठोरता से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विभिन्न विभागों, संस्थाओं एवं बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**कार्यालय पंचायत भरौण विकास खण्ड सदर मण्डी, जिला मण्डी (हि.प्र.)**

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

सर्वसम्मति से पारित किया गया कि ग्राम पंचायत भरौण के विकास कार्यों की के लिए वर्ष 2025-26 के लिए निविदा ली जानी अतिआवश्यक व उचित है सामग्री ब्यौरा निम्न प्रकार से है- 1. रेत क्रेशर, रेत खड्ड ($1m^3$) 2. बजरी क्रेशर, बजरी खड्ड ($1m^3$) 3. पत्थर कट स्टोन ($1m^3$) 4. सोलिंग पत्थर ($1m^3$) 5. बोल्डर पत्थर ($1m^3$) 6. इंट प्रति इंट ($1m^3$) 7. सीमेंट ढुलाई मण्डी से भरौण तक - प्रति बैग, 8 जे.सी.बी. के द्वारा कटिंग - प्रति घण्टा, 9. जे.सी.बी. के द्वारा ब्रेकर - प्रति घण्टा, 10. शैटरिंग Sqm 11. मिक्चर - प्रति दिन, 12. पानी का टैंकर - प्रति टैंकर, 13. ट्रेक्टर द्वारा लोकल ढुलाई - प्रति ट्रेक्टर, 14 टिप्पर द्वारा लोकल ढुलाई - प्रति टिप्पर, 15. पेवर - प्रति पीस, 16. आर.सी.सी.पाईप -150mm, 250mm, 300mm, 450mm, 600mm, 900mm, 17 रेत बल्ह ($1m^3$) 18. बजरी बल्ह ($1m^3$)19. सोलिंग रोलर- प्रति घण्टा

**नोटः-** उपरोक्त निविदायें 26-05-2025 तक पंजीकृत डाक द्वारा ग्राम पंचायत भरौण में पहुँच जानी चाहिए तथा निविदा 27-05-2025 को प्रातः11 बजे खोली जायेगी। निविदाकर्ता के पास जी.एस.टी. होना अनिवार्य है।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत भरौण विकास खंड सदर मंडी**

# 7 वर्ष से फाइलों में अटका दलाश पॉलिटिकल संस्थान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

कुल्लू जिले के आनी विधानसभा क्षेत्र में दलाश पॉलिटेक्निक संस्थान का निर्माण पिछले 7 वर्षों से फाइलों में अटका हुआ है। 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने इस संस्थान की घोषणा की थी। 2017 में निरमंड में इसका शिलान्यास भी किया गया।

भाजपा सरकार ने 2018 में कैबिनेट से इस संस्थान को मंजूरी दी। इसमें 5 ट्रेड के साथ 97 पदों को स्वीकृति मिली, लेकिन निर्माण को लेकर प्रक्रिया पूरी न होने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। जानकारी के अनुसार दलाश में पॉलीटेक्निक संस्थान के निर्माण की सारी फाइल तैयार कर भारत सरकार को अप्रूवल के लिए भेजी गई थी, लेकिन जांच में इसके ले आउट प्लान में खामी पाई गई है, जिस पर आपत्ति लगाकर इसे ठीक करने को वापस भेज दिया गया है, जबकि तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा ले आउट प्लान एक माह पहले लोक निर्माण विभाग के शिमला स्थित चीफ आर्किटेक्चर के कार्यालय भिजवा दिया गया है, जहां इसे फिर से बनाकर ठीक किया जाना है। बता दें कि यह संस्थान आनी और आसपास की छह विधानसभा क्षेत्रों का सबसे बड़ा तकनीकी शिक्षण संस्थान होगा।

अनंत ज्ञान विशेष



दलाश पॉलिटेक्निक संस्थान भवन के लिए चयनित भूमि।

> **इसके** भवन के नक्शे के लेआउट प्लान पर भारत सरकार द्वारा ऑब्जेक्शन लगाकर उसे ठीक करने और फिर से बनाकर भेजने को कहा है, जिसे ठीक करने के लिए करीब एक माह पहले लोक निर्माण विभाग के चीफ आर्किटेक्चर के कार्यालय को भेज दिया गया है, जहां से प्लान फिर से बनकर आएगा, तो भारत सरकार को भेजा जाएगा। **अक्षय सूद, तकनीकी शिक्षा डायरेक्टर।**

इससे इन क्षेत्रों के छात्रों को घर के पास ही तकनीकी शिक्षा मिल सकेगी। पिछले विधानसभा चुनाव में सभी दलों ने इसे जल्द खोलने का वादा किया था। स्थानीय दलाश पंचायत के प्रधान सत्येंद्र शर्मा, उपप्रधान सोहनी राम राठी, व्युंगल पंचायत प्रधान जालप राम, डिंगीधार पंचायत प्रधान बंसी लाल, पंचायत समिति आनी की अध्यक्ष विजय कंवर ने सरकार से मांग की है कि संस्थान से जुड़ी हुई औपचारिकताएं जल्द पूरी की जाएं, ताकि निर्माण कार्य शुरू हो सके। (अनंत ज्ञान)

### कुल्लू-मनाली एनएच पर मनाली के समीप पेश आया दर्दनाक हादसा

# भेड़पालक सहित 10 बकरियों को कुचला

**अनंत ज्ञान, मनाली**

कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे पर मनाली के समीप एक दर्दनाक हादसा पेश आया है।

एक तेज रफ्तार वाहन ने नेशनल हाइवे पर सड़क किनारे चल रहे भेड़पालक और उसकी बकरियों के झुंड को कुचल दिया। इस घटना में भेड़पालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान महेंद्र सिंह (37) पुत्र मंगल सिंह निवासी गांव काल्डी, डाकघर टिहरी, तहसील सदर व जिला मंडी के रूप में हुई है। वहीं, हादसे में करीब 10 बकरियां भी मारी गईं, जबकि 2 अन्य घायल हो गईं। पुलिस की जानकारी के अनुसार भेड़पालक नरोतम राम, जगत राम, हिरदू राम और महेंद्र सिंह अपनी-अपनी बकरियों को लेकर मनाली के कन्याल की ओर जा रहे थे। ये सभी लोग बीती रात पतलीकूहल में रुके थे और बुधवार सुबह करीब 2 बजे मनाली की ओर रवाना हुए, जब वे बिंदु ढांक के समीप ब्राण क्षेत्र पहुंचे, तो सुबह करीब 4:30 बजे कुल्लू की दिशा से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी (एचपी 01बी-5001) ने पहले बकरियों को रौंदा फिर आगे चल रहे महेंद्र सिंह को भी कुचल डाला।



तेज रफ्तार वाहन की ओर से कुचली बकरियां मृत सड़क पर पड़ीं।

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार हादसे को अंजाम देने वाले गाड़ी चालक की पहचान ललित कुमार पुत्र दलीप सिंह निवासी गलू, डाकघर बलोह, तहसील सदर व जिला मंडी के रूप में हुई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लिंडूर गांव धंसने के कगार पर, लोगों में दहशत का माहौल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति जिले के लिंडूर गांव में वर्ष 2023 के मानसून के दौरान गंभीर भू-धंसान की घटनाएं सामने आई थीं, जिनके मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा स्थिति की निरंतर निगरानी की जा रही है। डीसी लाहौल-स्पीति, किरण भड़ाना एवं प्रशासनिक टीम द्वारा बुधवार को लिंडूर गांव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भू-धंसान से प्रभावित क्षेत्र की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया गया तथा प्रभावित ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनी।

प्रशासन ने पुनर्वास प्रक्रिया को जल्द, समन्वित और प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा संभावित वैकल्पिक पुनर्वास स्थलों की जानकारी प्रदान की गई, जिस पर ग्रामीणों ने सहमति व्यक्त की। डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित, सुविधाजनक और स्थायी पुनर्वास उपलब्ध कराया जाए। इस दिशा में सभी संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किए जा चुके हैं। लाहौल घाटी का गांव पिछले चार-पांच सालों से धीरे-धीरे जमीनें धंसने के कारण कुछ सालों में नक्शे से गुम होने वाला है। 100 बीघा जमीन धंस चुकी है, बाकी बिजाई की लगभग 500 बीघा जमीन पर भी आफत आने वाली है। इस साल भी उपजाऊ जमीन धंस जाने के कारण लोगों में खौफ का माहौल बना हुआ है।



डीसी लाहौल-स्पीति लिंडूर के निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों से हालातों का जायजा लेते हुए।

# एआई के महत्व को समझाया

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी में बुधवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की ओर से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने की। जेएनएल फाइन आर्ट्स कॉलेज, शिमला से सेवानिवृत्त प्राचार्या डॉ. मीना शर्मा विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कॉलेज के क्षमता निर्माण कार्यक्रम की व्याख्यान श्रृंखला का शुभारंभ किया। राजीव गांधी गवर्नमेंट कॉलेज कोटशेरा से गणित विषय के सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दलीप शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षकों के लिए एआई की समझ विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में एआई के महत्व को समझाया। साथ ही एआई से जुड़े विभिन्न कोर्स और रोजगार के अवसरों की जानकारी भी दी। प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने आईक्यूएसी को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### निरमंड के जाओं स्कूल में बिना शिक्षकों के कैसे संवरेगा बच्चों का भविष्य

# 225 बच्चों का भविष्य अंधकारमय

**अनंत ज्ञान, आनी**

निरमंड खंड की चायल पंचायत के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाओं में अध्यापकों के कई पद रिक्त चल रहे हैं। निरमंड खंड के दूसरे सबसे ज्यादा छात्र संख्या वाले इस स्कूल में बिना अध्यापकों के ही बच्चों का भविष्य संवारने की कवायद जारी है। फलस्वरूप स्कूल में पढ़ रहे दो सौ से ज्यादा बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता अभिभावकों को नजर आ रहा है।

अभिभावकों ने प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए स्कूल में रिक्त पदों को जल्द भरने की प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और शिक्षा विभाग से गुहार लगाई है। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान ओम प्रकाश ने बताया कि इस स्कूल में जवागी और चायल पंचायतों के जवागी, तिंदर, चमारला, जाओं, डवाह, जरोट, सगोफा, बसवारी, ठारला, दोगरी, क्लोंट, ढमार, क्लोंटी, बघीर आदि करीब 25 गांवों के 225 से ज्यादा स्टूडेंट्स शिक्षा ग्रहण करते हैं, लेकिन स्कूल में राजनीति शास्त्र, गणित, इतिहास, अर्थ शास्त्र, सोशियोलॉजी, शास्त्री, शारीरिक शिक्षक, कला अध्यापक और वोकेशनल ट्रेनिंग शिक्षक (टूरिज्म) के अलावा लिपिक का पद खाली है।

इस कारण अभिभावकों को अपने बच्चों के भविष्य की चिंता सताने लगी है। ओम प्रकाश ने कहा कि उन्होंने स्कूल के रिक्त पदों को जल्द भरने की मांग को लेकर अभिभावकों के साथ कुछ माह पहले बागीपुल आए शिक्षा मंत्री से भी लिखित मांग की थी, जबकि शिक्षा उपनिदेशक को बार-बार एसएमसी की ओर से पत्र भी लिखे गए हैं, जबकि स्कूल से अब छात्र पलायन करने को मजबूर होने लगे हैं। स्कूल प्रबंधन समिति ने सरकार और शिक्षा विभाग से मांग की है कि समय रहते स्कूल में अध्यापकों के रिक्त पदों को भर दिया जाए।

#### सरकार आनी के साथ कर रही सौतेला व्यवहार: लोकेंद्र

**आनी** के विधायक लोकेंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार पिछड़े विधानसभा क्षेत्र आनी के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। ऐसा नहीं कि जाओं में, बल्कि आनी विधानसभा क्षेत्र के अधिकतर स्कूलों में अध्यापकों के पदों को नहीं भरा जा रहा है। इसको लेकर सदन में बार-बार आवाज उठाई जाती है। उन्होंने कहा कि जाओं स्कूल के रिक्त पदों को भरने को लेकर भी जल्द शिक्षा मंत्री से मुलाकात की जाएगी।

#### खाली पदों की सूची भेजी: राजू कश्यप

**स्कूल** के प्रधानाचार्य राजू कश्यप ने बताया कि रिक्त पदों की सूची उच्च शिक्षा उपनिदेशक (कुल्लू) के कार्यालय तक भेजी गई है। उम्मीद है जाओं स्कूल के छात्रों की संख्या को देखते हुए जल्द अध्यापकों की नियुक्ति कर दी जाएगी।

# 5473 अफीम के पौधे किए नष्ट

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के थिचीपाल के पास डमचीण गांव में एक बड़ी सफलता हासिल की है। गश्त के दौरान, पुलिस टीम ने अवैध रूप से उगाए गए लगभग 5473 अफीम के पौधों का पता लगाया और मौके पर ही उन्हें नष्ट कर दिया।

इस संबंध में, पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 18 के तहत मामला दर्ज किया है। उधर, पुलिस अधीक्षक डॉ. गोकुलचंद्रन कार्तिकेयन ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि यह क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन और तस्करी को रोकने के लिए पुलिस के प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत यह कार्रवाई की गई है और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द ही गिरफ्तार करने की कोशिश में जुटी है।

# आतंकवाद के खिलाफ एकजुट पूरा देश: गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद ने कहा कि हाल ही में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय सेनाओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाक-अधिकृत कश्मीर में आतंक के अड्डों पर सटीक और निर्णायक प्रहार किए हैं। यह कार्रवाई न केवल भारत की सैन्य शक्ति, बल्कि उसकी इच्छाशक्ति और निर्णायक नेतृत्व का परिचायक है। गोविंद मनाली में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में स्पष्ट कर दिया कि भारत अब आतंकवाद और उसके संरक्षकों में कोई भेद नहीं करता। आतंकवाद और बातचीत, खून और पानी, व्यापार और आतंक-अब एक साथ नहीं चल सकते। गोविंद ने कहा कि पीएम ने स्पष्ट किया कि भारत अब किसी भी प्रकार की न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग से डरने वाला नहीं है और यदि भारत पर हमला होता है, तो जवाब भारत अपनी शर्तों पर देगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेनाओं ने आतंक के उन अड्डों को जड़ से उखाड़ फेंका, जो वर्षों से पाकिस्तान की शह पर फल-फूल रहे थे। इस निर्णायक कार्रवाई से पाकिस्तान न केवल सैन्य स्तर पर हिल गया, बल्कि उसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी सफाई देने के लिए मजबूर होना पड़ा। पाकिस्तान को भारत के जवाब के बाद दुनिया भर में शांति की गुहार लगानी पड़ी है। गोविंद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत पर किसी भी प्रकार के आतंकी हमले का जवाब अब सशक्त और ठोस होगा। भारत किसी भी प्रकार की परमाणु धमकी से नहीं डरेगा। आतंकवाद को शह देने वाली सरकारें भी भारत के निशाने पर रहेंगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस ऐतिहासिक निर्णय और सशक्त नेतृत्व से न केवल भारतीय सेना, बल्कि समस्त देशवासियों का मनोबल बढ़ा है। आज पूरा विश्व प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता, निर्णायक नेतृत्व क्षमता और भारत की आतंकवाद के खिलाफ नीति का कायल है।



भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

# तंबाकू मुक्त पंचायतों को मिल रहा पांच लाख इनाम: डॉ. पवार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सीएमओ कुल्लू डॉ. नागराज पवार ने कहा कि जिला कुल्लू में तंबाकू मुक्त होने वाली पंचायतों को पांच लाख रुपए का इनाम सम्मान स्वरूप दिया जा रहा है।

यह बात उन्होंने जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में राष्ट्रीय तंबाकू कंट्रोल प्रोग्राम के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कही। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ शिक्षा विभाग और पुलिस विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जिला कुल्लू में तंबाकू के मामलों को कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग योजना के तहत कार्य करेगा। तंबाकू की चपेट में लोग खासकर युवा न आएं। इसके लिए स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के साथ मिलकर कार्य करेगा। प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनआर पवार मुख्यातिथि रहे। वहीं, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेश, डॉ. घनश्याम और डॉ. उषा ठाकुर ने अपने व्याख्यान दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनआर पवार ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य तंबाकू उत्पादों को न कहने के लिए समाज में जागरूकता लाना और इसके क्रियान्वयन के लिए तैयार होना रहा। इसके लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 (कोटपा) की जानकारी दी गई।

### युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष छतरसिंह ने आनी में आयोजित की बैठक

# कांग्रेस की मजबूती को लेकर किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, आनी**

युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष छतर सिंह ने आनी के पंचायत समिति सभागार में बैठक की अध्यक्षता की। यह युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष का आनी विधानसभा क्षेत्र का पहला दौरा था।

इस दौरान बैठक में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के अलावा कांग्रेस के अन्य संगठनों के करीब 120 पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए आनी युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विजय ठाकुर ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष छतर सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती को लेकर प्रेरित किया और युवा कांग्रेस के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा से भी परिचित करवाया। साथ ही उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीम प्रदेश कांग्रेस सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को और केंद्र भाजपा सरकार की नाकामियों को जन-जन तक पहुंचाकर जनता को जागरूक करे।



बैठक के दौरान प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष के साथ अन्य लोग।

साथ ही छतर सिंह ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए हाल ही के पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव में उस वक्त युद्ध विराम कर घुटने टेकने का आरोप लगाया, जब भारत फ्रंट फुट पर था और पाकिस्तान दवाब में था। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए कांग्रेस देश के साथ थी, है और रहेगी। बैठक में प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अमला कश्यप, प्रदेश सचिव तुषार स्तान, पूर्व प्रत्याशी परस राम, पंचायत समिति आनी की अध्यक्ष विजय कंवर, आनी ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर, निरमंड अध्यक्ष अमन बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष नेहा ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# देव मिलन के साथ ढूंगरी मेले का हुआ आगाज

**अनंत ज्ञान, मनाली**

हिडिंबा मंदिर ढूंगरी में भव्य देव मिलन के साथ ही बुधवार को ढूंगरी मेला शुरू हुआ। कुल्लू राजवंश की दादी एवं घाटी की आराध्यदेवी माता हिडिंबा के जन्मदिन पर आयोजित होने वाले मेले में शुक्रवार को भव्य देव समागम होगा।

माता हिडिंबा से मिलने के लिए करीब 100 किमी दूर बंजार के दबेड़ गांव से वीर घटोत्कच भी बुधवार को अपने कारकूनों व देवलुओं संग मनाली पहुंचे। मां-पुत्र का मिलन देख लोग भाव-विभोर हो गए। ज्येष्ठ संक्रांति को माता हिडिंबा की जयंती पर ढूंगरी मेले का आयोजन होता है। इस मेले को कुल्लू का छोटा दशहरा भी कहते हैं। बुधवार सुबह माता हिडिंबा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। ओल्ड मनाली से माता हिडिंबा के ढूंगरी स्थित मंदिर में पहुंचते ही परिसर देव वाद्ययंत्रों से गूंज उठा। शाम को माता के ढूंगरी मंदिर आगमन पर पुष्प वर्षा हुई।



घाटी की आराध्यदेवी माता हिडिंबा का बेटे घटोतकच के साथ भव्य मिलन।

# मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने के लिए कार्य करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** केलांग में बुधवार को साडा कमेटी की बैठक विधायक अनुराधा राणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में साडा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। विधायक ने सभी संबंधित विभागों को बिजली, पानी, सहित मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने साडा क्षेत्र में स्वच्छता के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए तथा चिन्हित स्थानों पर डस्टबिन लगाने के निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम केलांग आकांक्षा शर्मा ने की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी तथा कमेटी के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

**साडा कमेटी की बैठक आयोजित**

**रिजल्ट** डीएवी पब्लिक स्कूल मौहल के बारहवीं व दसवीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिलेभर में रोशन किया नाम

# आदेशिका ने 95.2 फीसदी अंक लेकर झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सीबीएसई की कक्षा 12वीं और 10वीं के वार्षिक परीक्षा परिणामों में डीएवी पब्लिक स्कूल मौहल के बारहवीं व दसवीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले भर में अपना व विद्यालय का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय की आदेशिका शर्मा ने 95.2 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।





शरण्या ने 93.4 फीसदी अंक लेकर द्वितीय व शिवम ने 86.4 फीसदी अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ वाणिज्य संकाय के भव्य बंसल ने 90 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। परीक्षिता ने 87 फीसदी अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा ईशान ने 83.4 फीसदी अंक लेकर तृतीय स्थान झटका। कला संकाय में जश्नूर ने 86.6 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान व विकास और आदित्य द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के लिए गौरव की बात है कि विज्ञान संकाय की आदेशिका शर्मा ने गणित विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसी के साथ अंग्रेजी में अधिकतम अंक शरण्या सूद ने 94 फीसदी, फिजिक्स में आदेशिका शर्मा ने 95 फीसदी, केमिस्ट्री में आदेशिका ने शर्मा 95 फीसदी, शरण्या सूद ने 95 फीसदी, शिवम शर्मा ने 95 फीसदी, गणित में आदेशिका शर्मा ने 100 फीसदी, बायोलॉजी में अन्वी सूद ने 89 फीसदी, कंप्यूटर साइंस में शरण्या ने 99 फीसदी, इकोनॉमिक्स में इशांत शर्मा ने 93 फीसदी, अकाउंट्स में भव्य बंसल ने 90 फीसदी, बिजनेस स्ट्डीज में भव्य बंसल ने 94 फीसदी, फिजिकल एजुकेशन में आदेशिका शर्मा ने 96 फीसदी, राजनीति शास्त्र में जश्नूर ने 82 फीसदी, इतिहास में जश्नूर ने 82 फीसदी अंक प्राप्त किए।

# संस्कृति ने 12वीं की परीक्षा में हासिल किया ए-ग्रेड

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल की छात्रा संस्कृति नेगी ने सीबीएसई द्वारा आयोजित 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 95.67 फीसदी अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय की छात्रा संस्कृति ने सभी मुख्य विषयों में ए-ग्रेड हासिल कर न केवल अपने विद्यालय का, बल्कि समूचे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि का श्रेय संस्कृति ने अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है, जिनके मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और विश्वास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। उनके पिता भगवान दास नेगी और माता मंजू बाला ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इसे पूरे परिवार के लिए गर्व का क्षण बताया। परिणाम की घोषणा के बाद उनके घर और रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है।

# सीबीएसई में शत-प्रतिशत रहा सैंज स्कूल का परिणाम



**अनंत ज्ञान, सैंज**

केंद्रीय विद्यालय एनएचपीसी सैंज ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कक्षा 10वीं एवं 12वीं के वार्षिक बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है।

विद्यालय के छात्रों ने न केवल परीक्षा उत्तीर्ण की, बल्कि शानदार अंकों के साथ विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 12वीं (विज्ञान संकाय) में सुजल ने 95.6 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, सौम्य ने 83.2 फीसदी व शुभांकर ने 81.8 फीसदी अंक प्राप्त कर क्रमश दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, वाणिज्य संकाय में नितीश 82 फीसदी, पीयूष 81.4 फीसदी व क्षितिज 80.2 फीसदी अंकों के साथ पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 10वीं में कुमारी समायरा शर्मा ने 92 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया व मास्टर शिवांश शर्मा ने 90.6 फीसदी, सृजन आर्य 90 फीसदी अंकों के साथ दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। केवी सैंज की प्राचार्य विनीता परशीरा ने छात्रों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सभी के सामूहिक प्रयासों, निरंतर परिश्रम और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रणाली का परिणाम है। उन्होंने छात्रों एवं उनके परिजनों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। विद्यालय परिवार इस शानदार उपलब्धि के लिए गर्वित है और आने वाले वर्षों में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणामों की अपेक्षा करता है।

# कृतिका शर्मा स्कूल कैप्टन सोनाली बनी वाइस कैप्टन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला कुल्लू में स्टूडेंट कौंसिल के चुनाव आयोजित हुए। चुनाव पूरी तरह से लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुसार हुए। छात्र चुनाव में सबसे पहले चुनाव आयोग का गठन किया गया। नामांकन पत्र भरने, नाम वापस लेने, प्रचार करने से लेकर मतदान और मतगणना की तिथियां घोषित की गईं। मतदान केंद्र बनाकर पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए।

दो पदों के लिए हुए चुनावों में स्कूल कैप्टन के लिए तीन प्रतियाशियों किंजल, कृतिका शर्मा व आयुष भोपल ने तथा वाइस-कैप्टन के लिए छह उम्मीदवारों रुचिका कौर, सोनाली, वंशिका, अंजलि, चंदन व सूर्यांश ने नामांकन भरे। चुनाव लड़ने की अनुमति केवल नौवीं और दसवीं कक्षा के ही विद्यार्थियों को थी। वोट देने का अधिकार पांचवीं से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को दिया गया। दसवीं कक्षा की कृतिका शर्मा ने 43 मतों से बढ़त बनाकर स्कूल कैप्टन का चुनाव जीता। दसवीं की ही सोनाली ने 5 मतों से बढ़त बनाकर रुचिका कौर को हराया और स्कूल वाइस-कैप्टन का चुनाव जीता। मुख्य चुनाव आयुक्त इंद्रा, चुनाव आयुक्त जगदीश व हिमानी तथा पर्यवेक्षक रजनी व अनु ने चुनाव संपन्न करवाकर परिणाम की घोषणा की। इसके उपरांत एक बैठक बुलाई गई। इसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने जल्द अन्य कमेटियों व क्लबों के पदाधिकारियों का चुनाव करवाने का वादा किया।



ग्लोबल विलेज स्कूल में स्टूडेंट कौंसिल के चुनाव के दौरान कैप्टन व वाइस कैप्टन शिक्षकों के साथ।

## न्यूज ब्रीफ

### पंचायत समिति की बैठक में गूंजा पार्किंग का मुद्दा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पंचायत समिति सोलन की बैठक सोलन में खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार, रमेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पंचायत समिति के सदस्यों ने बस, पानी की समस्या सहित अनेक समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं व उसके समाधान का आग्रह किया। बैठक में सर्वाधिक सोलन में पार्किंग न होने का मुद्दा गरमाया, जिस से सभी परेशान हैं। पंचायत समिति सदस्यों ने आरोप लगाया कि सोलन में पार्किंग है नहीं और चालान धड़ाधड़ हो रहे हैं। पंचायत समिति सदस्यों के अध्यक्ष भीम सिंह ने बताया कि पंचायत समिति की बैठक में उन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं को रखा है। उन्होंने कहा कि सोलन में पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं है व पुलिस धड़ाधड़ चालान कर रही है, जिससे आम जनता का सोलन आना दूभर हो गया है व सोलन में कुछ भी सामान लेना हो, तो तुरंत चालान काट दिया जाता है। उन्होंने प्रशासन व सरकार से आग्रह किया है कि उचित पार्किंग की व्यवस्था बनाई जाए व साइन बोर्ड लगाया जाएं, ताकि लोगों को पता हो कि यहां अवैध पार्किंग है।

### आज नवगांव फीडर में बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के अंतर्गत बिजली अनुभाग नवगांव के विभिन्न गांव में 15 मई को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ई. विमल अत्रि ने बताया कि 11 केवी नवगांव फीडर के तहत चमरोल, फ्लोधन, रेहन, पुवाब व इसके आसपास के क्षेत्रों में बिजली के आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत के लिए सुबह 10 से 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने सभी संबंधित लोगों से असुविधा के लिए सहयोग की अपील की है।

### 16 मई को सोलन में बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 16 मई को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली बोर्ड सोलन के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 16 मई को प्रातः 9.30 से प्रातः 9.50 बजे तक तथा तदोपरांत दोपहर 2 से दोपहर 2.20 तक एमईएस क्षेत्र, अप्पर बाजार, मॉल रोड, पुराना बस अड्डा से आईटीआई गेट तक, टेलीफोन एक्सचेंज, पांडे हाउस, माईकोवेव, जवाहर पार्क, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, बिंदल कॉलोनी, लोअर बाजार, लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह, बाण मोहल्ला आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी दिन प्रातः 9.30 से दोपहर 2.20 बजे तक नेगी कॉलोनी, आनंद कांप्लेक्स कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब व किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उपरोक्त तिथि व समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

### जिला नंबरदार संघ ने समस्याओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, अर्की।** जिला नंबरदार जनकल्याण संघ की बैठक बनिया देवी मंदिर के प्रांगण में हुई। इस बारे में प्रधान राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि सर्वप्रथम में बनिया देवी के चरणों में नमन कर क्षेत्रवासियों को मेले की बधाई व शुभकामनाएं दी गईं। इसके पश्चात बैठक में नंबरदारों को आने वाली समस्याओं के बारे में विभिन्न बिंदुओं पर चिंतन किया गया। साथ ही संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर एक मांग पत्र मुख्यमंत्री व राजस्व मंत्री को लिखा गया। इसमें मुख्य रूप से नंबरदारों को हस्तलिखित फर्द उपलब्ध करवाने के बारे में मांग की गई। नंबरदारों का कहना था कि कम्प्यूटीकृत फर्द में कई कमियां हैं। इसके चलते राजस्व एकत्रित करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

### स्काउट एंड गाइड्स के उद्देश्यों बारे बताया

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर अश्विनी खड्ड कंडाघाट में संपन्न हुआ। इस शिविर में हिमाचल के सोलन, सिरमौर, किन्नौर, मंडी, कुल्लू, हमीरपुर और बिलासपुर के 30 स्काउटिंग टीचर्स ट्रेनिंग प्रतिभागियों ने भाग लिया। नेशनल ट्रेनिंग कमिश्नर लीडर ऑफ कोर्स राम कुमार ने स्काउट एंड गाइड्स के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मुद्दों, सामाजिक मुद्दों स्वच्छता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, नशीली दवाओं के दुरुपयोग रोकना, किशोरों की बुरी आदतों, महिलाओं के प्रति सम्मान, लिंग समानता, चरित्र का विकास करना, नागरिकता का प्रशिक्षण देना है। इसके अतिरिक्त आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक गुणों को बढ़ावा देकर उनकी व्यक्तिगत फिटनेस का विकास करना भी इसके विशेष उद्देश्यों में शामिल है।

### डीसी कार्यालय में आज होगी दिशा की बैठक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक 15 मई को आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता शिमला लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप करेंगे। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त सोलन एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक राहुल जैन ने दी। उन्होंने कहा कि यह बैठक उपायुक्त कार्यालय सोलन के बैठक कक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक प्रातः 11 बजे आरंभ होगी।

### खैर कटान मामले की जांच को लेकर लगाए आरोप

**अनंत ज्ञान, नाहन।** त्रिलोकपुर में सामने आए अवैध खैर कटान मामले को लेकर चल रही जांच पर पर्यावरणविद व समाजसेवी नाथूराम चौहान ने सवाल उठाए। मामले के मद्देनजर नाथूराम चौहान सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। चौहान ने कहा कि त्रिलोकपुर में 5000 से भी अधिक संख्या में अवैध तरीके से पेड़ों का कटान हुआ है और इस मामले में उच्च न्यायालय ने भी संज्ञान लिया है। नाथूराम चौहान ने इस बात पर हैरानी जताई कि जिन कर्मचारियों और अधिकारियों की खैर के अवैध कटान में लापरवाही सामने आई है, उन्हीं को जांच कमेटी में शामिल किया गया है। उच्च न्यायालय के आदेशों पर आगामी 27 मई को इस मामले में रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जानी है, मगर जांच कमेटी में शामिल लोगों से उचित रिपोर्ट सौंपने की उम्मीद नहीं की जा सकती क्योंकि वह खुद इस मामले में आरोपी है। उन्होंने आरोप लगाया कि त्रिलोकपुर में जिस स्थान पर खैर का अवैध कटान हुआ है, वहां मामले को दबाने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं और जंगल से मौके पर सबूत मिटाने की भी कोशिश की जा रही है। इस मामले में उच्च स्तरीय जांच करवाने की आवश्यकता है, ताकि सही तथ्य उजागर हो सके। उन्होंने कहा कि जो त्रिलोकपुर से खैर के पेड़ जड़ से निकाले गए थे, अब उन्हें भरने के लिए उत्तर प्रदेश से लेबर लाई है, ताकि सभी सबूतों को मिटाया जा सके।

### अर्की में बेसहारा गोधन का मिला सहारा

**अनंत ज्ञान, अर्की।** ओपन हैंड्स वेलफेयर सोसायटी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर संस्था के अध्यक्ष जगत गौतम शर्मा पत्रकारों से परिचित हुए। गौतम ने कहा कि संस्था द्वारा अभी तक स्वास्थ्य के क्षेत्र में किन्नौर, लाहौल-स्पीति, चंबा, मंडी, कांगड़ा, कुल्लू, हमीरपुर तथा शिमला जिलों के दूरदराज के क्षेत्रों में लगभग पचास हजार लोगों को घरद्वार पर निशुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाई है। इसके अतिरिक्त संस्था ने पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किया है। संस्था द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रों में युवाओं को नशे के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि जो युवा अभी इस नशे की चपेट में नहीं आए हैं, वे इसके चंगुल में आने से बच सकें। इसके अतिरिक्त जो युवा इस नशे की चपेट में आ चुके हैं, उन्हें इससे बाहर निकालने के लिए नशा निवारण केंद्र खोलने की योजना है। यदि आवश्यकता हुई, तो इन केंद्रों के संचालन के लिए प्रदेश सरकार अथवा अन्य सहकारी क्षेत्रों से सहायता ली जाएगी। ओपन हैंड्स वेलफेयर सोसायटी सड़कों पर बेसहारा घूम रही गोधन को आश्रय देने के लिए भी कार्य कर रही है। संस्था द्वारा संचालित अर्की की गोकुल धाम गोशाला आज तीस से अधिक बेसहारा गोधन को आश्रय प्रदान कर रही है। जगत गौतम शर्मा ने बताया कि नगर पंचायत अर्की द्वारा इस गोशाला का निर्माण लगभग बारह वर्ष पूर्व किया गया था, लेकिन इन वर्षों में किसी भी संस्था या समूह ने इस गोशाला के संचालन में रुचि नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था ओपन हैंड्स वेलफेयर सोसायटी ने नगर में घूम रही इन बेसहारा गोधन को आश्रय देने का बीड़ा उठाया।

### योगासन खेल की उपमंडल स्तर पर होगी प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला योगासन खेल संघ सोलन की बैठक उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अध्यक्षता में अमर कांप्लेक्स में हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। इसमें मुख्यतः उपमंडल स्तर तक समितियां गठित करने और योगासन खेल का आयोजन मंडल स्तर पर करवाने का निर्णय किया गया। साथ ही इस खेल को लोकप्रिय बनाने पर विशेष रूप से चर्चा हुई। इसके अलावा जिला स्तरीय चैंपियनशिप के आयोजन के वेन्यू को लेकर भी विचार किया गया। जिले के सेक्रेटरी सतीश शर्मा ने बताया कि बहुत जल्द संगठन का विभिन्न स्तरों पर विस्तार किया जाएगा। इससे संगठन को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संघ के अध्यक्ष अमर सिंह व जिला योगासन के कोषाध्यक्ष नंदराम कश्यप, सह-सचिव राज वर्मा सदस्य मनीष वर्मा, अंकुर सैनी एवं विशेष तौर पर आए योगाचार्य राजेश मुनि मौजूद रहे।

### कृष्ण लीलाओं का वर्णन कर किया मंत्रमुग्ध

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बाडु बाड़ा मंदिर दाड़लाघाट में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक आचार्य हरि महाराज ने कृष्ण जन्म के बाद की कथाओं तथा कृष्ण लीलाओं का वर्णन करते हुए श्रोताओं को कृष्ण भक्ति में मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने कृष्ण लीलाओं का वर्णन करते हुए कथा के बीच कई ऐसे प्रसंग सुनाए, जो वर्तमान युग में समाज में फैल रही बुराइयों को दूर करने के लिए आवश्यक हैं।

# ओल्ड बस स्टैंड में पार्किंग निर्माण की उम्मीद जगी

## नगर निगम ने बनाई ड्राइंग, सेना और सरकारी जमीन का होगा आदान-प्रदान

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर के ओल्ड बस स्टैंड में प्रस्तावित मल्टी स्टोरी पार्किंग निर्माण की उम्मीद बरकरार है। नगर निगम ने पार्किंग निर्माण की ड्राइंग तैयार कर ली है, अब इंतजार सेना और सरकारी जमीन के आदान-प्रदान का है। इसमें कुछ औपचारिकताएं बची हैं, जिन्हें पूरा किया जा रहा है। करार के तहत 2,309 वर्ग मीटर रक्षा भूमि और 3,451 वर्ग मीटर नागरिक भूमि का आदान-प्रदान किया जाना है। कई वर्षों से लंबित इस मामले में अब जमीन के आदान-प्रदान की उम्मीद है। समझौते के मुताबिक राज्य सरकार को रक्षा वाहनों की निर्बाध आवाजाही के लिए हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-5 से सेना स्टेशन तक सड़क उपलब्ध कराकर भूमि विनिमय की सुविधा प्रदान की है। नगर निगम ने सेना को सड़क की मेंटेनेंस को करीब 86 लाख रुपए दिए हैं। सैन्य अधिकारी यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सड़क के बाद के विस्तार से छावनी तक पहुंच में बाधा न रहे। (अनंत ज्ञान)



सोलन का ओल्ड बस स्टैंड।

### पार्किंग और व्यावसायिक कांप्लेक्स की सुविधा मिलेगी

**योजना** के क्रियान्वित पर सेना की छावनी से सटी जमीन पर तीन मंजिला पार्किंग का निर्माण होगा, जिसमें करीब 150 वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा होगी, साथ ही व्यावसायिक कांप्लेक्स का भी निर्माण होगा। पार्किंग निर्माण से शहर के लोगों को बाजार के नजदीक ही पार्किंग की सुविधा मिल सकेगी। शहर में पार्किंग सुविधा न होने से लोगों को खासकर बहार से आने वाले वाहन चालकों को पार्किंग की खासी दिक्कत झेलनी पड़ती है। पार्किंग बनने से दुकानदारों का कारोबार भी बढ़ेगा।

### सीएम ने किया है शिलान्यास

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू वर्ष 2023 में ओल्ड बस स्टैंड में पार्किंग की घोषणा कर चुके हैं। इसके लिए 10 करोड़ की राशि भी अनाउंस की गई है पर अभी निर्माण में जमीन का आदान-प्रदान का पेंच फंसा है। शहर में पार्किंग की सुविधा न होने से शहर की मुख्य सड़कों के किनारे अवैध पार्किंग की जा रही है। माल रोड, राजगढ़ रोड, चंबाघाट रोड और बाइपास रोड में रोड साइड पार्किंग के कारण ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ रही है। अवैध पार्किंग से शहर में हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड को भी शहर से बाहर निकलने में लंबा समय लग रहा है।



**नगर** निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा ने बताया कि भूमि के आदान-प्रदान को कुछ औपचारिकताएं बची हैं। निगम ने पार्किंग निर्माण की ड्राइंग तैयार कर ली है। पुराने बस स्टैंड के पास एक पार्किंग स्थल और एक व्यावसायिक परियोजना का निर्माण प्रस्तावित है।

# मंत्री हर्षवर्धन चौहान के सोशल मीडिया को-ऑर्डिनेटर बने सुनील

**अनंत ज्ञान, नाहन**



पूर्व सोशल मीडिया जिला सिरमौर प्रभारी सुनील चौहान को उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान का सोशल मीडिया को-ऑर्डिनेटर बनाया है।

इसके लिए सुनील चौहान ने मुख्यमंत्री व उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान व सिरमौर और शिलाई के शीर्ष नेताओं का आभार जताया है। सुनील चौहान ने बताया कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका में ईमानदारी से निर्वहन करूंगा और कांग्रेस सरकार द्वारा जनकल्याण नीतियों और बीजेपी सरकार की जनविरोधी नीतियों को सोशल मीडिया के माध्यम से घर-घर पहुंचाएंगे और शिलाइ में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान द्वारा जन कल्याण के कामों को बताएंगे। सुनील चौहान का कहना है कि आज के जमाने में सोशल मीडिया का दौर है।

आज के 80 प्रतिशत युवा सोशल मीडिया से जुड़े हैं, जो हर रोज सोशल मीडिया पर अपडेट रहते हैं। सुनील चौहान का कहना है कि आने वाले पंचायत चुनाव में कांग्रेस की नीतियों को व हर्षवर्धन चौहान के द्वारा किए कामों को घर-घर पहुंचाएंगे।

हर्षवर्धन चौहान का सोशल मीडिया को-ऑर्डिनेटर सुनील चौहान को बनने पर पूर्व कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष प्रवेश चौहान, पूर्व सचिव शिलाई कांग्रेस ओम प्रकाश ठाकुर, शिलाई युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र राणा, पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ओपी ठाकुर, पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष दिनेश सिंगटा, पूर्व युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अजय चौहान, पूर्व युवा कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा, पूर्व युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष, पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विपुल शर्मा, प्रमोद शर्मा, अमित चौहान, राजेंद्र शर्मा, चत्तर नेगी, नगीन शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, विक्रम शर्मा, मनोज चौहान आदि ने बधाई दी ओर उद्योग मंत्री का धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

## अखिल भारतीय सीमेंट मजदूर महासंघ ने किया त्रै-वार्षिक अधिवेशन

# अध्यक्ष सुरेश, महामंत्री बने ओमप्रकाश

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**




अखिल भारतीय सीमेंट मजदूर महासंघ का अधिवेशन मध्य प्रदेश के मैहर बड़ा अखाड़ा में हुआ।

अखिल भारतीय सीमेंट मजदूर महासंघ का 16वां त्रै-वार्षिक अधिवेशन शारदा मां की पावन नगरी मध्य प्रदेश के मैहर बड़ा अखाड़ा में संपन्न हुआ। इस अधिवेशन का उद्घाटन अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री गणेश मिश्रा ने किया। दो दिन चलने वाले इस अधिवेशन में 206 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें कुल 14 राज्य के प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे और इसमें भारतीय मजदूर संघ दाड़लाघाट के कर्मचारियों ने भी भाग लिया। अखिल भारतीय उपाध्यक्ष एवं प्राइवेट सेक्टर इंचार्ज भामसं कृष्ण प्रताप सिंह और सीमेंट प्रभारी सीवी लोकेश दो दिन इस अधिवेशन में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने वक्तव्य में कृष्ण प्रताप सिंह ने कहा कि यदि भारतीय मजदूर संघ में काम करना है, तो उसके लिए अपना आचरण शुद्ध रखना पड़ेगा। भारतीय मजदूर संघ 70 वर्ष की गौरव गाथा पूर्ण करने जा रहा है, लेकिन अभी तक इसका विखंडन नहीं हुआ है। यह एक गैर-राजनीतिक संगठन है और मजदूरों द्वारा संचालित तथा मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए बना हुआ है।

अधिवेशन में दूसरे दिन नव निर्वाचित कार्यसमिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष सुरेश गुजरात और उपाध्यक्ष मगन लाल वाल्मीकि मध्य प्रदेश, राजेश कुमार हिमाचल, अरिवालागन तमिलनाडु, शिवकुमार कर्नाटक बनाए गए। शंकर सिंह रावत राजस्थान कोषाध्यक्ष और दारासिंह मध्य प्रदेश सचिव बनाए गए और सभी प्रदेशों से कार्यसमिति में सदस्य लिए गए। महामंत्री का दायित्व पुनः ओमप्रकाश शर्मा हिमाचल प्रदेश को दिया गया, जो सिरमौर जिले के छोटे से गांव धार पच्छाद तहसील के रहने वाले हैं। विशिष्टातिथि मध्य प्रदेश के महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर ने कहा कि मध्य प्रदेश में सीमेंट उद्योग में कार्य करने वाले श्रमिकों के साथ अन्याय और अनदेखी को सहन नहीं किया जाएगा। इस अधिवेशन में चार प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए, जैसे कि सीमेंट उद्योग में ठेका प्रथा पर रोक लगवाई जाए, सुरक्षा और पर्यावरण को प्रदूषण पर मनन चिंतन किया जाए और इसके लिए सरकार आवश्यक कदम उठाए।

# नशा तस्कर को 11 साल की कैद और एक लाख का जुर्माना

**अनंत ज्ञान, नाहन**

> जुर्माना न भरने की सूरत में दो वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा

जिला सिरमौर के नाहन स्थित सत्र न्यायाधीश प्रथम, योगेश जसवाल की अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसले में नशा तस्करी के आरोपी रवि कुमार पुत्र पुरुषोत्तम, निवासी वार्ड नंबर-9, देवी नगर, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर को दोषी करार दिया है।

अदालत ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 के तहत 11 वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी को दो वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। सरकारी वकील चंपा सुरील ने बताया कि 21 अक्तूबर, 2020 को लगभग रात 10:30 बजे एएसआई इंदर सिंह अपनी टीम के साथ निजी वाहन संख्या एचपी 52ए-3652 में गोरखुवाला, सिंहपुरा की ओर जा रहे थे। गश्त टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति काले रंग की लोअर और ग्रे रंग की टी-शर्ट पहने हुए सिंहपुरा से खोडोवाला की ओर पैदल आ रहा है और उसके पास भारी मात्रा में नशीला पदार्थ है। लगभग 11 बजे उक्त व्यक्ति सिंहपुरा की ओर से आता दिखाई दिया। उसके दाहिने हाथ में एक सफेद रंग का कैरी बैग था। तलाशी लेने पर कैरी बैग के अंदर दो पॉलीथिन बैग मिले, जिनमें से एक सफेद और दूसरा गुलाबी रंग का था। सफेद रंग की पॉलीथिन में 1500 नीले रंग के कैप्सूल और गुलाबी रंग की पॉलीथिन में 1300 कैप्सूल बरामद हुए। अभियोजन पक्ष ने इस मामले में कुल 19 गवाह पेश किए। अभियोजन द्वारा पेश किए गए सबूतों के आधार पर अदालत ने आरोपी व्यक्ति को दोषी ठहराया।

## प्रदेश सरकार किसान विरोधी: सुखराम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं विधायक सुखराम चौधरी ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार किसान विरोधी है। प्रदेश सरकार जनता को अपनी 10 झूठी गारंटियां देकर बनी है। इस सरकार में किसान खुद को काफी ठगा हुआ महसूस कर रहा है। खरीफ की फसल का सीजन आते ही प्रदेश सरकार ने किसानों की कमर तोड़ने का काम किया है। प्रदेश सरकार ने सिंचाई ट्यूबवेल के लिए बिजली की दरों में कई गुना बढ़ोतरी की है। प्रदेश सरकार ने 30 पैसे पर यूनिट वाली बिजली को अब 4.05 पर यूनिट कर दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान की सुक्खू सरकार ने इसमें कई गुना की वृद्धि कर किसानों की कमर तोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचाई नहरों की हालत सही नहीं है, इन पर अत्यधिक निर्भर नहीं रहा जा सकता, जिससे किसान भाई ट्यूबवेल लगाकर अच्छी-खासी फसल उगा रहे थे। किसान अभी भी प्रदेश सरकार से मुआवजे की गुहार लगा रहे हैं।

# मानवता और करुणा का संदेश फैलाने को सोलन में निकाली जागरूकता रैली



मानवता के पक्ष में थीम के तहत रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीसी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रेरक पहल के तहत शूलिनी विश्वविद्यालय ने रेड क्रॉस सोसायटी सोलन के सहयोग से मानवता के पक्ष में थीम के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में छात्रों, संकाय सदस्यों और सामुदायिक स्वयंसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो सभी एक ही उद्देश्य के लिए एकजुट थे- सहानुभूति, एकता और करुणा के लिए खड़े होना। इस रैली को आधिकारिक तौर पर सोलन के डीसी मनमोहन शर्मा ने हरी झंडी दिखाई, जिन्होंने इस विचारशील पहल की सराहना की। अपने संबोधन में, उन्होंने आज की तेज-तर्रार, अक्सर विभाजित दुनिया में मानवीय मूल्यों की प्रासंगिकता पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं और समुदाय से अपने दैनिक जीवन में करुणा की भावना को बनाए रखने का आह्वान किया, जैसे-जैसे रैली सोलन के केंद्रीय क्षेत्रों से गुजरी, छात्रों और स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से जनता से संपर्क किया। उन्होंने शांति, समानता और हाशिए पर पड़े समुदायों के समर्थन की वकालत करने वाले संदेश वितरित किए।

## बाड़ीधार के इतिहास के बारे में जाना

**अनंत ज्ञान, अर्की।** लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों को ऐतिहासिक स्थल बाड़ीधार का प्रिंसिपल डॉ. कुसुम गुप्ता और स्कूल शिक्षकों संग शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जहां विद्यार्थियों ने खेल खेंली, बाड़ीधार के हरे-भरे जंगल की गोद में गुणवत्तापूर्ण समय बिताया व देव स्थल बाड़ीधार के इतिहास के बारे में जाना की बाड़ीधार 1972 तक जिला महासू (अब शिमला) का हिस्सा था, जो पहले अर्की (भागल) तहसील में आता था, बाद में 1972 में जिला सोलन बना और इसे सोलन जिले में मिला दिया गया। ऐसा कहा जाता है कि पांडवों ने अपने वनवास के आखिरी साल यहीं पर पहाड़ी और जंगल की गुफाओं में बिताए थे। यहां भगवान शिव को समर्पित एक मंदिर स्थित है, स्थानीय लोग उन्हें बड़ादेव कहते हैं और इस चोटी का नाम भी उन्हीं के नाम पर रखा गया है।

# पाइनग्रोव स्कूल के मेधावियों ने चमकाया नाम

## सीबीएसई बारहवीं में 44 छात्रों ने 90 फीसदी से अधिक अंक किए प्राप्त

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पाइनग्रोव स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से सीबीएसई बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सूबे में स्कूल का नाम रोशन किया। पाइनग्रोव स्कूल के 44 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का मान-सम्मान बढ़ाया। पाइनग्रोव स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता की अपनी परंपरा को कायम रखा है। छात्रों ने तीनों स्ट्रीम- विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें अटूट समर्पण, फोकस और अकादमिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। मानविकी स्ट्रीम में धीरज शर्मा ने 98.60 फीसदी अंक प्राप्त किए, जबकि महक सिंह ने 98.4 फीसदी अंक अर्जित किए। वाणिज्य स्ट्रीम में अरिजीत भाटिया ने 96.4 फीसदी के उल्लेखनीय स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। विशेष ने 92.8 फीसदी अंक प्राप्त कर विज्ञान स्ट्रीम में टॉप किया। सीबीएसई बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उपस्थित होने वाले कुल छात्रों की संख्या का 59.5 फीसदी है, इसके अलावा 25 छात्रों ने व्यक्तिगत विषयों में पूर्ण 100 अंक प्राप्त करने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल की, जो उनकी कड़ी मेहनत और शैक्षणिक सटीकता का प्रमाण है। अर्थशास्त्र में आभीर जुनेजा, धैर्य शर्मा, मुकुल गोयल, पार्थ गोयल, सात्विक शोकल, मनोविज्ञान में अथर्व शर्मा, धैर्य शर्मा, महक सिंह और कायरा दत्ता, पेंटिंग में अरिजीत भाटिया, रोहक गोयल, तारीश मित्तल, गुरसहज कौर रंधावा, एकलव्य दत्ता और स्नेहा, हिंदी संगीत गायन में पुरुषार्थ कोचर, सात्विक शोकल, सुखविंद्र सिंह सुंदलास और येरिक गौरी, जबकि सूचना विज्ञान अभ्यास में चिराग गोयल, रूपांश जैन, श्रुति राठौर और त्रिभुवन नरेश शारता ने भाग लिया। पाइनग्रोव स्कूल का औसतन रिजल्ट 89.28 फीसदी रहा। दसवीं कक्षा की परीक्षा में भी छात्रों ने असाधारण प्रदर्शन किया है। युवराज सिंगला ने 97.4 फीसदी अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

**प्रकाशन** सात दिनों के अंदर मांगी आपत्तियां, डीसी कार्यालय सोलन सहित पंचायत समिति कार्यालय में उपलब्ध

# जिला परिषद निर्वाचन के 17 वार्डों की परिसीमन अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**डीसी** सोलन मनमोहन शर्मा ने सोलन जिले के सभी 17 जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का प्रस्ताव सार्वजनिक रूप से प्रकाशित करने की अधिसूचना जारी की है। यह अधिसूचना हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 9 तथा अन्य आवश्यक नियमों का पालन करते हुए जारी की गई है।

यह अधिसूचना डीसी कार्यालय सोलन सहित पंचायत समिति कार्यालय सोलन कंडाघाट, धर्मपुर, कुनिहार, पट्टा और नालागढ़ सहित संबंधित ग्राम सभा मुख्यालय में उपलब्ध है यदि कोई व्यक्ति जिला परिषद सोलन के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन की प्रस्तावना के संबंध में कोई आपत्ति अथवा आक्षेप प्रस्तुत करना चाहता है, तो वह अधिसूचना के जारी होने के 7 दिन के भीतर डीसी कार्यालय सोलन में पुष्ट आधार के साथ प्रस्तुत कर सकता है। अधिसूचना के अनुसार जिला परिषद संख्या 1 दाड़ला में कुनिहार विकास खंड की ग्राम सभा बेरल,



चाखड़, दाड़ला, रौड़ी, बरायली, दसेरन, क्यारड़, ग्याणा, कश्लोग, कोटलु, मांगल, बागा, मांगू, नवगांव, पारनु, संघोई, संयाड़ी मोड़ और सेवड़ा चंडी को सम्मिलित किया गया है।

जिला परिषद संख्या 2 धुंधन में कुनिहार विकास खंड की ग्रामसभा हनुमान बड़ोग, बखालग, बलेरा, साई, बड़ोग, बंसतपुर, धुंधन, कुंहर, जघून, मटेरनी, पट्टा, घनागुघाट, सारमा, सरयांज, शहरोल, सूरजपुर, दावंटी और दानोघाट को सम्मिलित किया गया है। जिला परिषद संख्या 3 भूमती में कुनिहार विकास खंड की ग्रामसभा सरली, भूमती, सानण, चम्यावल, समोग, डुमैहर, बनोह, मान, पलानियां, चाइयां धार, रोहांज जलाना, देवरा, कोटली, पलोग, खनलग, दधोगी, बातल, कुनिहार और कोठी को सम्मिलित किया गया है। जिला परिषद संख्या 4 बाकना में कंडाघाट विकास खंड की ग्राम सभा कनैर, जधाणा, ममलीग, सतड़ोल, सायरी, काहला, कोट, वाकना, पौधना, छावशा, देलगी और क्वारग को सम्मिलित किया गया है। जिला परिषद संख्या 5 दंघील में कंडाघाट विकास खंड की ग्राम सभा सिरीनगर, मही, बीशा, सैंज, तुंदल, बांजणी, सकोड़ी, चायल, नगाली, झाजा, हिन्नर, रहेड़, दंघील और बाशा को सम्मिलित किया गया है। जिला परिषद संख्या 6 सलोगड़ा में सोलन विकास खंड की ग्राम सभा बसाल, धरोट, जौणाजी, कोठों, मशीवर, ओच्छघाट, पड़ग, सलोगड़ा, सन्होल, सेरबनेड़ा, सेरी, शामती, नौणी मंझगांव, शमरोड़, डांगरी, आंजी और सपरुन को सम्मिलित किया गया है। जिलस परिषद संख्या 7 चेवा में सोलन विकास खंड की ग्राम सभा अन्हेच बड़ोग, सुल्तानपुर, भोजनगर, भोली, चामत भड़ेच, चेवा, देवठी, रणों, काबा कलां, नेरी कलां, शड़ियाणा, तोप की बेड़, कोरों, हरिपुर, भारती, जाबल जमरोट, जाड़ली, कक्कड़हट्टी और पट्टा बरावरी को सम्मिलित किया गया है।

जिला परिषद संख्या 8 धर्मपुर में धर्मपुर विकास खंड की ग्राम सभा आंजी मातला, बनासर, मेहलों, चम्मों, धर्मपुर, गुल्हाड़ी, हुडंग, जाबली, कोटी नांब, प्राथा, रौड़ी, कोटला और नारायणी को सम्मिलित किया गया है। जिला परिषद संख्या 9 टकसाल में विकास खंड धर्मपुर की ग्राम सभा चामियां, गनोल, गड़खल सनावर, कसौली गड़खल, सनवारा, कोट, कोट बेजा, नाहरी, निचली गांगुडी, जंगेशु और टकसाल को सम्मिलित किया गया है। जिला परिषद संख्या 10 दाड़वा में विकास खंड पट्टा की ग्राम सभा कृष्णगढ़, बढ़लग, बाडियां, भावगुड़ी, बुघार कनैता, चंडी, दाड़वां, ढकरियाणा, घड़सी, गोयला, जाड़ला, मंढेसर और जगजीत नगर को सम्मिलित किया गया है। जिला परिषद संख्या 11 मंधाला में विकास खंड पट्टा की ग्रामसभा बरोटीवाला, सूरजपुर, हरिपुर संढोली, गुल्लरवाला, भटोली कलां, नालका, कालू झिंडा, मंधाला, पट्टानाली, कैंडोल, साई और सौडी को सम्मिलित किया गया है। 12 खेड़ा में विकास खंड नालागढ़ की ग्रामसभा ढेला, थाना, लेही, किशनपुरा, नंदपुर, खेड़ा आदि को सम्मिलित किया गया है।

13 रड़ियाली में नालागढ़ की ग्राम सभा किरपालपुर, भाटियां, ढांग निहली, मंझोली, गागुवाल आदि को सम्मिलित किया गया है। 14 दभोटा में विकास खंड नालागढ़ की ग्राम सभा बरूणा, भोगपुर, माजरा, रेडु उपरला, गोलजमाला आदि को सम्मिलित किया गया है। 15 बारियां में नालागढ़ की ग्राम सभा बारियां, बधोखरी, बेहड़ी, बायला, चमदार, छियाछी, दिग्गल, मनलोग कलां आदि को सम्मिलित किया गया है। 16 नंड में नालागढ़ की ग्रामसभा लूनस, नंड, भियुखरी, धरमाणा, डोली आदि को सम्मिलित किया गया है। 17 बगलैहड़ में विकास खंड नालागढ़ की बेरछा, घोलोंवाल, जगतपुर, जोघों, जुखाड़ी, करसौली आदि को सम्मिलित किया गया है।

## 24 व 25 को सोलन में होगा सत्संग

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राधा स्वामी सत्संग ब्यास (आरएसएसबी) के 24 व 25 मई को सोलन में आयोजित होने वाले सत्संग कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने की। बैठक में सत्संग के दौरान यातायात व्यवस्था, पेयजल एवं बिजली व्यवस्था, स्वास्थ्य आवश्यकताओं सहित अन्य विषयों पर सारगर्भित चर्चा की गई। मनमोहन शर्मा ने कहा कि यह आयोजन समूचे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है और सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ यह सुनिश्चित बनाना होगा कि इस अवधि में सत्संग का लाभ उठाने सोलन पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय निवासियों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत 23 से 25 मई तक बड़ोग से होकर वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित करने तथा सोलन बाइपास, राजगढ़ मार्ग, राधा स्वामी सत्संग परिसर सहित अन्य उपलब्ध स्थानों पर भारी वाहनों की पार्किंग व्यवस्था बनाने व आवश्यकता के अनुसार पुलिस मैदान में उचित प्रबंधन करने के विषय में विस्तृत चर्चा की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### सेक्टर-17 प्लाजा में तिरंगा यात्रा आज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-17 प्लाजा में वीरवार को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जो शाम 5 बजे शुरू होगी। यह यात्रा देशभक्ति की भावना और भारतीय सेना के सम्मान को समर्पित होगी। इस कार्यक्रम में हज़ारों की संख्या में लोग भाग लेंगे, जो हाथों में तिरंगा लिए सेना के सम्मान में एकजुट होकर राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करेंगे। यह आयोजन केवल सेक्टर-17 प्लाज़ा में ही होगा, और वहीं से शुरू होकर संपन्न होगा। पूरा परिसर देशभक्ति के नारों और गीतों से गूंज उठेगा। मीडिया प्रभारी संजीव राणा ने जानकारी दी कि यह यात्रा हर उस नागरिक को समर्पित है जो भारत की एकता, अखंडता और सैनिकों के बलिदान को दिल से मानता है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे परिवार सहित इस यात्रा में शामिल हों और देश के लिए अपनी प्रतिबद्धता को तिरंगे के नीचे एकजुट होकर प्रदर्शित करें।

### जींद: दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

**अनंत ज्ञान, जींद।** एडीजे डॉ. चंद्रहास की अदालत ने नाबालिग लड़की का अपहरण कर यौन शोषण करने के जुर्म में दोषी को बीस साल की कैद तथा तीस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी को दो साल का अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार उचाना थाना क्षेत्र गांव के एक व्यक्ति ने 31 दिसंबर 2023 को पुलिस को दी शिकायत में बताया की 30 दिसंबर रात उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नहीं लगा। उचाना थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया था। बाद में पुलिस ने लड़की को बरामद कर गांव खापड़ निवासी राकेश को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने राकेश के खिलाफ यौन शोषण तथा छह पाक्सो एक्ट की धारा और जोड़ दी थी। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। बुधवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. चंद्रहास की अदालत ने राकेश को बीस साल का कारवास तथा तीस हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

### हिसार की बेटी चंडीगढ़ के ब्लाइंड स्कूल में 12वीं में टॉप

**अनंत ज्ञान, हिसार।** हिसार की बेटी काफी ने चंडीगढ़ में ब्लाइंड स्कूल में 12वीं कक्षा में टॉप किया है। उनका सपना अब आईएएस बनकर देश की सेवा करने का है। काफी जब तीन साल की थी, तो होली वाले दिन पड़ोसी ने उसके चेहरे पर एसिड फेंक दिया था जिससे आंखों को रोशनी चली गई। हिसार निवासी एवं चंडीगढ़ के ब्लाइंड स्कूल सेक्टर-26 की छात्रा काफी ने सीबीएसई बोर्ड में 12वीं में 95.6 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में टॉप किया है। वर्ष 2011 में एसिड अटैक का सामना करने वाली काफी के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि जिंदगी से कोई शिकवा नहीं है और वह कहती हैं कि नंबर थोड़े और आने चाहिए थे। जिंदगी ने जो दिया है वो मंजूर है। अब आईएएस बनना है और देश की सेवा करनी है। काफी के पिता हरियाणा सचिवालय में कार्यरत हैं और मां हाउसवाइफ हैं। काफी ने इस बात पर खुशी जताई कि उसने 10वीं के बाद 12वीं में भी स्कूल में टॉप किया। घर पर सब खुश हैं। काफी अपने अतीत के बारे में बात करने से भी हिचकती नहीं हैं।

### हिसार: सड़क हादसे में किसान की मौत

**अनंत ज्ञान, हिसार।** अग्रोहा क्षेत्र के गांव सिवानी बोलान-साबरवास रोड पर हुए एक सड़क हादसे में किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान फतेहाबाद जिले के चन्द्रावल निवासी लगभग 60 वर्षीय जयबीर के रूप में हुई है। मृतक के शव का बुधवार को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम किया गया। हादसा सिल्वर रंग की रिट्ज कार द्वारा किसान की बाइक को टक्कर मार देने से हुआ। जानकारी के अनुसार मृतक का बेटा सुनील कुमार हरियाणा पुलिस की आईआरबी थर्ड बटालियन में तैनात हैं और रोहतक की सुनारिया जेल में ड्यूटी पर हैं। सुनील ने अग्रोहा पुलिस को दिए बयान में बताया कि उन्हें सूचना मिली कि उसके पिता का एक्सीडेंट हो गया है और वे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। सुनील तुरंत ड्यूटी से अग्रोहा पहुंचे, जहां उनके मामा के बेटे रामफल ने घटना की जानकारी दी।

# हरियाणा सरकार ग्रुप डी के 7596 पदों पर करेगी भर्ती

## भर्ती में डीएससी और ओएससी आरक्षण लागू: सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के सरकारी विभागों, बोर्ड-निगमों, स्वायत्त संस्थाओं और सरकारी कंपनियों में चतुर्थ श्रेणी के 7596 पदों पर भर्ती होगी। पहली बार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदों की भर्ती में 1209 पद वंचित अनुसूचित जाति (डीएससी) और अन्य अनुसूचित जाति (ओएससी) के लिए आरक्षित किए गए हैं। इनमें डीएससी के लिए 605 और ओएससी के लिए 604 पद आरक्षित रहेंगे।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा राज्य कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) के माध्यम से जल्द ही चतुर्थ श्रेणी पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। भर्ती में वंचित अनुसूचित जाति और अन्य अनुसूचित जाति के साथ ही पिछड़ा वर्ग-ए (बीसीए), पिछड़ा वर्ग-बी (बीसीबी), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईब्लयूएस), दिव्यांग, खिलाड़ियों और एक्स सर्विसमैन को आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। चयन के लिए आवेदक के सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) स्कोर का उपयोग किया जाएगा। यह पारदर्शी और मेरिट-आधारित चयन प्रक्रिया को सुनिश्चित करेगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वर्गों के लिए आरक्षण की नई व्यवस्था अंतर्विशिष्ट असमानताओं को दूर करने और आरक्षण लाभों के निष्पक्ष वितरण को सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। यह पहल न केवल रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी, बल्कि सामाजिक समावेशिता और निष्पक्षता को भी सुनिश्चित करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के अपने वादे को पूरा करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है।

### यह भर्ती प्रक्रिया सामाजिक न्याय को भी करेगी मजबूत

**सैनी** ने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार का साझा लक्ष्य 'अंत्योदय' अर्थात समाज के सबसे वंचित वर्ग के उत्थान को प्राथमिकता देना है। यह भर्ती प्रक्रिया समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से अनुसूचित जातियों और अन्य पिछड़े समुदायों को उनका हक दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
यह भर्ती प्रक्रिया न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करेगी, बल्कि सामाजिक न्याय को भी मजबूत करेगी। भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष रखने के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग कर आवेदन और चयन प्रक्रिया को और अधिक सुगम और कुशल बनाया जाएगा। यह पहल युवाओं के लिए नए अवसरों का द्वार खोलने के साथ ही सामाजिक समावेश और समानता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी।

# हरियाणा में गर्भपात पर कसा शिकंजा 13 सेंटर सील, 17 एफआईआर दर्ज

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा में लिंगानुपात में सुधार लाने और अवैध गर्भपात पर शिकंजा कसने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। स्वास्थ्य विभाग ने अवैध गर्भपात के आरोप में एक सप्ताह में 13 सेंटर को सील कर दिया है और 17 एफआईआर दर्ज की हैं। प्रदेश में लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए गठित की गई राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) एक्शन मोड में है। एसटीएफ ने एक सप्ताह में एमटीपी किट की अवैध बिक्री को लेकर राज्यभर में 19 छापे मारे गए और 17 एफआईआर दर्ज की गईं। इसके अलावा, अवैध कार्य पाए जाने पर 13 दुकानों को सील कर दिया गया और 145 एमटीपी किट जब्त किए गए। आरोपियों के खिलाफ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू की गई।

**एसटीएफ ने राज्य में 145 एमटीपी किट की जब्त**

एसटीएफ ने स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल को एक सप्ताह की रिपोर्ट सौंपी। राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) की साप्ताहिक बैठक अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें अवैध गर्भपात पर अंकुश लगाने और प्रधानमंत्री नरंद्र मोदी के शुरू किए गए 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत राज्य के लिंगानुपात में और अधिक सुधार लाने के प्रयासों को तेज करने पर फोकस किया गया।

बैठक में बताया गया कि 12 सप्ताह या उससे अधिक समय में गर्भपात की संख्या एक सप्ताह के भीतर 425 से घटकर 226 हो गई, जो कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ा कदम है।

### लापरवाही बरतने वाले अधिकारी पर कसेगा शिकंजा

**अतिरिक्त** मुख्य सचिव ने अवैध गर्भपात की प्रथाओं के प्रति जीरो-टोलरेंस के दृष्टिकोण पर जोर दिया और अधिकारियों को सभी स्तरों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि कानून को लागू करने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध गर्भपात में संलिप्त पाए जाने वाले डॉक्टरों के मामले को उनके लाइसेंस रद्द करने के लिए मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया को भेजा जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि विभाग को सभी पंजीकृत मामलों पर सख्ती से अमल करने और अवैध प्रथाओं में शामिल व्यक्तियों का पता लगाने के लिए पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर काम करें।

## वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा हरियाणा बिजली वितरण निगम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके।

बिजली निगम के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार में एक लाख रुपए से अधिक और तीन लाख रुपए तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों नामत: करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर और रोहतक के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 15 मई को रोहतक में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों के उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से संबंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से संबंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का भी निपटान किया जाएगा। इस दौरान बिजली चोरी, बिजली के दुरुपयोग और घातक गैर-घातक दुर्घटना आदि मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा।

इस दौरान उपभोक्ता को प्रमाणित करना होगा कि यह मामला अदालत, प्राधिकरण या फोरम के समक्ष लंबित नहीं है क्योंकि इस न्यायालय या फोरम में विचाराधीन मामलों पर बैठक के दौरान विचार नहीं किया जाएगा।

## झज्जर में बिजली कर्मी की करंट से मौत

**अनंत ज्ञान, झज्जर।** डाबोदा में डीएस फीडर पर काम करते समय एक बिजली कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना सदर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवाया। मृतक की पहचान नूंह के रहने वाले 38 वर्षीय अकील अहमद के रूप में हुई है। वह बुपनियां सब डिविजन में एएलएम के पद पर कार्यरत था। हादसा मंगलवार की रात आठ बजे के आसपास हुआ। बताया गया है कि डीएस फीडर पर अकील अहमद काम कर रहे थे। इसी दौरान इसमें करंट का प्रवाह हो गया और उसे जोरदार झटका लगा। उसके साथियों ने उसे संभाला। अस्पताल में चिकित्सक ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी। इसकी सूचना मिलते ही बिजली कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। यह हादसा कैसे हुआ, इसको लेकर जांच की जा रही है।

## त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने में जुटा चुनाव आयोग

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा व राज्यों की विधानसभा से जुड़ी चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष व पारदर्शी बनाने की दिशा में निरंतर नई पहल कर रहा है और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सीधा संवाद कर रहा है। इसी कड़ी में मुख्य चुनाव आयुक्त व दोनों चुनाव आयुक्तों ने नेशनल पीपल्स पार्टी के अध्यक्ष कोलार्डस संगमा से निर्वाचन सदन, नई दिल्ली में बातचीत की।

उन्होंने कहा कि त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने तथा राष्ट्रीय व राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व अन्य हितधारकों के साथ 4719 बैठकों का आयोजन किया गया। इससे पूर्व आयोग ने बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष कुमारी मायावती के साथ 6 मई को, भाजपाध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ 8 मई को तथा भारती कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव एमए बेबी के साथ 10 मई को बैठक कर चुका है।

उन्होंने बताया कि इन बैठकों में 40 बैठकें मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मुख्य अधिकारी कार्यालय द्वारा 800 बैठकें जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा 3879 चुनाव पंजीयन अधिकारियों द्वारा ली गई। इन बैठकों में विभिन्न राजनीतिक दलों के 28 हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयोग की इस पहल का मुख्य उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को वर्तमान लीगल फ्रेमवर्क में सभी स्टेकहोल्डर के साथ और अधिक सशक्त करना है। (अनंत ज्ञान)

### असम में पाकिस्तान के 58 समर्थक गिरफ्तार

**एजेंसी, गोवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 58 हो गई है। सीएम सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हाल ही में गिरफ्तार किए गए दो व्यक्ति सोनितपुर जिले के हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा, '58 पाकिस्तानी समर्थक सलाखों के पीछे हैं। उन्हें उनकी राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों के लिए भी विशेष देखभाल मिलेगी।' सीएम सरमा ने कहा कि 'देशद्रोहियों' के खिलाफ राज्यव्यापी कार्रवाई जारी रहेगी और 'किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।' मुख्यमंत्री ने पिछले सप्ताह यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि गिरफ्तार किए गए कुछ लोगों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के प्रावधान लगाए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप और अल-शरा ने 33 मिनट तक की बात

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को सीरिया के नए राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की। ट्रंप की यह मुलाकात सऊदी अरब में हुई, जहां उन्होंने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन के साथ मिलकर बातचीत की। इसके बाद ट्रंप ने सीरिया पर लगे 13 साल पुराने प्रतिबंध हटाने का एलान किया। साथ ही कहा कि हमें उम्मीद है कि सीरिया की नई सरकार देश में स्थिरता और शांति लाएगी। बता दें कि यह वही अल-शरा हैं जो पहले अमेरिका के कब्जे में थे और अल-कायदा से जुड़े रहे हैं। उनकी सरकार ने हाल ही में दमिश्क पर कब्जा कर असद परिवार के 54 साल पुराने शासन का अंत कर दिया था। (अनंत ज्ञान)





### कर्नाटक हाईकोर्ट ने खारिज की फोनपे की याचिका

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म फोनपे की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें कंपनी ने पुलिस द्वारा मांगी गई यूजर जानकारी देने से इनकार किया था। यह मामला एक ऑनलाइन स्पोर्ट्स सट्टेबाजी से जुड़ा है। मामले में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने कहा कि डिजिटल युग में अपराध के तरीके बदल गए हैं और साइबर क्राइम के लिए तेज और सटीक जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि यूजर्स की प्राइवेसी जरूरी है, लेकिन यह कानूनी जांच से बचने का हथियार नहीं बन सकती। बता दें कि 2022 में एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि उसने भारत बनाम साउथ अफ्रीका मैच के दौरान एक सट्टेबाजी वेबसाइट पर फोनपे से 6000 रुपए जमा किए थे। बाद में वेबसाइट बंद हो गई और पैसे नहीं निकाले जा सके। इसे धोखाधड़ी बताते हुए उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने फोनपे को दिसंबर 2022 में धारा 91 सीआरपीसी के तहत नोटिस भेजकर जानकारी मांगी थी। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

### साइबर अटैक करने वाले ग्रुपों की पहचान

**नई दिल्ली।** भारत की साइबर सुरक्षा एजेंसियों ने बताया कि उन्होंने सात ऐसे APT ग्रुपों की पहचान की है, जो लगातार साइबर हमले कर रहे हैं। इन ग्रुपों ने 15 लाख से ज्यादा साइबर अटैक किए हैं। ये हमले खासकर देश की जरूरी वेबसाइटों और इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बना रहे थे। ये हमले पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद और तेज हो गए थे। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कुछ पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव भारत में पत्रकारों और रक्षा कर्मियों के मोबाइल फोन को निशाना बना रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्स 'डांस ऑफ हिलेरी' और 'कॉल्स फ्रॉम मिलिट्री' नाम के मालवेयर के जरिए फोन में वायरस भेज रहे थे। मालवेयर एक तरह का खतरनाक सॉफ्टवेयर होता है, जो आपके कंप्यूटर या फोन को नुकसान पहुंचा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

## अगर महिलाएं राफेल उड़ा सकती हैं, तो सेना की कानूनी शाखा में क्यों नहीं जा सकतीं?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया है कि अगर महिलाएं भारतीय वायुसेना में राफेल लड़ाकू विमान उड़ा सकती हैं, तो फिर वे सेना की कानूनी शाखा में शीर्ष पदों पर क्यों नियुक्त नहीं हो सकतीं? सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने 8 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है और केंद्र सरकार के जवाब के बाद पीठ अपना फैसला सुना सकती है। पीठ ने दो महिला अधिकारियों अर्शनूर कौर और आस्था त्यागी की याचिका पर फैसला सुरक्षित करते हुए यह टिप्पणी की। (अनंत ज्ञान)

### पीठ ने दिए नियुक्ति करने के निर्देश



**याचिकाकर्ताओं** ने बताया कि जज एडवोकेट जनरल की परीक्षा में उनकी चौथी और पांचवीं रैंक आई थी, इसके बावजूद उनसे कम रैंकिंग वाले पुरुष अधिकारियों की नियुक्ति की गई। याचिका में कहा गया है कि विभाग में सिर्फ छह पद निकले थे, जिनमें से महिलाओं के लिए तीन ही रिक्तियां थीं। सुनवाई के बाद जस्टिस दत्ता ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एश्वर्या भाटी से पूछा कि 'अगर भारतीय वायुसेना में महिलाएं लड़ाकू विमान राफेल उड़ा सकती हैं तो फिर सेना की जज एडवोकेट जनरल पदों पर ज्यादा महिलाओं को शामिल करना क्यों मुश्किल है?' इसके साथ ही पीठ ने याचिकाकर्ता अर्शनूर कौर को सेना की कानूनी शाखा में शामिल करने का निर्देश दिया। वहीं, दूसरी याचिकाकर्ता आस्था त्यागी ने भारतीय नौसेना ज्वाइन कर ली है। इसके बाद शीर्ष अदालत ने केंद्र से सवाल किया कि उन्होंने महिलाओं के लिए कम पद निर्धारित किए हैं, जबकि दावा किया गया है कि ये पद लैंगिक रूप से तटस्थ हैं।

## लोकसभा केवल सदन नहीं भारतीय लोकतंत्र की आत्मा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद के निचले सदन के नामकरण की घोषणा के 71 साल पूरा होने के मौके पर बुधवार को कहा कि यह केवल एक सदन नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से इस बात का उल्लेख किया कि 14 मई, 1954 को तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष जीवी मावलंकर ने यह ऐतिहासिक घोषणा की थी कि 'हाउस ऑफ द पीपुल' को अब 'लोकसभा' के नाम से जाना जाएगा। बिरला ने कहा,'लोकसभा, संविधान के प्रति निष्ठा, जनता की आकांक्षाओं और राष्ट्रहित में लिए गए निर्णयों की सजीव संस्था है। देश की नीतियों की दिशा, जनहित के विधानों का निर्माण और लोकतांत्रिक विमर्श की सबसे प्रामाणिक भूमि यही लोकसभा है। यह वह मंच है जहां भारत की विविधता एकता में बदलती है, और जहां हर नागरिक की आवाज, विचार और अधिकार को प्रतिनिधित्व मिलता है।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकसभा केवल एक सदन नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, 'इस दिन को याद करना भारत की लोकतांत्रिक परंपरा के प्रति आदर भाव व्यक्त करना है।' बिरला ने एक अन्य पोस्ट में न्यायमूर्ति बी आर गवई के प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)



## भारत-पाक तनाव के बीच 17 % तक चढ़े डिफेंस शेयर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** डिफेंस स्टॉक्स में बुधवार को जमकर खरीददारी हुई। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स के शेयर करीब 17 फीसदी उछलकर 2,236.30 रुपए के भाव पर पहुंच गए। इसके अलावा, Cochin Shipyard में 10 फीसदी, Mishra Dhatu Nigam में 9 फीसदी, DCX Systems में 6 फीसदी और Mazagon Dock में करीब 5 फीसदी की बढ़त है।

एक्सपर्ट्स की मानें तो इन स्टॉक्स में तेजी की वजह ऑर्डर बढ़ने की उम्मीद है। भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में तनाव ने डिफेंस शेयरों को फोकस में ला दिया है। इस तनाव ने भारत की सैन्य क्षमताओं और उसके स्वदेशी हथियारों की ताकत को भी दिखाया है। (अनंत ज्ञान)

## आईएमएफ ने पाक को दी 1.023 अरब डॉलर की दूसरी किस्त

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को विस्तारित निधि सुविधा कार्यक्रम के तहत 1.023 अरब अमेरिकी डॉलर की दूसरी किस्त जारी की है। इसके अलावा आईएमएफ ने पाकिस्तान के बजट को लेकर वर्चुअल चर्चा शुरू कर दी है। आईएमएफ ने कहा कि दूसरी किस्त की राशि 16 मई को सप्ताह समाप्त होने पर उसके विदेशी मुद्रा भंडार में दर्शाई जाएगी। आईएमएफ ने पिछले सप्ताह पाकिस्तान को एक अरब डॉलर की रकम जारी करने की मंजूरी दी थी। बैंक ने कहा कि धनराशि जारी करने का निर्णय आईएमएफ द्वारा ईएफएफ व्यवस्था द्वारा समर्थित पाकिस्तान के आर्थिक सुधार कार्यक्रम की पहली समीक्षा पर संतोष व्यक्त करने के बाद लिया गया। (अनंत ज्ञान)

# इसराइल ने गाजा के अस्पताल पर किए हवाई हमले, 48 लोगों की मौत

## मरने वालों में 22 बच्चे, हमलों के बाद संघर्ष विराम की उम्मीदों पर विराम

**एजेंसी, गाजा**

उत्तरी गाजा में मंगलवार रात और बुधवार तड़के घरों पर हुए इसराइल के सिलसिलेवार हवाई हमलों में कम से कम 22 बच्चों की मौत हो गई। स्थानीय अस्पतालों यह जानकारी दी। जबालिया में इंडोनेशियन अस्पताल ने बताया कि हमलों में कम से कम 48 लोगों की मौत हुई है। ये हमले अमेरिका की मध्यस्थता से हुए समझौते के तहत हमास द्वारा एक इसराइली-अमेरिकी बंधक को रिहा किए जाने के एक दिन बाद हुए हैं। इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा था कि इसराइल द्वारा गाजा में युद्ध रोकने का कोई सवाल ही नहीं उठता। नेतन्याहू के इस बयान के साथ ही संघर्ष विराम की उम्मीदों पर विराम लग गया। इसराइली सेना ने हमलों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हालांकि सेना ने मंगलवार देर रात जबालिया के निवासियों को क्षेत्र खाली करने की चेतावनी दी थी, जहां रॉकेट लांचर समेत हमास के बुनियादी ढांचे मौजूद हैं। (अनंत ज्ञान)



इसराइल की ओर से गाजा के अस्पताल पर की एयर स्ट्राइक से हुई तबाही।

**गिरावट** — खाद्य पदार्थों, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में भारी गिरावट

# अप्रैल में घटकर 0.85 % रह गई थोक मूल्य मुद्रास्फीति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

थोक मूल्य मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर 0.85% प्रतिशत रह गई, जो मार्च में 2.05 प्रतिशत थी। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य पदार्थों, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में गिरावट के कारण अप्रैल में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 0.85 प्रतिशत रह गई।

मार्च में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 2.05 प्रतिशत थी। पिछले साल अप्रैल में यह 1.19 प्रतिशत थी। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अप्रैल में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, रसायनों और रासायनिक उत्पादों, परिवहन उपकरण और मशीनरी के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में खाद्य पदार्थों में 0.86 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि मार्च में मुद्रास्फीति 1.57 प्रतिशत थी। सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई। अप्रैल में सब्जियों की कीमतों में 18.26 फीसदी की गिरावट रही, जबकि मार्च में यह गिरावट 15.88 % थी। प्याज में अप्रैल में मुद्रास्फीति घटकर 0.20 प्रतिशत रह गई, जबकि मार्च में यह 26.65 फीसदी थी। हालांकि, अप्रैल में विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 2.62 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह 3.07 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली में भी अप्रैल में 2.18 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। (अनंत ज्ञान)



### सब्जियों की कीमतों में देखी गई भारी गिरावट

### खुदरा मुद्रास्फीति संतोषजनक दायरे में

**अभी** तक खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक दायरे में बनी हुई है। सरकार ने आरबीआई को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी है। पिछले महीने खाद्य मुद्रास्फीति 1.78 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी महीने 8.7 प्रतिशत थी। मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति 2.69 प्रतिशत थी।

### 3.16 प्रतिशत रही उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर

**आंकड़ों** के अनुसार, अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित महंगाई दर 3.16 प्रतिशत रही, जो जुलाई 2019 के बाद सबसे कम है। जुलाई 2019 में यह 3.15 प्रतिशत थी। खाद्य महंगाई दर अप्रैल में घटकर 1.78 प्रतिशत रह गई, जो मार्च में 2.69 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 8.7 प्रतिशत थी। यह गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, फलों, दालों और अन्य प्रोटीन युक्त वस्तुओं की कीमतों में नरमी के कारण हुई।

## स्पोर्ट्स विंडो

### लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन से बाहर आकर्षि, उन्नति अगले दौर में



**एजेंसी, बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन के पहले दौर से बाहर हो गए हैं, जबकि आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा इस सुपर 500 टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले जीतकर अगले दौर में पहुंच गईं। सेन को आयरलैंड के एन एंगुयेन ने एक घंटे 20 मिनट तक चले मैच में 18- 21, 21-9, 17-21 से हराया। पहला गेम हारने के बाद सेन ने दूसरे में लय हासिल कर ली लेकिन निर्णायक गेम में एंगुयेन ने उन्हें उबरने का मौका ही नहीं दिया। प्रियांशु राजावत भी पहले दौर में बाहर हो गए जिन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान ने 21-13, 17-21, 21-16 से मात दी। महिला एकल में आकर्षि ने जापान की कोआरू सुगियामा को 21-16, 20-22, 22-20 से हराया। उन्नति ने थाईलैंड की थामोंवान एन को 21-14, 18-21, 23-21 से मात दी। रक्षिता संतोष रामराज पहले दौर में सिंगापुर की यिओ जिया मिन से 18-21, 7-21 से हार गईं।

### महिला वनडे रैंकिंग में भारत तीसरे स्थान पर बरकरार, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर

**एजेंसी, दुबई।** त्रिकोणीय सीरीज में जीत की बदौलत भारत को बुधवार को जारी आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में आठ अंक का फायदा हुआ जिससे उसने अपने और दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड के बीच के अंकों के अंतर को कम किया। दूसरे स्थान पर मौजूद भारत के अब 121 रेटिंग अंक है और वह इंग्लैंड से सिर्फ छह अंक पीछे है। सात बार का विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 167 अंक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है, लेकिन अपडेट के बाद अब उसकी बढ़त 44 से घटकर 40 अंक की रह गई है। शीर्ष छह टीम की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसमें न्यूजीलैंड (96), दक्षिण अफ्रीका (90) और श्रीलंका (82) भी शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका को नवीनतम रैंकिंग में नौ रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है, लेकिन इसके बावजूद टीम पांचवें स्थान पर बनी हुई है। अपडेट के बाद मई 2022 से अप्रैल 2024 के बीच के मुकाबलों को 50 प्रतिशत 'वेटेज' मिलेगी, जबकि इसके बाद के मुकाबलों को शत प्रतिशत। अब 2022 में हुए 50 ओवर के विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने के दक्षिण अफ्रीका के प्रदर्शन को रैंकिंग की गणना से बाहर कर दिया गया है। इसका असर 2022 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले वेस्टइंडीज (72) पर भी पड़ा है जिसे 10 रेटिंग अंक का नुकसान उठाना पड़ा है और वह सातवें से नौवें स्थान स्थान पर खिसक गया है। बांग्लादेश (79) और पाकिस्तान (78) रैंकिंग में उससे आगे हैं।

### सामिया आरजू का बिदांस अंदाज

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली जहां मैदान में अपनी मारक गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं. वहीं उनकी पत्नी सामिया आरजू की खूबसूरती के भी खूब चर्चे होते हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। सामिया का ताल्लुक भारत से है, वह हरियाणा के फरीदाबाद की रहने वाली हैं।



## आईपीएल नए शेड्यूल ने रोमांचक बनाई आईपीएल लीग, आखिरी 2 दिन तय करेंगे प्लेऑफ पोजिशन

# कोलकाता-लखनऊ एक भी मैच हारी तो बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बीसीसीआई ने आईपीएल का नया शेड्यूल जारी किया है। लीग स्टेज के 13 ही मैच बचे हैं। 3 टीमें प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं, जबकि 7 टीमों में टॉप-4 की जंग हैं। नए शेड्यूल ने टूर्नामेंट को और भी रोमांचक बना दिया। आखिरी 2 दिनों में लखनऊ, मुंबई, पंजाब और बेंगलुरु के मैच हैं। चारों ही टीमें प्लेऑफ की रेस में हैं और आखिरी मुकाबलों के नतीजों से टॉप-2 स्पॉट भी तय होंगे। (अनंत ज्ञान)



### गुजरात टाइटंस को चाहिए और एक जीत

**गुजरात** 11 मैचों में 8 जीत से 16 प्वॉइंट्स लेकर पहले नंबर पर है। टीम के 3 मैच दिल्ली, लखनऊ और चेन्नई से बचे हैं। टाइटंस इनमें से एक भी मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। हालांकि, टीम को टॉप-2 में फिनिश करना है तो कम से कम 2 मैच जीतने होंगे। तीनों मैच जीतकर गुजरातज्ञ टॉप-2 में अपनी पोजिशन कन्फर्म कर लेगी।

### बेंगलुरु को भी सिर्फ एक और जीत

**बेंगलुरु** के भी 11 में से 8 जीत से 16 प्वॉइंट्स हैं, लेकिन गुजरात से खराब रन रेट के कारण टीम दूसरे नंबर पर है। आरसीबी को भी प्लेऑफ में पहुंचने के लिए 3 में से एक ही जीत चाहिए। टीम को कोलकाता, हैदराबाद और लखनऊ से भिड़ना है। टॉप-2 में फिनिश करना है तो आरसीबी को भी बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे।

### लखनऊ सुपरजायंट्स भी दूसरों के भरोसे

**लखनऊ** को 11 मैचों में 5 ही जीत मिली, टीम 10 पॉइंट्स लेकर 7वें नबंर पर है। लखनऊ के 3 मैच हैदराबाद, गुजरात और बेंगलुरु से हैं। तीनों मैच जीतकर भी टीम 16 प्वॉइंट्स तक ही पहुंचेगी। यहां से फिर क्वालिफाई करने के लिए टीम को पंजाब, मुंबई और दिल्ली के सभी मैच हारने की दुआ करनी होगी।

### कोलकाता नाइट राइडर्स दूसरों के भरोसे

**डिफेंडिंग** चैंपियन कोलकाता को 12 मैचों में महज 5 जीत मिली, टीम का एक मैच बेनतीजा भी रहा, इनसे 11 प्वॉइंट्स लेकर कोलकाता छठे नंबर पर है। कोलकाता के 2 मैच बेंगलुरु और हैदराबाद से हैं। टीम एक भी मैच हारी तो प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी। 2 मैच जीतने के बाद भी कोलकाता को प्लेऑफ में पहुंचना है तो पंजाब, मुंबई और दिल्ली के सभी मैच में हारने की दुआ करनी होगी।

#### प्लेऑफ से 3 टीमें बाहर, बिगाड़ सकती है खेल

**सनराइजर्स** हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स प्लेऑफ स्टेज से बाहर हो चुकी हैं। तीनों टीमें अब टॉप-7 टीमों का गणित बिगाड़ सकती हैं। राजस्थान और चेन्नई को आपस में भी एक मैच खेलना है, लेकिन इससे किसी को भी कोई नुकसान या फायदा नहीं होगा। वहीं, अगर तीनों टीमों ने टॉप-7 पोजिशन पर मौजूद एक भी टीम को हरा दिया तो उनके प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लग सकता है।

### मुंबई इंडियंस: दोनों मैच जीतना जरूरी

**मुंबई** इंडियंस ने शुरुआती 5 में से 1 ही मैच जीता था, लेकिन टीम ने आखिरी 7 में से 6 मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद बना ली। मुंबई 12 में से 7 मैच जीतकर 14 प्वॉइंट्स लेकर चौथे नंबर पर है। 5 बार की चैंपियन टीम को प्लेऑफ में जगह बनानी है, तो दिल्ली और पंजाब के खिलाफ बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। मुंबई एक भी मैच हार गई तो प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को दूसरी टीमों के भरोसे छोड़ देगी।

### दिल्ली कैपिटल्स: तीनों मैच जीतने जरूरी

**दिल्ली** ने टूर्नामेंट की शुरुआत लगातार 5 मैच जीतकर की, लेकिन टीम ने पिछले 6 में से 4 मुकाबले गंवा दिए। कैपिटल्स 6 जीत और एक बेनतीजा मैच से 13 प्वॉइंट्स लेकर पांचवें नंबर पर है। दिल्ली के 3 मैच गुजरात, मुंबई और पंजाब से हैं, तीनों टॉप-4 में है। यहां से अगर कैपिटल्स को क्वालिफाई करना है तो तीनों मैच जीतने ही होंगे। टीम ने अगर मुंबई और पंजाब को हरा दिया तो 2 जीत से भी प्लेऑफ में जगह मिल जाएगी।

### पंजाब किंग्स को जीतने होंगे 2 मैच

**पंजाब** के 11 मैचों में 7 जीत और एक बेनतीजा मैच से 15 प्वॉइंट्स हैं। टीम को राजस्थान, दिल्ली और मुंबई से भिड़ना है। पंजाब किंग्स को प्लेऑफ में जगह कन्फर्म करने के लिए 3 में से 2 मैच जीतने होंगे। 17 प्वॉइंट्स के साथ अगर टीम को क्वालिफाई करना है तो दिल्ली को हराना ही होगा। पंजाब ने अगर कैपिटल्स को हरा दिया तो दिल्ली या मुंबई में से कोई एक टीम ही प्लेऑफ में पहुंच पाएगी, क्योंकि दोनों को आपस में भी भिड़ना है। पंजाब को टॉप-2 में फिनिश करने के लिए तीनों मैच जीतने होंगे, साथ ही गुजरात या बेंगलुरु के 1 मैच में हारने की दुआ करनी होगी।

## पत्नी पूजा ने चेतेश्वर पुजारा पर लिखी किताब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

### बोलीं-चेतेश्वर को ड्रॉप किया तो मैं खूब रोई



यह आस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज का मौका था। चेतेश्वर सुबह से ही स्टेडियम में थे। वहीं मुझे एक क्रिकेटर की पत्नी से पता चला कि चेतेश्वर को टीम से बाहर कर दिया गया है। मैंने दुखी मन से चेतेश्वर की मौसी और उनके कोच को फोन किया, सभी दुखी हो गए। चेतेश्वर कमरे में आया, लेकिन उसके चेहरे पर दुख की एक रेखा भी नहीं थी। जब मैंने ड्रॉप के बारे में कहा, तो उन्होंने शांतिपूर्वक कहा कि यह सब हमारे हाथ से बाहर है और जो चीज हमारे हाथ से बाहर है, उसके लिए दुखी होने का कोई मतलब नहीं है।

इंडियन क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा की पत्नी पूजा पुजारा ने 'द डायरी ऑफ अ क्रिकेटर वाइफ' नाम की एक बुक पब्लिश की है। इसमें उन्होंने चेतेश्वर के साथ अपनी पहली मुलाकात, लव मैरिज, चेतेश्वर के करियर के बुरे दौर और भारतीय क्रिकेट टीम की अंदरूनी कहानी के बारे में लिखा है। पूजा ने यह भी लिखा है कि चेतेश्वर एक बेटे, पिता, पति और धार्मिक व्यक्ति के रूप में कैसे हैं। यह भारत में किसी क्रिकेटर की वाइफ द्वारा लिखी गई पहली बुक है। (अनंत ज्ञान)

## डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी नहीं खेलेंगे आईपीएल प्लेऑफ

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग**



आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए चुने गए दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर आईपीएल प्लेआफ से बाहर रह सकते हैं, क्योंकि देश के क्रिकेट बोर्ड का स्पष्ट रुख है कि लीग से ऊपर देश के लिए खेलने को रखना होगा। बीसीसीआई ने सोमवार को पुष्टि की कि आईपीएल 17 मई से शुरू होगा और फाइनल तीन जून को खेला जाएगा।

संशोधित कार्यक्रम ने आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के उन क्रिकेटरों को दुविधा में डाल दिया है, जिन्हें डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलना है। फ्रेंचाइजी और बीसीसीआई ने विदेशी बोर्ड से उनके खिलाड़ियों को लीग के बाकी मैचों में उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। सीएसए ने हालांकि दोहराया है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारियां उसकी प्राथमिकता है। सीएसए के राष्ट्रीय टीम और हाई परफार्मेंस निदेशक एनोक एनक्वे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,''यह व्यक्तिगत फैसला है कि उन्हें लीग खेलने लौटना है या नहीं।''

उन्होंने कहा,''एक बात हमने साफ कर दी है कि हम बीसीसीआई और आईपीएल से बात कर रहे हैं, लेकिन डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारियों का कार्यक्रम यथावत रहेगा।'' उन्होंने कहा,''टेस्ट खिलाड़ियों के लिए 26 मई की समय सीमा है। हमारी प्राथमिकता डब्ल्यूटीसी फाइनल है जो नहीं बदलेगी।'' दक्षिण अफ्रीका के आठ क्रिकेटर कैगिसो रबाडा (गुजरात टाइटंस), लुंगी एंगिडी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), ट्रिस्टन स्टब्स ( दिल्ली कैपिटल्स), एडेन मार्करम ( लखनऊ सुपर जायंट्स), रियान रिकेलटन (मुंबई इंडियंस), कोर्बिन बॉश ( मुंबई इंडियंस), मार्को यानसेन (पंजाब किंग्स ) और वियान मूल्डर ( सनराइजर्स हैदराबाद) डब्ल्यूटीसी फाइनल की टीम में हैं जो 11 जून को लंदन में खेला जाएगा। इस समय गुजरात टाइटंस, आरसीबी, मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में हैं। (अनंत ज्ञान)

## रोहित-कोहली की जगह लेने के लिए भारत के पास कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी: एंडरसन

**एजेंसी, लंदन**



इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का मानना है कि भारत के पास बेखौफ और आक्रामक क्रिकेट खेलने वाले अगली पीढ़ी के क्रिकेटर हैं, जो विराट कोहली और रोहित शर्मा की जगह ले सकते हैं। कोहली और रोहित ने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। पिछले साल टी20 क्रिकेट से विदा ले चुके ये दोनों दिग्गज वनडे क्रिकेट खेलते रहेंगे। एंडरसन ने 'टॉकस्पोर्ट' से कहा,''महान खिलाड़ी। कोहली टेस्ट क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में से एक।'' भारतीय टीम के पास अब एक नया कप्तान होगा और टीम में दो सबसे अनुभवी खिलाड़ी नहीं होंगे। एंडरसन ने कहा,''शर्मा के संन्यास के बाद एक नया कप्तान होगा। विराट और रोहित की जगह लेना मुश्किल है, लेकिन भारत के पास काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं।'' उन्होंने कहा,''आप आईपीएल देखिये। अब आईपीएल से टेस्ट टीम में ऐसे क्रिकेटर आ रहे हैं जो आक्रामक हैं, बेखौफ क्रिकेट खेलते हैं।'' इंग्लैंड दौरे पर भारत को 20 जून से पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र 2025-27 की शुरुआत भी होगी। (अनंत ज्ञान)

## प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेलकर बनाई संयुक्त बढ़त, गुकेश फिर हारे



**एजेंसी, बुकारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ से ड्रॉ खेलकर सुपरबेट शतरंज क्लासिक के छठे दौर के बाद बढत बना ली है, जबकि हमवतन डी गुकेश को फ्रांस के अलीरजा फिरोजा ने हरा दिया। इंग्लिश ओपनिंग में काले मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानानंदा को डुडा ने शुरू में परेशान किया लेकिन बाद में उन्होंने लय पकड़ ली। गुकेश इस हार के बाद लाइव रैंकिंग में पांचवें स्थान पर खिसक गए, जबकि अर्जुन एरिगेसी तीसरे नंबर पर आ गए हैं। अलीरजा, अमेरिका के फेबियानो कारूआना, फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव और प्रज्ञानानंदा संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। (अनंत ज्ञान)

## श्रीलंका में स्नेह राणा की सफलता का राज धीमी और फुल लेंथ गेंदबाजी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



स्नेह राणा ने श्रीलंका में त्रिकोणीय एकदिवसीय सीरीज में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई और इस ऑफ स्पिनर ने कहा कि उनकी सफलता में गेंदबाजी कोच अविष्कार साल्वी की अहम भूमिका रही। साल्वी ने पिच को काफी अच्छी तरह पढ़ा और स्नेह को कम गति से गेंदबाजी करने की सलाह दी जो उनके काफी काम आई।

बल्लेबाजी की अनुकूल पिचों पर स्नेह गेंद की गति में विविधता लाई जो काफी महत्वपूर्ण साबित हुई। उन्होंने सीरीज में 15 विकेट चटकाए और कई देशों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की कैथरीन फिट्जपैट्रिक के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड की बराबरी की। स्नेह ने कहा, ''मैंने हमारे गेंदबाजी कोच अविष्कार सर से बात की। उन्होंने हमें बताया कि वहां किस तरह की गेंदबाजी कामयाब रहेगी।''

उन्होंने कहा, ''गेंद बल्ले पर काफी अच्छी तरह आ रही थी इसलिए हमें धीमी और फुल लेंथ की गेंद फेंकने की सलाह दी गई।'' इस ऑफ स्पिनर ने कहा, ''मैं बेहद खुश हूं, मुझे खुशी है कि मुझे इतने लंबे समय बाद राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने का मौका मिला। इस जर्सी को दोबारा पहनकर काफी अच्छा महसूस हो रहा है।'' श्रीलंका में सपाट पिचें थी और एक मैच में तो 600 से अधिक रन बने लेकिन स्नेह ने अपनी सटीक गेंदबाजी से बल्लेबाजों पर दबदबा बनाया।

स्नेह ने महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय सीरीज में सर्वाधिक विकेट के नूशीन अल खादीर और न्यूजीलैंड की राशेल पुलर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 2002 में 12 विकेट चटकाए थे। स्नेह ने कहा, ''जीत की लय हासिल करना हमेशा अच्छा होता है। इस तरह की परिस्थितियों में दबाव में प्रदर्शन करने से आपको अतिरिक्त आत्मविश्वास और अनुभव मिलता है।'' उन्होंने कहा, ''और निजी तौर पर इतने लंबे समय के बाद अपने देश के लिए प्रदर्शन करना और सीरीज की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने से मुझे काफी मदद मिली।'' स्नेह को 2025 महिला प्रीमियर लीग की खिलाड़ियों की नीलामी में किसी टीम ने नहीं चुना और बाद में उन्हें भारतीय टीम में चोटिल श्रेयंका पाटिल के विकल्प के तौर पर जगह मिली। श्रीलंका में शानदार प्रदर्शन के बाद स्नेह इस साल स्वदेश में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की दावेदारों में शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## आईएलटी20 का चौथा सत्र दो दिसंबर से

**एजेंसी, दुबई।** डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग (आईएलटी20) का चौथा सत्र दो दिसंबर से शुरू होगा। आयोजकों ने बुधवार को इसकी घोषणा की। यह लीग चार जनवरी 2026 तक चलेगी।




आम तौर पर यह टूर्नामेंट जनवरी फरवरी में खेला जाता है, लेकिन अगले साल फरवरी मार्च में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप होना है। पिछले सत्र में दुबई कैपिटल्स ने डेजर्ट वाइपर्स को हराकर खिताब जीता था। अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष और आईएलटी20 के चेयरमैन खालिद अल जरूनी ने कहा,''हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी20 का चौथा सत्र यूएई के राष्ट्रीय दिवस ईद अल एतिहाद से शुरू होगा।' पिछले सत्र में सैम कुरेन, शाइ होप, फजलहक फारूकी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, डेविड वॉर्नर और राशिद खान समेत कई सितारा खिलाड़ियों ने भाग लिया था। (अनंत ज्ञान)

## हॉकी एशिया कप बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से 7 सितंबर के बीच खेला जाएगा

# पाकिस्तान का राजगीर में एशिया कप हॉकी खेलना मुश्किल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



हॉकी इंडिया सरकार के परामर्श का इंतजार कर रहा है, लेकिन पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच इस साल हीरो एशिया कप हॉकी में पाकिस्तान का भाग लेना मुश्किल लग रहा है। एशिया कप बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर के बीच खेला जाएगा। मेजबान भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपे को इसमें भाग लेना है। यह अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने पीटीआई से कहा,''अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा लेकिन हम सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे, जैसा पहले भी होता आया है।'' उन्होंने कहा,''अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। पहलगाम में क्रूर आतंकवादी हमले और आपरेशन सिंदूर के बाद अभी कुछ कहना मुश्किल है।''उन्होंने कहा,''अभी टूर्नामेंट में तीन महीने का समय है, लेकिन हम सरकार की सलाह का पालन करेंगे। इसमें कोई दोराय नहीं है।'' पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले में 26 भारतीयों की मौत हो गई थी जिसमें अधिकांश पर्यटक थे। इसके बाद से भारत सरकार ने सभी पाकिस्तानियों को देश छोड़कर जाने के आदेश दिए।

वहीं, भारत ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर आपरेशन सिंदूर के जरिये मिसाइल हमले किए। पाकिस्तान ने जवाब में ड्रोन और मिसाइल हमले किए जिन्हें भारत की शानदार वायु रक्षा प्रणाली ने नाकाम कर दिया। भारत ने पाकिस्तान के कई प्रमुख शहरों में सैन्य ठिकानों और वायु रक्षा प्रणाली को नेस्तनाबूद कर दिया। दोनों देश दस मई को युद्धविराम पर राजी हो गए जब पाकिस्तान के सैन्य अभियान के महानिदेशक ने भारत के डीजीएमओ से संपर्क किया। महासंघ के एक सूत्र ने कहा,''अगर सरकार मंजूरी नहीं देती है तो पाकिस्तानी टीम यहां नहीं आएगी। यह सब सरकार के उस समय के रूख पर निर्भर करता है।'' (अनंत ज्ञान)

### पाक को मंजूरी नहीं मिली तो 7 टीमों के साथ होगा टूर्नामेंट

**अगर** पाकिस्तान को भारत आने की मंजूरी नहीं मिलती है तो टूर्नामेंट सात टीमों के साथ होगा या एक नई टीम को बुलाया जाएगा। यह फैसला एशियाई हॉकी महासंघ लेगा। एक अधिकारी ने बताया,''अभी यह कहना मुश्किल है कि नई टीम कौन सी होगी या यह सात टीमों के साथ ही होगा। एशियाई हॉकी महासंघ इस पर फैसला लेगा।'' पाकिस्तान हॉकी टीम ने पिछली बार लखनऊ में 2016 जूनियर विश्व कप नहीं खेला था जो पठानकोट आतंकवादी हमले के कुछ महीने बाद ही हुआ था। उसकी जगह मलेशिया को शामिल किया गया था। मौजूदा हालात में पाकिस्तान का 28 नवंबर से दस दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप में खेलना भी मुश्किल है। एशिया कप अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप का क्वालीफायर टूर्नामेंट भी है।

## कोहली के बिना नीरस होता टेस्ट क्रिकेट: माइकल वॉन

**एजेंसी, लंदन।** टेस्ट क्रिकेट से विराट कोहली के अचानक संन्यास लेने से स्तब्ध इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट के लिये उतना किसी और खिलाड़ी ने नहीं किया जितना भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने। कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने अपने कैरियर में 123 टेस्ट में 30 शतक समेत 46.85 की औसत से 9230 रन बनाए।



वॉन ने 'द टेलिग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा,''टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वालों में बहुत कम ही ऐसे हैं जिनके जाने से मैं वाकई दुखी हुआ हूं कि अब इसे दोबारा खेलते देखने का मौका नहीं मिलेगा। मैं दुखी हूं कि अब विराट कोहली को इंग्लैंड दौरे पर या आगे सफेद जर्सी में नहीं देख सकेंगे।'' उन्होंने लिखा,''मैं स्तब्ध हूं कि वह अभी संन्यास ले रहा है और दुखी भी हूं। मुझे नहीं लगता कि टेस्ट प्रारूप के लिये किसी और बल्लेबाज ने इतना किया है जितना कोहली ने।'' भारत के सफलतम टेस्ट कप्तान कोहली की कप्तानी में भारत ने 68 में से 40 टेस्ट जीते। वॉन ने कहा कि कोहली ने पारंपरिक प्रारूप से लोगों को फिर प्यार करना सिखाया और उनके बिना यह प्रारूप बहुत नीरस होता। (अनंत ज्ञान)